आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 9 | खेल/मनोरंजन/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, रविवार 9 जुलाई 2023, कृष्ण पक्ष षष्ठी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-12 अंक- 141 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

लंबी लंबी छोड़ने के मामले में तो लालू जी का कोई मुकाबला ही नहीं कर सकता। जो विपक्षी गठबंधन अभी तक सही ढंग से आकार नहीं ले पाया है उसके बारे में उन्होंने दावा कर दिया है। कि हम सब मिलकर तीन सौ से ज्यादा सीटें जीतेंगे और केन्द्र से भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकेगें। गनीमत है कि उन्होंने यह नहीं कहा कि विपक्षी गठबंधन पांच सौ से ज्यादा सीटें जीतेगा। बहरहाल लालू के दावे पर सटीक बैठता है ये शेर- सब को मामूल है जन्नत की हकीकत लेकिन ऐ गालिब दिल को बहलाने के लिए यह ख्याल अच्छा है।

खेतों में पहुंचे राहुल, बुआई की, ट्रैक्टर भी चलाया

चंडीगढ़ (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार सुबह अचानक हरियाणा के सोनीपत में रुके। यहां उन्होंने किसानों के साथ खेतों में धान की रोपाई की। उन्होंने ट्रैक्टर चलाकर खेत की जुताई भी की। इस दौरान किसानों और खेत मजदूरों के साथ खेती-किसानी पर बातचीत भी की। राहुल ने किसानों के साथ ही बैठकर नाश्ता भी किया। राहुल गांधी दिल्ली से शिमला जा रहे थे। वे जीटी रोड पर कुंडली बॉर्डर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किसी को नहीं थी रुकने की सूचना

राहुल के सोनीपत खेत में रुकने का पता चलते ही बरोदा से कांग्रेस विधायक इंदूराज नरवाल और गोहाना के विधायक जगबीर मलिक भी वहां पहुंचे। नरवाल ने कहा कि उनके पास राहुल के आने की सूचना नहीं थी, लेकिन जैसे ही ग्रामीणों से उनको इस बारे में पता चला तो वे मिलने पहुंच गए। गोहाना से कांग्रेस विधायक जगबीर मलिक ने कहा कि इलाके का सौभाग्य है कि राहुल गांधी यहां पहुंचे हैं। वह यह देख रहे हैं कि एक गांवों में खेती का क्या तरीका है। किसान किस तरीके से धान लगाता है। इसमें उन्हें क्या परेशानियां आ रही हैं।

ट्रक की सवारी फिर गए गैरेज

राहुल गांधी का अचानक हरियाणा में इस तरह से चौंकाने वाला फैसला पहली बार नहीं है। एक महीने पहले भी वह दिल्ली से शिमला जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने अंबाला में काफिला रुकवाया। यहां से वे एक ट्रक में सवार होकर चंडीगढ़ तक गए। इस दौरान राहुल गांधी ने रास्ते में ट्रक ड्राइवर से बात की। वहीं 15 दिन पहले वे दिल्ली के एक बाइक गैरेज में पहुंच गए। जहां उन्होंने बाइक रिपेयरिंग का काम देखा व सीखा।

जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप, भाजपा उन्हीं के साथ गठबंधन करती है : सीएम बघेल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विपक्षी दलों पर हमले के बाद सीएम भूपेश बघेल ने पलटवार किया है। सीएम बघेल ने रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार को कई मुद्दों पर घेरा। उन्होंने कहा, केंद्र ने छग को एक भी पैसा नहीं दिया, लेकिन चुनावी भाषण जरूर देकर गए हैं। इसके साथ ही सीएम बघेल ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी प्रधानमंत्री मोदी को घेरा। सीएम ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने रायपुर में भाजपा की रैली में बहुत जोर-शोर से भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया था। पीएम भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की बात जरूर करते हैं, लेकिन जिनके ऊपर भ्रष्?टाचार के आरोप हैं, भाजपा उन्हीं के साथ गठबंधन करती है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मेडिकल कॉलेज भवन के लोकार्पण में वर्चुअल जुड़े : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को अपने निवास कार्यालय से वीसी के जरिए अंबिकापुर के गांधी स्टेडियम ग्राउण्ड में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री निवास में डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव और नगरीय प्रशासन मंत्री शिवकुमार डहरिया भी शामिल हुए। इन्हें अंबिकापुर जाना था, लेकिन मौसम खराब होने के कारण जाना रद्द करना पड़ा। वहां संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, आदितेश्वर सिंहदेव और अन्य जनप्रतिनिधी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सीएम ने 374 करोड़ 8 लाख रुपए की लागत से बने राजमाता देवेन्द्र कुमारी सिंह गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज भवन और माता राजमोहिनी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।

हमारे कार्यकाल में 8 नए गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज

सीएम ने कहा कि हम नागरिकों तक केवल सुविधा नहीं पहुंचाना चाहते, बल्कि अत्याधुनिक और गुणवत्तापूर्ण सुविधाओं की पहुंच भी सुनिश्चित करना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य है कि हम चिकित्सा और शिक्षा की इतनी मजबूत अधोसंरचना का निर्माण करें कि छत्तीसगढ़ की पहचान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो। हमारे कार्यकाल में राज्य में 8 नये शासकीय मेडिकल कॉलेज खोलने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। इनमें से 04 खोले जा चुके हैं, 04 और प्रक्रिया में है। हमने विकासखंड से लेकर जिला मुख्यालय तक अपने सभी सरकारी अस्पतालों को सुविधाओं से लैस किया है। डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की कमी को दूर करते हुए उनकी तैनाती की है।

कांग्रेस का मतलब लूट की दुकान, झूठ का बाजार : मोदी

बीकानेर (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बीकानेर के नौरंगदेसर गांव में कहा- यहां की बात देश में कही भी सुने मुंह में पानी आ जाता है। यहां के रसगुल्ले की मिठास पूरी दुनिया में फेमस है। मुझे सावन के महीने में आने का सौभाग्य मिला है। इंद्रदेव का आशीर्वाद हम पर बना हुआ है। यह पावन धरा मां करणी की धरती है। सांख्य दर्शन के प्रणेता भगवान कपिल की तपोभूमि है। उन्होंने सभा में कहा- यहां मौजूद भीड़ का उत्साह बताता है कि राजस्थान में मौसम का पारा ही नहीं चढ़ा है, बल्कि कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनता का पारा भी चढ़ चुका है। जब जनता का पारा चढ़ता है तो सत्ता की गर्मी चढ़ते और उतरते भी वक्त नहीं

लगता है। मोदी ने कहा- हम दिल्ली से योजनाओं का पैसा भेजते हैं, यहां कांग्रेस का पंजा झपट्टा मार देता है। कांग्रेस सरकार ने चार साल में राजस्थान का बहुत नुकसान किया है और ये बात कांग्रेस के नेता भी अच्छी तरह जानते हैं। मुझे पता चला है कि कुछ मंत्री-विधायक तो अभी से अपने सरकारी बंगले खाली करके अपने खुद के घरों में शिफ्ट होने लगे हैं। अपनी हार पर इतना भरोसा सिर्फ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सड़क हादसे में चार की मौत, पांच घायल

आदिलाबाद (वार्ता)। तेलंगाना के आदिलाबाद जिले के गुडीहतनूर मंडल के कालागंडी गांव में शनिवार सुबह एक अज्ञात वाहन के ऑटोरिक्शा से टकरा जाने से चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और अन्य पांच घायल हो गए। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के समय ऑटोरिक्शा शांतिनगर से 10 यात्रियों को लेकर इचोदा से आदिलाबाद जा रहा था। घायल पीड़ितों को चिकित्सा उपचार के लिए तुरंत आदिलाबाद के रिम्स अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

तालाब में डूबने से पांच बच्चों की मौत

रायबरेली (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले के गदागंज इलाके में शनिवार सुबह पांच बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गयी।

पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि बांसी रिहायक गांव निवासी आठ बच्चे तालाब में नहाने गए थे। तालाब गहरा व उसकी मिट्टी दलदली होने के कारण सभी बच?चे डूबने लगे। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़ पड़े। किसी तरह तीन बच्चों को बचा लिया गया लेकिन पांच बच्चों की डूबने से मौत हो गई। इस घटना में रितु पुत्री जीतू, सोनम पुत्री सोनू, अमित पुत्र सोनू, वैशाली पुत्री विक्रम, रूपाली पुत्री विक्रम तालाब में डूबने से मौत हो गई। सभी मृतको की उम्र सात से 12 वर्ष के बीच की बताई जा रही है। घटना के दौरान बच्चों के परिजन अपने अपने कार्यों में व्यस्त थे।

ट्रेनों के एसी चेयर कार का किराया 25 फीसदी तक घटेगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। रेलवे बोर्ड ने वंदे भारत समेत ट्रेनों के एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव क्लास में सफर करने वालों को बड़ी राहत देने की बात कही है। बोर्ड ने कहा है कि वंदे भारत सहित सभी ट्रेनों के एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव क्लास के किराए में 25 प्रतिशत तक की कटौती की जाएगी। रेलवे बोर्ड ने जोनों से उन ट्रेनों में रियायती किराया योजना शुरू करने को कहा है जिनमें पिछले 30 दिनों में यात्रियों की संख्या 50 प्रतिशत से कम रही है। रेलवे बोर्ड ने एक आदेश में कहा है कि वंदे भारत, अनुभूति व विस्टाडोम बोगियों वाली सभी ट्रेन में एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव श्रेणी के किराये में यात्रियों की संख्या के आधार पर 25 फीसदी तक की कटौती की जाएगी। आदेश के अनुसार, किराये में रियायत परिवहन के प्रतिस्पर्धी माध्यमों के किराये पर भी निर्भर करेगी। रेल सेवाओं के अधिकतम इस्तेमाल को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने रेलवे के अलग-अलग मंडलों के प्रधान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आदित्य ठाकरे का दावा, सीएम शिंदे से मांगा गया इस्तीफा

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में सियासी उठापटक के बीच हर दिन कुछ नया देखने को जरूर मिल रहा है। एनसीपी नेता अजीत पवार की बगावत के बाद राज्य की सियासत में उठापटक का दौर जारी है। इसी बीच अब यूबीटी के नेता आदित्य ठाकरे ने सीएम एकनाथ को लेकर बड़ा दावा किया है कि शिंदे से सीएम पद से इस्तीफ ा देने को कहा गया है। आदित्य ठाकरे का बयान उस समय आया है जब यह माना जा रहा है कि एनसीपी के नेता अजीत पवार के महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने से शिंदे खेमे में हलचल है उन्हें लग रहा है कि बीजेपी की तरफ से उन्हें दरकिनार करने की कोशिश की जाएगी। इस तरह की खबरें मीड़िया में भी सामने आई हैं। आदित्य ठाकरे ने कहा कि 'मैनें सुना है कि सीएम (एकनाथ शिंदे) को इस्तीफा देने के लिए कहा गया है और इस वजह से महाराष्ट्र सरकार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केजरीवाल ने व्यक्तिगत काम के लिए सैकड़ों भर्तियां की : भाजपा

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी(आप) के मुखिया एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर शनिवार को आरोप लगाया कि उन्होंने पार्टी और व्यक्तिगत काम के लिए सैकड़ों लोगों की भर्ती की और सरकारी खजाने से उनका खजाना भरा। भाजपा सांसद एवं प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी और दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा,

भारतीय राजनीति में कट्टर ईमानदार के नित नए किरदार उभर कर सामने आ रहे हैं। पहले शराब के कारोबार में उनका किरदार दिखा, फिर बिजली के व्यापार में और उसके ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एशियाई खेलों में महिला और पुरुष टीम भेजेगी बीसीसीआई

मुंबई (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने चीन के हांग्झोउ में सितंबर में होने वाले एशियाई खेलों के लिये महिला और पुरुष टीम भेजने का निर्णय लिया है। बोर्ड ने शीर्ष परिषद की बैठक के बाद शनिवार को इसकी घोषणा की। बीसीसीआई की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि विश्व कप 2023 में हिस्सा न लेने वाले खिलाड़ी एशिया कप के लिये चुने जा सकेंगे। एशिया कप का आयोजन 23 सितंबर से आठ अक्टूबर के बीच होना है, जबकि विश्व कप पांच अक्टूबर को शुरू हो जायेगा। इस बीच, बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा कि बोर्ड संन्यास ले चुके खिलाड़ियों सहित सभी भारतीय क्रिकेटरों के लिये अन्य टी20 लीगों में भाग ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बंगाल पंचायत चुनाव में हिंसा, 15 की मौत

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की 73,887 ग्राम पंचायत सीटों में से 64,874 पर मतदान खत्म हो गया है। बाकी 9,013 सीटों पर उम्मीदवारों को निर्विरोध चुन लिया गया था। निर्विरोध चुने जाने वाले उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा 8,874 तृणमूल कांग्रेस से हैं। 3 बजे तक 51 प्रतिशत मतदान हुआ है। खत्म होने के बाद का आंकड़ा अभी तक नहीं आया है। चुनाव के नतीजे 11 जुलाई को आएंगे। सेंट्रल फ ोर्सेस की तैनाती के बाद भी अलग-अलग इलाकों से हिंसा की खबरें आईं।

कई इलाकों से बूथ लूटने, बैलेट पेपर फाड़ने, बैलेट पेपर में आग लगाने की घटनाएं देखी गईं। कूच बिहार के माथभंगा-1 ब्लॉक के हजराहाट गांव में एक युवक बैलेट बॉक्स लेकर भाग गया। साउथ 24 परगना के भांगड़ ब्लॉक के जमीरगाछी में इंडियन सेक्यूलर फ्रंट (आईएसएफ) और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। यहां गांव के लोगों ने बताया कि टीएमसी के लोग थैले में भरकर बम लाए थे। टीएमसी कार्यकर्ता गांव के लोगों को डराकर वोट डलवा रहे थे। उन्होंने इतने बम फेंके कि 2 घंटे तक पोलिंग रुकी रही। कुछ बम मीडियो वालों की तरफ भी फेंके। फिलहाल यहां सेंट्रल फोर्स तैनात है। पिछले 24 घंटों में चुनावी हिंसा में छह जिलों में 15 लोगों के मरने की खबर है। मरने वालों में आठ टीएमसी कार्यकर्ता, तीन सीपीआई कार्यकर्ता, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अमेरिका में भारतीय दूतावास पर हमले की जांच करेगी एनआईए

जालंधर (एजेंसी)। अमेरिका में भारतीय दूतावास में पिछले दिनों हमला कर लगाई गई आग की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) करेगी। भारत से राष्ट्रीय जांच एजेंसी के 5 सदस्यों की टीम अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में जांच के लिए जाएगी। सूत्रों के हवाले से पता चला है कि एजेंसी के सदस्यों को अमेरिका में भेजने की सारी कागजी कार्रवाई पूरी हो चुकी है और टीम 17 जुलाई को रवाना हो सकती है।

खालिस्तानी समर्थकों ने आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के कनाडा में मारे जाने के विरोध में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय दूतावास में 1 जुलाई की रात को हमला कर आग लगा दी थी। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ था, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पंचक के साए में सावन का पहला सोमवार

हिंदू धर्म में सावन मास को पवित्र महीना माना जाता है। इस पूरे माह भगवान शिव की पूजा करने का विधान है। सावन मास में पड़ने वाला हर सोमवार भी खास माना जाता है। इस दिन शिव जी की पूजा करने से विशेष फलों की प्राप्ति होती है। इस बार सावन के पहले सोमवार को पंचक का साया है। जानिए सावन का पहला सोमवार कब है। इसके साथ ही मुहूर्त और महत्व।

सावन का पहला सोमवार 2023 कब?

हिंदू पंचांग के अनुसार, श्रावण मास 4 जुलाई 2023 से आरंभ हो गया था, जो 31 अगस्त को समाप्त हो रहा है। इस मास अधिक मास होने के कारण सावन मास पूरे 59 दिन का होगा। इसके साथ ही पूरे 8 सावन सोमवार पड़ रहे हैं। बता दें कि सावन का पहला सोमवार 10 जुलाई 2023 को पड़ रहा है। वहीं आखिरी सावन सोमवार 28 अगस्त 2023 को पड़ रहा है।

सावन के पहले सोमवार में पंचक का साया

सावन मास के पहले सोमवार में पंचक का साया रहेगा। दरअसल, 6 जुलाई 2023 को दोपहर 01 बजकर 38 मिनट से पंचक शुरू हुए थे, जो 10 जुलाई, सोमवार को शाम 6 बजकर 59 मिनट पर समाप्त हो रहे हैं। ऐसे में पूरे दिन पंचक का साया रहेगा। ज्योतिषचार्यों के अनुसार, ये पंचक गुरुवार के दिन से शुरू होने के कारण हानिकारक नहीं है। इसलिए बिना किसी असंजस के पूजा-अर्चना कर सकते है।

सावन के पहले सोमवार का शुभ मुहूर्त

सावन सोमवार के दिन भगवान शिव की पूजा करने के साथ अभिषेक करना अच्छा माना जाता है। इसके साथ ही रुद्राभिषेक करने से हर समस्या दूर हो जाती है। सावन के पहले को सुबह के साथ-साथ शाम के समय पूजा करना लाभकारी हो सकता है। इस दिन शिव पूजा का शुभ मुहूर्त शाम को 5 बजकर 38 मिनट से 7 बजकर 22 मिनट तक है।

आप सही विधि से चढ़ाते हैं शिवलिंग में जल? भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए जानें सही तरीका

- सावन सोमवार 2023 की तिथियां
- सावन का पहला सोमवार: 10 जुलाई
- सावन का दूसरा सोमवार: 17 जुलाई
- सावन का तीसरा सोमवार: 24 जुलाई
- सावन का चौथा सोमवार: 31 जुलाई
- सावन का पांचवा सोमवार: 07 अगस्त
- सावन का छठा सोमवार:14 अगस्त
- सावन का सातवां सोमवार: 21 अगस्त
- सावन का आठवां सोमवार: 28 अगस्त

सावन सोमवार का महत्व

इस साल सावन मास का विशेष महत्व है। क्योंकि इस बार अधिक मास के कारण सावन माह पूरे 2 मास का है। जहां सावन मास में भगवान शिव की पूजा की जाती है। वहीं, अधिक मास भगवान विष्णु से संबंधित है। ऐसे में सावन में दोनों देवताओं का पूजा करने का फल प्राप्त होगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जिन लोगों की शादी होने में किसी न किसी तरह की अड़चन आ रही है, तो सावन सोमवार का व्रत रखना लाभकारी सिद्ध हो सकता है। इसके साथ ही वैवाहिक जीवन में खुशियां ही खुशियां आती है।

सावन के पहले सोमवार को शिवलिंग में चढ़ाएं ये खास चीज

शिव-पार्वती की होगी कृपा कभी नहीं होगी धन की कमी

भगवान शिव का अत्यंत प्रिय माह सावन माह चल रहा है। सावन माह के हर एक सोमवार का विशेष महत्व है, जिसे सावन सोमवार कहा जाता है। इस साल के सावन सोमवार काफी खास है, क्योंकि अधिक मास होने के कारण पूरे 8 पड़ रहे हैं। ऐसे में भगवान शिव की पूजा के लिए अधिक दिन मिलेंगे।

सावन सोमवार के दिन भगवान शिव को विशेष पूजा करने का विधान है। इसके साथ ही भक्तगण भगवान शिव को जल, दूध, शहद, भस्म, बेलपत्र, आक के फूल, धतूरा जैसी कई शुभ चीजें अर्पित करती है। शिव पुराण के अनुसार, भगवान शिव को जल चढ़ाने से वह जल्द प्रसन्न होते हैं। ऐसे में उन्हें जल चढ़ाते समय उपाय करने से वह जल्द प्रसन्न होते हैं।

दो पात्र से चढ़ाएं शिवलिंग में जल

शिव पुराण के अनुसार, सावन माह में भगवान शिव के ऊपर काफी भार बढ़ जाता है। ऐसे में में मां पार्वती के साथ मां गंगा दोनों भार संभालती है। इसलिए सावन सोमवार के दिन कांसे, तांबे या फिर चांदी के दो लोटे में जल भर लें। अगर दो लोटे नहीं है, तो आप एक पात्र के ऊपर कटोरी भी रख सकते हैं। लेकिन दो पात्र होना जरूरी है। इसके बाद दोनों से एक साथ शिवलिंग में जल अर्पित करें। माना जाता है कि ऐसा करने से भगवान शिव अति प्रसन्न होते हैं और अपने भक्त की हर समस्या को हर लेते हैं और धन-धान्य, खुशहाली, सौभाग्य का आशीर्वाद देते हैं।

जल में मिलाएं गन्ने का रस

अगर किसी व्यक्ति की कोई मनोकामना है, तो सावन सोमवार के दिन एक लोटा जल में कुछ बूंदे गन्ने के रस की डाल लें। इसके बाद शिव मंदिर जाकर शिवलिंग के सामने उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठ जाएं। इसके बाद धीरे-धीरे जल अर्पित करें और 'ऊं नमः शिवाय' मंत्र का जाप करें और अंत में दोनों हाथों को जोड़कर अपनी मनोकामना कह दें। माना जाता है कि ऐसा करने से भगवान शिव अति प्रसन्न होते हैं और व्यक्ति की मनचाही मुराद पूरी कर देते हैं।

क्या आप सही विधि से चढ़ाते हैं शिवलिंग में जल?

भगवान शिव का प्रिय माह सावन चल रहा है। इस साल अधिक मास होने के कारण सावन मास पूरे दो माह पड़ रही है। सावन मास के दौरान भक्तगण भगवान शिव की विधिवत पूजा करने के साथ-साथ अभिषेक करते हैं। आमतौर पर भगवान शिव को जल चढ़ाने के लिए बिल्कुल उनके शीश में चढ़ाते हैं। ज्योतिषों के अनुसार, यह तरीका बिल्कुल सही तरीका नहीं है। जानिए भगवान शिव को किस तरह चढ़ाएं जल। कहा जाता है कि भगवान शिव को जल अति प्रिय है। उन्हें जल चढ़ाने मात्र से वह प्रसन्न हो जाते हैं और अपने भक्तों की हर एक मनोकामना को पूरा कर देते हैं। जानिए प्रसिद्ध पंडित जगन्नाथ गुरुजी से कैसे शिवलिंग में चढ़ाएं जल।

खड़े होकर शिवलिंग में चढ़ाएं जल?

जगन्नाथ गुरु जी के अनुसार, शिवलिंग में जल चढ़ाते समय इस बात का ध्यान रखें कि आपका मुख किस ओर है। कभी भी पूर्व दिशा की ओर मुख करके जल नहीं चढ़ाना चाहिए, क्योंकि यह दिशा भगवान शिव का मुख्य प्रवेश द्वार है। ऐसे में इस दिशा में मुख करके जल चढ़ाने से रास्ते में अवरोध आता है। इसलिए हमेशा उत्तर दिशा की ओर मुख करके ही जल चढ़ाना चाहिए। क्योंकि इस दिशा को भगवान शिव का बाया अंग माना जाता है, जो मां पार्वती को समर्पित है।

इस विधि से शिवलिंग में चढ़ाएं जल

- शिव पुराण के अनुसार, भगवान शिव को जल चढ़ाते समय कुछ नियमों का ध्यान जरूर रखना चाहिए। इसलिए कभी भी जल चढ़ाते समय तेज दारा न अर्पित करें, बल्कि धीरे-धीरे चढ़ाएं और शिव मंत्र का जाप करते रहें।

- तांबे, कांसे या फिर चांदी के पात्र में जल लेकर सबसे पहले जलहरी के दाईं ओर चढ़ाएं, जो गणेश जी का स्थान माना जाता है। जल चढ़ाते समय गणेश मंत्र को बोले।

विचार

सेहत को मिलेंगे ढेरों फायदे

टमाटर हर इंडियन किचन का अनिवार्य हिस्सा है. इसके बिना सब्जी, सलाद अधूरी है. भारत में टमाटर की कीमतें 100-120 रुपये प्रति किलो से भी ऊपर पहुंच गई हैं. ऐसे में जो लोग टमाटर को खाना पसंद करते हैं, उनरी जेब पर टमाटर भारी पड़ सकते हैं. अगर आप भी उन लोगों में से हैं जो टमाटर खाना पसंद करते हैं लेकिन बढ़े हुए दामों के कारण खरीदने के बारे में सोचना पड़ रहा है? फेमस शेफ संजीव कपूर ने टमाटर के कुछ अल्टरनेटिव्स बताए हैं जिन्हें आप टमाटर की जगह खाना बनाने में शामिल कर सकते हैं. इनसे आपको ढेरों फायदे भी मिलेंगे. कई लोगों को कद्दू पसंद नहीं होता लेकिन वह विटामिन-मिनरल्स से भरपूर होता है. बीटा कैरोटीन के अलावा, कद्दू में विटामिन सी, विटामिन ई, आयरन और फोलेट भी पाया जाता है. ये सभी आपकी इम्यूनिटी को मजबूत करते हैं. कद्दू टमाटर की जगह प्रयोग में लाया जाने वाला सबसे अच्छा विकल्प है. उसे प्यूरी के रूप में भी उपयोग कर सकते हैं. कच्चू के छोटे पीस काटकर भून लें और फिर टमाटर जैसा तीखापन लाने के लिए उसमें सिरका और लाल रंग लाने के लिए भुनी हुई/कच्ची लाल शिमला मिर्च डालें और उसे पीस लें. टमाटर जैसी प्यूरी हाजिर है। इमली मैग्नीशियम और कैल्शियम का काफी अच्छा सोर्स है. ये दो मिनरल्स का कॉम्बिनेशन ऑस्टियोपोरोसिस और हड्डी के फ्रैक्चर को रोकने में मदद कर सकते हैं. कैल्शियम का उपयोग करने के लिए शरीर को विटामिन डी की आवश्यकता होती है जो धूप से ले सकते हैं. रोजाना दही खाने का फायदा यह है कि यह कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करने, हाई ब्लड प्रेशर को कम करने और वजन कम करने में भी मदद करता है. एक्सपर्ट के मुताबिक यह प्री-बायोटिक्स का सबसे अच्छा ऑपशंस होता है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मुझे याद है पिछला सावन देखो

मुझे याद है पिछला सावन देखो कैसा था मनभावन कितने सच्चे दोस्त थे दोनों रिश्ते जो थे इतने पावन। फिर अबके बरसात हुई है मगर नहीं आया वो सावन साथ भले ही खड़े हैं दोनों दृश्य नहीं लेकिन मनभावन।

जे डी कुदाल

घन नभ गरजत, रिमझिम बरसत

घन नभ गरजत, रिमझिम बरसत, अनुपम छवियुत, सब हरित धरा।

तरुवर विकसत, खग-मृग हरषत, हर नद सरवर, पय दिखत भरा। ऋतु अति मनहर, सब विधि सुखकर, तृषित अधर जन, दुख सकल हरा। चपल तड़ित द्युति, चमकत नभ पर, पिय बिनु सखि हिय, नित रहत डरा।।

डॉ. बिपिन पाण्डेय

खास पाती | वक्त की तेज रफ़्तार इतिहास

वक्त की तेज रफ़्तार इतिहास के भीगे रेत अपने कदमो के न जाने कितने निशान छोड़ जाता है। इन निशानियों में से कुछ वक्त की आंधियों के साथ हमेशा के लिए मिट जाते है कुछ एक धुंधली सी यादें एवं परछाई बनकर जिन्दा रहती है। लेकिन कुछ निशान जूझते रहते है इन आँधियों से कभी न मिटने, इस खूबसूरत रुपहली स्वप्निल दुनिया में ताजगी का एहसास लिए? **डॉ दुलारी चन्द्राकर**

धरा को जब भी नभ तक देखता

धरा को जब भी नभ तक देखता हूँ, तेरी तस्वीर तब तक देखता हूँ। किनारों को न अपनाता कोई भी, दरे-मंझधार सब तक देखता हूँ । पहाड़ों की सफाई में लगी वह, पहाड़ों को मैं अब तक देखता हूँ। मिलन की मय का मैं भी हूँ शराबी, हमेशा तेरे लब तक देखता हूँ। खुदा को भूल जाता हूँ मैं दानी,तेरी आंखों में जब तक देखता हूँ। **डॉ संजय दानी**

राहे उल्फत में जब कदम रखना

राहे उल्फ़त में जब कदम रखना। शर्त कोई भी मत सनम रखना। ज़िन्दगी में तो ग़म भी आयेंगे। ठोकरों पर ही सारे गम रखना। कोई मुश्किल ना हावी हो जाए हौसला इतना भी न कम रखना। बाद थकने के अच्छा लगता है। तेरे शानों पे सर सनम रखना। जब भी कोई मिले,अदब से मिले खुद को इस दर्ज़ा मोहतरम रखना जो सुने वो मुरीद हो जाए। अपने लफ़्ज़ों में इतना दम रखना। दुख में सुख में सदा चमकती हैं। हम ने सीखा है आंखें नम रखना। उम्र भर बा वफ़ा रहेगा वो। अब इनायत यही भरम रखना।

शोभा किरण

जो बदला जा सके उसे बदलिये

जो बदला जा सके उसे बदलिये। जो बदला ना जा सके उसे स्वीकारिये। जो स्वीकारा न जा सके उससे दूर हो जाइये। लेकिन खुद को खुश रखिये। क्योंकि वह भी एक बड़ी जिम्मेदारी है.. आपका दिन शुभ एवं मंगलमय हो।

कमलकांत डोंगरे

माँ आँखों के पानी जैसी लगती



माँ आँखों के पानी जैसी लगती कुछ-कुछ नानी जैसी खुद को कहती अनपढ़ लेकिन बातें करती ज्ञानी जैसी सौ टाँकों की साड़ी पहने फिर भी लगती रानी जैसी रिश्तों के कोल्हू से जुतकर दिन भर फिरती घानी जैसी। गौ, कुक्कुर या चींटी, चिड़िया सबकी खातिर दानी जैसी चौपाई यों मधुरिम गाए कोयल की ही बानी जैसी शिव जैसे पीती कड़वाहट फिर भी है गुड़धानी जैसी।

आशा पांडे ओझा

चाँद भी होता है गोल जो अनगिनत

चाँद भी होता है गोल जो अनगिनत तारों का प्रेमी है सूरज भी होता है गोल जो हर दम धरा को करता है साराबोर पानी की बूँदें भी होती है गोल जो नवजीवन से सृष्टि को करती है अंकुरित आंखों की पुतलियों के गोल में चाहे अनचाहे भाव छुपे होते हैं मेरी गोल गुलाबी बिंदी में बसा हुआ है सौदर्य का अतिरेक मानो वह बिंदी नहीं पूरे ब्रह्मांड का विस्तार उसमें भरी हुई है संस्कृति और वह प्रतीक है मेरी सम्मान और स्वाभिमान का बिंदी में एक नहीं कई भाव छुपे हुए हैं प्रेम का प्रतीक बनके यह बिंदी उभरती है कभी करती निज समर्पण अनगिनत साँसें समाई हैं इस बिंदी में। **सरिता सैल**

आज का इतिहास

1816: अर्जेंटिना ने स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की। 1819: सिलाई मशीन के अविष्कारक एलायस हाउ का जन्म। 1875: बंबई स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना। 1925: भारतीय सिनेमा के सबसे सशक्त अभिनेताओं एवं बेहतरीन निदेशकों में शुमार गुरुदत्त का जन्म। 1938: अपने सशक्त अभिनय से हिंदी सिनेमा को समृद्ध बनाने वाले अभिनेता संजीव कुमार का जन्म। 1951: देश में पहली पंचवर्षीय योजना (1951-56) को प्रकाशित किया गया। 1969: वन्यजीव बोर्ड ने शेर को देश का राष्ट्रीय पशु घोषित किया। 1973 में शेर के स्थान पर बाघ को राष्ट्रीय पशु घोषित किया गया। 1973: ब्रिटेन के 300 साल पुराने उपनिवेश बहामास में ब्रिटिश साम्राज्य का सूर्य अस्त हुआ। 1982: तमाम सुरक्षा प्रणालियों को गच्चा देकर माइकल फागन नाम का एक शख्स ब्रिटेन की महारानी एलिज़ाबेथ के शयनकक्ष तक पहुंच गया। 1991: दक्षिण अफ्रीका को ओलंपिक खेलों में दोबारा हिस्सा लेने की अनुमति मिली। 2002: 'आर्गेनाइजेशन आफ़ अफ़्रीकन यूनिटी' का नाम बदलकर 'अफ्रीकन यूनियन' किया गया।

आज का पंचांग (रविवार 9 जुलाई)

सूर्योदय: 05:42, सूर्यास्त: 07:20, चन्द्रोदय:23:19, चन्द्रास्त:10:33, अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु: वर्षा, शक सम्वत:1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत: ?? 2080 (पिंगल), मास श्रावण, पक्ष कृष्ण, तिथि सप्तमी, नक्षत्र उत्तराभाद्रपद, योग सौभाग्य (17:23 से शोभन), प्रथम करण गर (11:00 तक), द्वितीय करण वणिज (21:51 तक),

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य मिथुन, चंद्र मीन (14:57 से), मंगल सिंह (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध कर्क (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र सिंह (उदित, पश्चिम), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु मेष, केतु तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:54 से 12:50, अमृत काल 13:09 से 14:38, रवियोग 20:36 से 05:22, विजय मुहूर्त 14:42 से 15:38, गोधूलि मुहूर्त 19:20 से 19:40, सायाह्न सन्ध्या 19:22 से 20:22, निशिता मुहूर्त 00:02 से 00:42, राहुकाल 16:30 से 18:00, राहुवास पूर्व, यमगण्ड 14:07 से 15:52, होमाहुति गुरु, दिशाशूल पूर्व, नक्षत्र शूल दक्षिण (20:36 तक), अग्निवास आकाश, भद्रावास मृत्यु (21:51 से), चन्द्र वास पश्चिम (उत्तर 14:58 से), शिववास भोजन में (21:51 से श्मशान में)।

॥ दिन का चौघड़िया ॥

1- काल, 2-शुभ, 3-रोग, 4-उद्वेग, 5-चर, 6-लाभ, 7-अमृत, 8-काल

॥ रात्रि का चौघड़िया॥

1 - लाभ, 2 - उद्वेग, 3 - शुभ, 4 - अमृत, 5 - चर, 6 - रोग, 7 - काल, 8 - लाभ।

नोट- दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशा

उत्तर-पश्चिम (वाय विन्डिंग अथवा तिल मिश्रित चावल का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम उत्तराभाद्रपद नक्षत्र के प्रथम , द्वितीय , तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (दू, थ , झ, ञ) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

मिथुन - 03:50 से 06:05
कर्क - 06:05 से 08:27
सिंह - 08:27 से 10:46
कन्या - 10:46 से 13:04
तुला - 13:04 से 15:24
वृश्चिक - 15:24 से 17:44
धनु - 17:44 से 19:47
मकर - 19:47 से 21:28
कुम्भ - 21:28 से 22:54
मीन - 22:54 से 00:18
मेष - 00:18 से 01:52
वृषभ - 01:52 से 03:46

QUIZ TIME

1) वह महासागर कौन-सा है जिसके तल का क्षेत्र सर्वाधिक है?

2) जीवद्रव्य शब्द का पहली बार प्रयोग किसने किया था?

3) किसने विश्व बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप (150-अप) खिताब जीता है?

4) दिल्ली विश्वविद्यालय सेलिब्रेटिंग 100 ग्लोरियस इयर्स नामक पुस्तक के लेखक कौन है?

5) भारतीय चित्रकार और मूर्तिकार का नाम बताइए जिनका हाल ही में निधन हो गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) प्रशांत महासागर (2) पुर्किंजे (3) पंकज आडवाणी (4) [illegible] (5) [illegible]

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-आज का दिन आप आनंद मनोरंजन में बितायेंगे। पूर्व में किये गए प्रयास आज सफल होने से मानसिक शांति मिलेगी।

वृष-आज का दिन आपके लिए सफलता देने वाला रहेगा। कार्य क्षेत्र पर आज कम।समय देंगे फिर भी जितना समय देंगे वह आपके अनुकूल रहेगा।

मिथुन-आज के आप शांति से दिन बिताने की योजना बनाएंगे लेकिन पूरे दिन घरेलु कार्यो में फंसे रहेंगे।

कर्क-आपका आज का दिन भी स्वास्थ्य के लिए हानिकर रहेगा। मौसमी बीमारियों का प्रकोप रहने से शरीर शिथिल रहेगा।

सिंह-आज का दिन कार्य क्षेत्र पर कुछ ज्यादा करने के लिये नही रहेगा फिर भी मध्याह्न का समय महत्त्वपूर्ण निर्णय लेने वाला रहेगा।

कन्या-आपका आज का दिन अत्यन्त खर्चीला रहेगा। आज पारिवारिक आवश्यकताओ की पूर्ति करते-करते धन कम पड़ जाएगा।

तुला-आज का दिन भी आपके लिए अधिक परिश्रम वाला रहेगा। घरेलु कार्यो एवं व्यवसाय के बीच आज तालमेल बैठाना परेशानी भरा रहेगा।

वृश्चिक-आज के दिन भी मन में दुविधा रहेगी। आज मन में संदिग्ध विचार आएंगे।

धनु-आपका आज का दिन लाभदायक रहने वाला है। दिन के आरम्भ में सेहत में उतार-चढ़ाव आ सकते है।

मकर-आज के दिन का अधिकांश समय मिला जुला फल देगा। आर्थिक एवं पारिवारिक कारणों से संतोष रहेगा।

कुंभ- आज का दिन आप के मन के अनुरूप रहेगा। आज दिखावे आडंबर पर अधिक खर्च करेंगे।

मीन-आज का दिन भी आपको अशुभ फलदायक रहेगा। दिन के आरंभ में ही कुछ न कुछ उल्टा होने की भनक लग जायेगी।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -119

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पंक्ति 2. लज्जा, अथवा 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. वार्ता, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 23. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भस्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाली 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. ती का पांचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 118 का हल

स्कूल और यात्री बसों में लगेंगे जीपीएस और पैनिक बटन

आपातकालीन स्थिति में पैनिक बटन से पुलिस सहायता मिलेगी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में यात्री बसों में महिलाओं एवं स्कूल बसों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए पैनिक बटन लगाने की तैयारी है। पैनिक बटन लगने से बस में किसी प्रकार की दुर्घटना, छेड़छाड़ होने पर पैनिक बटन दबाने से तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना मिल जाएगी। इसके साथ ही बसों का लोकेशन, स्पीड आदि का भी पता चलता रहेगा। इससे चालकों की मनमानी पर रोक लगने के साथ हादसे की आशंका भी कम हो जाएगी। जीपीएस सिस्टम का कंट्रोल रूम डायल 112 के कार्यालय में बनाया गया है। परिवहन विभाग छत्तीसगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस व्यवस्था के शुरू होने से जनता को किसी तरह के खतरे तथा अनहोनी से निपटने में काफ ी सहूलियत होगी। वर्तमान में प्रदेश में कुल 12 हजार बसें संचालित हो रही हैं, जो अलग-अलग रूट से प्रदेश के कोने-कोने तक जा रही हैं। इसी तरह राज्य में लगभग 6000 स्कूल बस भी संचालित है। बसों में पैनिक बटन और जीपीएस के लगने से बसों की पल-पल की जानकारी मिलेगी। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नवीन व्यवस्था के तहत स्कूल बस के रूट में भी मैप रहेगा ताकि स्कूल बस यदि

बच्चों को लेकर निर्धारित रूट के अलावा कहीं जाये तो ऑटोमैटिक अलर्ट आ जाये। इसके लिए कंट्रोल रूम में शिफ्ट के हिसाब से चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी जो लगातार सभी बस को मॉनिटर करते रहेंगे और इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस विभाग को सूचित करेंगे।

> प्रदेश में चलने वाली निजी बसों में जीपीएस सिस्टम और पैनिक बटन लगाने का निर्णय लिया गया है। इससे बस की पल-पल की जानकारी मिल सकेगी।
> **-दीपांशु काबरा,** आयुक्त, परिवहन विभाग, छत्तीसगढ़।

ऐसे काम करेगा पैनिक बटन

पैनिक बटन लगने से दुर्घटना या कोई समस्या होने पर बस में सवार यात्री पैनिक बटन को दबाएंगे। बटन के दबते ही पुलिस कंट्रोल रूम व परिवहन कंट्रोल रूम को जानकारी मिलेगी और नजदीकी पुलिस थाने के कर्मचारी तुरंत बस तक पहुंचकर यात्रियों की मदद करेंगे। दिल्ली में हुए निर्भया प्रकरण के बाद से ही केंद्र सरकार ने महिला सुरक्षा की दिशा में कदम उठाने के लिये निर्देश दिए थे ताकि इस तरह के प्रकरण की पुनरावृत्ति न हो। इसी के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में निर्भया फण्ड के अंतर्गत सभी यात्री वाहनों को ट्रैक करने के लिए यात्री वाहनों में जीपीएस लगा कर व्हीकल ट्रैकिंग प्लेटफार्म के माध्यम से ट्रैकिंग करने का निर्णय लिया गया। व्हीकल ट्रैकिंग सॉफ्टवेर को चिप्स के माध्यम से बनाया गया है और समस्त गाड़ी के लाइव ट्रैकिंग देखने और त्वरित कार्यवाही करने के लिए सिविल लाइंस रायपुर में स्थित डायल 112 भवन में ही कमांड और कंट्रोल सेंटर भी बनाया गया है ।

जानिए क्या है जीपीएस

ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम यानी जीपीएस एक ऐसा उपकरण है, जिसे अगर गाड़ी में फिट कर दिया जाए तो एक निर्धारित सर्वर पर गाड़ी का लोकेशन पता लगाया जा सकता है। जीपीएस सिस्टम लगने से आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगेगा। बसों के सही रूट की जानकारी मिल सकेगी। महिला और बच्चों के सुरक्षा के लिए राज्य के सभी स्कूल बस और यात्री बस को पैनिक बटन सुसज्जित जीपीएस के माध्यम से मॉनिटर किया जायेगा। इसके लिए निर्भया कमांड सेंटर बन कर तैयार हो चुका है।

कांग्रेस बोली, पीएम है घोटालेबाजों के संरक्षक

5 राज्यों में 50 लाख करोड़ का घोटाला : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। पीएम मोदी की रायपुर में चुनावी सभा के बाद से ही छत्तीसगढ़ कांग्रेस लगातार बीजेपी पर निशाना साध रही है। भ्रष्टाचार पर पीएम मोदी के बयान के बाद कांग्रेस ने पलटवार करते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।

पीएम पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में बीजेपी भ्रष्टाचारियों की संरक्षण कर रही है। पहले विपक्षी दल के नेताओं को केंद्रीय एजेंसियां भेजकर धमकाया जाता है। उनके खिलाफ ईडी की कार्यवाही करवाई जाती है, जैसे ही वे नेता बीजेपी में शामिल हो जाते हैं, उनके दामन पाक साफ हो जाता है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में आकर कहा कि कोई भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा, लेकिन मोदी पिछले नौ सालों में घोटालेबाजों के राष्ट्रीय संरक्षणकर्ता हैं। भाजपाशासित राज्यों में

घोटाले पर घोटाले हुए मोदी जी मौन हैं। भ्रष्टाचारियों को छोड़ूंगा नहीं, लेकिन भाजपा शासित राज्यों में 50 लाख करोड़ से अधिक का घोटाला हुआ है। प्रधानमंत्री उसकी जांच से डर रहे मित्र अडानी के घोटाले पर मौन है। उसके बारे में सारा देश बोल रहा प्रधानमंत्री नहीं बोल रहा। भाजपा लीडर लॉन्ड्रिंग मशीन बन गयी है, ईडी मनी लॉन्ड्रिंग की जांच की नौटंकी कर भाजपा की लीडर लॉन्ड्रिंग में लोगों को लाती है। भाजपा में शामिल होते ही आरोपी नेताओं के दाग धुल जाते हैं। पत्रकार वार्ता में प्रदेश महामंत्री प्रशासन रवि घोष, महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेन्द्र छाबड़ा, प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र वर्मा, वंदना राजपूत उपस्थित थे।

भाजपा शासित इन राज्यों में घोटाले

मध्यप्रदेश: 1. व्यापमं घोटाला - सीबीआई जांच हुई। कार्यवाही नहीं।
2. हजारों करोड़ का ई टेंडरिंग घोटाला- ईओडब्ल्यू में प्रकरण दर्ज। कार्यवाही नहीं की। 3. पोषण आहार घोटाला - सीएजी. रिपोर्ट में उजागर। कोई कार्यवाही नहीं। 4. 540 करोड़ का शौचालय घोटाला - 4.5 लाख शौचालय कागजों मात्र पर। कोई जांच नहीं। 5. नर्मदा किनारे वृक्षारोपण घोटाला - ईओडब्ल्यू. में प्रकरण दर्ज। लंबित। 6. अवैध रेत पर घोटाला - डम्पर कांड। जांच रोका है। 7. महाकाल कारिडोर घोटाला - भगवान महाकाल तक को नहीं छोड़ा गया।

गुजरात: 6000 करोड़ का कोयला घोटाला, 2008 से 2022 के बीच 60 लाख टन कोयला गायब होने का आरोप। केवल सीआईडी जांच। कार्यवाही नहीं किया।

हरियाणा: 1. रोहतक के भाजपा सांसद अरविन्द शर्मा ने ही रोहतक जिले में मिशन अमृत अंतर्गत प्राप्त 400 करोड़ में हुई धांधली का आरोप लगाया था। 30 मार्च 2022 को। जांच नहीं किया। 2. सी.एम. खट्टर के प्रिंसिपल ओ.एस.डी. नीरज दफ्तुआर पर लैंड डील को लेकर गंभीर आरोप लगाये गये है। आरोपों को देखते हुये प्रिन्सपल ओ.एस.डी. ने अक्टूबर 2022 में पद से इस्तीफा दे दिया था। जांच नहीं किया। 3. कुरूक्षेत्र के ज्योतिसर थीम पार्क के निर्माण में अनेक गंभीर अनियमिततओं एवं करोड़ो के भ्रष्टाचार होने के आरोप लगे थे। (2020 में) जांच नहीं किया। 4. हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती में विभिन्न पदों के लिये 20 लाख से 50 लाख रिश्वत के आरोप थे। लोक सेवा आयोग के उप-सचिव अनिल नागर ने स्वयं विजिलेंस विभाग को यह जानकारी दी है। (वर्ष 2016 के बाद की नीतियों में) कोई कार्यवाही नहीं।

उत्तर प्रदेश: 1. कोरोना किट की खरीदी - 65 जिलों की 1 लाख पंचायतों में कोविड के दौरान कोरोना किट खरीदने में करोड़ों का भ्रष्टाचार हुआ। ऑक्सीमीटर, थर्मामीटर, सैनिटाइजर एवं मास्क की खरीदी बाजार दर से 3 से 5 गुना अधिक दरों पर खरीदी गयी। 2. 2200 करोड़ का प्रोविडेन्ट फंड घोटाला - उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यू.पी.पी.सी.एल.) के चेयरमैन के कर्मचारियों के पीएफ की राशि मुम्बई की एक प्राइवेट कंपनी दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में फिक्स डिपॉजिट में जमा कर दी (2019) विजिलेंस की जांच हुई। 3. बरेली का चिटफंड घोटाला - चिटफंड कंपनी डायमन्ड इन्फ्रालेंड डेवलपर्स नाम की कंपनी ने 5000 लोगो के 300 करोड़ की जमा राशि लेकर फरार हो गयी। एफआईआर भी हुई। (2020)

रमन राज में छत्तीसगढ़ में घोटाला

रमन राज के 15 साल में छत्तीसगढ़ में 1 लाख करोड़ का घोटाला हुआ, नान घोटाला, चिटफंड घोटाला, शराब घोटाला, पनाम पेपर्स घोटाला, गौशाला अनुदान घोटाला, इंदिरा बैंक घोटाला जैसे घोटाले जिसमें सीधे मनी लॉन्ड्रिंग हुई थी, उसकी ईडी से जांच क्यों नहीं करवाते? हमने रमन सिंह के शासनकाल के 34 घोटालों की सूची सार्वजनिक किया था उस पर प्रधानमंत्री मौन थे।

बीजेपी की घोषणा पत्र समिति में बृजमोहन, मूणत, चंद्राकर नहीं...

- वरिष्ठता, अनुभव और भरोसे की अनदेखी पर गरमाएगी बीजेपी की सियासत

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने बीजेपी की घोषणा पत्र समिति का गठन कर लिया है। लेकिन इस समिति में यूं तो 31 पार्टी संगठन के नेताओं और पदाधिकारियों को स्थान दिया गया है पर लिस्ट से वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर और पूर्व मंत्री राजेश मूणत को नहीं रखा गया है। इस चौंकाने वाली बीजेपी की चुनाव घोषणा समिति के संयोजक से लेकर सदस्यों तक में जिनके नाम है उनमे से सिर्फ आधा दर्जन से कुछ ज्यादा को ही प्रदेश में लोग जानते होंगे। इसके उलट जिन्हें पार्टी का फ ायर ब्रांड नेता, संकटमोचक और एक वक्त में बीजेपी का प्रेजेंट फेस माना जाता था उन तीन बड़े नामों को समिति में स्थान ही नहीं मिलना जिरह का मुद्दा है। शनिवार देर शाम चुनावी घोषणा पत्र समिति में नामित सदस्यों और संयोजकों के नामों की सूची बीजेपी प्रदेश कार्यालय से जारी कर दी गई है। समिति में कुल 31 नामों का आदेश पत्र जारी किया है। सांसद विजय बघेल को समिति का संयोजक बनाया गया। ऐसे में लिस्ट में उन्हें भी जगह और जिम्मेदारी मिली है जो इन तीनों की बराबरी नहीं करते, फि र भी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव की नजरे इनायत नहीं होने से विरोधी खेमे तक में चर्चा है। बता दें पिछले विधानसभा चुनाव में पार्टी की शिकस्त के बाद शुरू हुई गुटबाजी से जो किरकिरी हुई उसेके बाद से ही पार्टी के आला औहदेदारों ने एक सिरे से दूसरी और तीसरी पंक्ति को तैयार करने के संकेत दे दिए थे। संभवतयः एक झटके में ही अनुभव, वरिष्ठता और नेम-फेम को दरकिनार करते हुए ज्यादातर फ्रेश पर एतबार करने का कोई तो ख़ास कारण है। कयास तो यह भी लगाया जा रहा है कि अनदेखी का कहीं पार्टी को खामियाजा न उठाना पड़े।

रीपा से ग्रामीण महिलाएं हो रहीं आत्मनिर्भर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) योजना से गांवों में ग्रामीणों को रोजगार व स्व-रोजगार के अवसर मिलने लगे हैं। महिलाएं आत्मनिर्भरता की राह में अग्रसर हो रही हैं। गांवों को उत्पादन का केन्द्र और ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई यह योजना अब ग्रामीण परिदृश्य में एक सकारात्मक बदलाव लाने लगी है।

ग्रामीणजन रीपा के माध्यम से अपनी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में बदलाव के लिए पूरे मनोयोग से जुट गए हैं। गरियाबंद ज़िले के फिंगेश्वर ब्लॉक में ग्राम पंचायत श्यामनगर स्थित रीपा में सिलाई यूनिट की स्थापना की गई है। यूनिट की स्थापना से लगभग 50 ग्रामीणों को रोज़गार मिला है, साथ ही यहां कार्यरत् महिलाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग ने आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए 14 हजार यूनिफ ार्म सिलाई का आर्डर दिया है। रीपा में समूह के सदस्यों द्वारा हथकरघा, अगरबत्ती निर्माण, धोबी का भी कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने, लघु एवं कुटीर उद्योग स्थापित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) योजना प्रारंभ किया गया है। राज्य सरकार द्वारा छोटे-छोटे उद्योग धंधों के लिए रीपा में पानी, बिजली, जमीन जैसी सभी जरूरी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। रीपा के माध्यम से गांव के लोगों को जरूरी वस्तुएं आस-पास उपलब्ध हो रही हैं, जिसके कारण अब उन्हें दूर शहरों की ओर नहीं जाना पड़ता। उत्पादों की अच्छी गुणवत्ता के कारण आसपास के शहर-गांवों से सप्लाई के आर्डर मिलने प्रारंभ हो गए हैं। व्यवसायिक गतिविधियों को रीपा के साथ जोड़कर संरक्षित करने के साथ ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। इससे स्थानीय स्तर पर विभिन्न गतिविधियां संचालित होने से लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार भी प्राप्त हो रहे हैं। वही पारंपरिक गतिविधियों के संचालन से ग्रामीणों के आयसंवर्धन में भी महती भूमिका निभा रही है।

यूपी का गांजा तस्कर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। गांजा तस्करी करते अंतरराज्यीय तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित किशन देव यादव निवासी ग्राम समौडा थाना दुबौलिया जिला बस्ती उत्तर प्रदेश को पकड़ा गया है। उसके पास से सात किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। आरोपित जगदलपुर से गांजा लाकर उप्र जा रहा था। उसके खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। शुक्रवार को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गोलबाजार क्षेत्रांतर्गत सीएमओ आफिस के पीछे दाई कोरा बिल्डिंग के पास एक व्यक्ति गांजा लेकर जाने की फि राक में है। इसके बाद बाद पुलिस ने मुखबिर द्वारा बताए हुलिए के व्यक्ति की पतासाजी कर उसे पकड़ा।

सिर कुचलकर दिव्यांग की हत्या, आरोपी फरार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में किसी ने एक अधेड़ दिव्यांग की हत्या कर दी है। इसकी लाश सड़क के किनारे खुली जगह पर फेंककर हत्यारा फ रार हो गया। 7 जुलाई को हुए इस कांड में अब पुलिस ने फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स से मिली जानकारी के बाद हत्या का केस दर्ज किया है। सबसे पहले पुलिस के पास लाश मिलने की खबर आई, शुरुआती जांच में अब साफ हुआ है कि ये मामला हत्या का है। ये घटना मुजगहन थाना क्षेत्र में आने वाले कमल विहार सब्जी मंडी की है। यहां पुलिस को करीब 45 से 50 साल के शख्स का शव मिला है। इसकी जान लेने वाले पत्थर से सिर और चेहरे को कुचल दिया। मृतक के पास से कोई डॉक्यूमेंट भी नहीं मिला, उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस अब आस-पास के इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है। हत्यारे या उससे जुड़े सबूत तलाशे जा रहे हैं। शव की जांच में पता चला कि मरने वाले का एक पैर कमजोर था, किसी हादसे में उसकी कलाई भी कट चुकी थी। जानकारी के मुताबिक, कमल विहार के गेट के पास झाड़ियों में लाश मिली है। पास ही रहने वाली एक महिला ने बताया कि रात में हमने अधेड़ को देखा। महिला ने पुलिस को बताया कि वो दिव्यांग था, कलाई कटी हुई थी। सड़क किनारे वो किसी आदमी के साथ शराब पी रहा था। सुबह उसकी लाश मिली।

स्वास्थ्यकर्मियों की 'हड़ताल' पर 'आप' ने प्रदेश सरकार को घेरा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेशभर के स्वास्थ्यकर्मी हड़ताल पर हैं जिसके कारण अस्पतालों से लगातार अव्यवस्था की खबरें सामने आ रही है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने बताया कि आज प्रदेश के जिले में 'आप' के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने कई जिलों में स्वास्थ्यकर्मियों के हड़ताल को अपना समर्थन दिए। साथ ही स्वास्थ्य कर्मचारियों से मुलाकात भी की। उन्होंने कहा, हड़ताल की वजह से अस्पताल में मरीजों की मुश्किलें बढ़ गई है। स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति बदहाल होती जा रही है।

मौसमी बीमारी एवं अन्य गंभीर मरीजों को दो-चार होना पड़ रहा है। हुपेंडी ने कहा, स्वास्थ्य कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को सरकार के सामने रख रहे हैं, बावजूद इसके कोई सुनवाई नहीं हुई। सरकार के इस उदासीन रवैये का खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ेगा। मांगे पूरी करने की बात छोड़िए कर्मचारियों से बात करना भी सरकार मुनासिब नहीं समझ रही है। मुख्यमंत्री और सरकार चुनावी प्रचार में जुटी हुई है। उन्होंने कहा, साढ़े चार साल बाद भी भूपेश सरकार कर्मचारियों के साथ धोखा और वादाखिलाफ ी कर रही है। हुपेंडी ने कहा कि साल 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार ने पूरा करने का वादा किया था, लेकिन साढ़े 4 साल से ज्यादा का समय होने के बावजूद उनकी एक भी मांग पूरी नहीं की गई। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर वादाखिलाफ ी का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मचारियों को अपने हक के लिए धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है, जो अन्याय है। इनकी मांगे जायज हैं। ऐसे में सरकार तत्काल प्रभाव से उन्हें पूरा करे। जिससे स्वास्थ्यकर्मी अपने काम पर वापस लौट सकें।

भागदौड़ भरी जिंदगी से महिला-पुरुषों में कम हुई फर्टिलिटी

स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. चंचल शर्मा ने बताए फर्टिलिटी कमजोर होने के पांच प्रमुख कारण

रायपुर/नवप्रदेश। शादी के बाद बच्चे की चाहत हर महिला के दिल में होती है लेकिन कई बार बहुत प्रयास करने के बाद भी प्रेगनेंट होने में दिक्कत आती है तो ऐसे में महिला को यह जानने की जरुरत है की आखिर महिलाओं की फ र्टिलिटी क्यों प्रभावित हो रही है? महिलाओं की फ र्टिलिटी कमजोर हो रही है यह एक चिंता का विषय है जो आजकल विश्वभर में बहुत चर्चा का विषय बन गया है। महिलाओं के जीवन में फर्टिलिटी, यानी गर्भाधान क्षमता जो एक महत्वपूर्ण अंग है। हालांकि, कई शोध दर्शाते है कि एक महिला की बच्चों को जन्म देने की औसत संख्या 2.2 से घटकर सीधा 2.0 पर आ गई है। 2.1 टोटल फ र्टिलिटी रेट को प्रतिस्थापन दर के तौर पर देख सकते हैं। आशा आयुर्वेदा क्लिनिक की स्त्री

रोग विशेषज्ञ डॉ. चंचल शर्मा के मुताबिक महिलाओं के शरीर में हर पड़ाव पर हार्मोन्स का उतार-चढ़ाव देखने को मिलता है। हर अवस्था में हार्मोन का स्तर प्रभावित होता है। किसी स्थितियों में हार्मोन्स का स्तर बढ़ता है, तो कुछ स्थितियों में हार्मोन्स का स्तर कम भी होता है।

इसके अलावा डॉ. चंचल बताती है कि आजकल की भागदौड़ ने महिला और पुरुष दोनों की फर्टिलिटी को बुरी तरह प्रभावित किया है। खराब लाइफ स्टाइल, अनहेल्दी खान-पान समेत कई आदतें लोगों की फ र्टिलिटी को बर्बाद कर रही हैं। अधिकतर लोगों को पता भी नहीं होता कि वे जिन आदतों को डेली रूटीन में अपना रहे हैं, उनसे फिजिकल और मेंटल हेल्थ के साथ रिप्रोडक्टिव हेल्थ भी बुरी तरह बिगड़ रही है। फ र्टिलिटी को लेकर लोगों को अलर्ट होने की जरूरत है, वरना उनका माता-पिता बनने के सपने में मुश्किल आ सकती है।

फर्टिलिटी कमजोर होने की 5 प्रमुख वजह

- पहला की हमारी लाइफ स्टाइल का रिप्रोडक्टिव हेल्थ और फर्टिलिटी पर गहरा असर होता है। अनहेल्दी लाइफस्टाइल लोगों की फर्टिलिटी तेजी से कमजोर कर रही है।
- दूसरी की हमारे खान-पान की गलत आदतें जैसे जंक फूड और पोषक तत्वों की कमी वाले पदार्थ जो फर्टिलिटी के दुश्मन हैं।
- तीसरा तनाव यानी अत्यधिक तनाव लेने से आपकी रिप्रोडक्टिव हेल्थ पर बहुत बुरा असर पड़ता है।
- बिना फिजिकल एक्टिविटी वाला रूटीन फ र्टिलिटी के लिए खतरनाक हो सकता है।
- आखिर में स्मोकिंग करने और शराब का सेवन करनी रिप्रोडक्टिव हेल्थ के लिए घातक हो सकती हैं।

विधायक आशीष छाबड़ा ने दिखाई पौध वितरण वाहन को हरी झंडी

बेमेतरा/नवप्रदेश। पूरे छत्तीसगढ़ सहित जिलें को भी हरा-भरा करने की कवायद जारी हैं। विधायक आशीष छाबड़ा एवं कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने उप मंडल परिसर में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पौधा तुंहर द्वार योजना के तहत पौध वितरण के लिए वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लोगों को स्वच्छ पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका श्रीमती शकुंतला साहू, वनमंडलाधिकारी दुर्ग शशिकुमार, उप वनमंडलाधिकारी व्हीएच दुबे, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित वन विभाग अधिकारी-कर्मचारी प्रधान मौजूद थे। विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि वृक्षारोपण के लिए लोगों को अधिक से अधिक प्रेरित करने के लिए वन विभाग ने 'पौधा तुंहर द्वार' योजना की शुरुआत की हैं। इसमें लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनके घर तक निःशुल्क पौधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था हैं। वन विभाग ने चालू वर्ष में 'पौधा तुंहर द्वार' कार्यक्रम के तहत आज से पौध वितरण की शुरुआत की हैं। इसके तहत लोगों के दरवाजे तक फ्री में पौधा मुहैया कराया जाएगा। कलेक्टर पीएस एल्मा ने आम जन से अपने घर के आसपास सुरक्षित ज़मीन पर फलदार व छायादार पेड़ लगाने की अपील की, ताकि आसपास का पर्यावरण वातावरण स्वच्छ अच्छा रहें। वनमंडलाधिकारी शशिकुमार ने बताया कि ज़िले में पौधा तुहर दुआर 2023 योजना में आज 6 जुलाई से 5 अगस्त 2023 तक वाहन द्वारा प्रति शनिवार और रविवार को विभिन्न प्रजातिओं बांस, कटहल, महुआ, अर्जुन (कहुआ), जामुन, अमरूद, करंज, बहेड़ा, नीम, आंवला, कचनार, इमली, कुसुम, सीताफल व अन्य प्रजातियों के पौधे निःशुल्क प्रदान किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि 'पौधा तुंहर द्वार' कार्यक्रम के तहत पौधा पाँच माध्यम के ज़रिए निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। पहला माध्यम हेल्पलाइन नंबर 0788-2327531, दूसरा क्यू आर कोर्ड स्कैन कर, तीसरा वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर फ्री में प्राप्त कर सकते हैं। इसी तरह चौथा जरिया अपने क्षेत्र की नर्सरी प्रभारी को कॉल कर ले सकते हैं। साजा-बेमतरा और धनगांव नर्सरी 7489-273551 हैं। निःशुल्क पौधा प्राप्त करने का पाँचवा और अंतिम जरिया पौधा वितरण वाहन द्वारा हैं। उन्होंने बताया कि जिलें में 50 हज़ार पौधा वितरण किया जाएगा। उन्होंने आमजन जिनके पास ख़ाली और पौधा लगाने की जमीन हैं उनसे लाभ उठाने की अपील की हैं। इसके साथ उन्होंने यह भी बताया कि वृक्षारोपण कार्य को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2021 से मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना लागू की गई हैं। इसमें ज़िले के सभी नागरिक निजी भूमि की उपलब्धता के मुताबिक फायदा उठा सकते हैं। वहीं सभी ग्राम पंचायतों और संयुक्त वन प्रबंधन समितियां योजना का लाभ ले सकती हैं। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य में वृक्षारोपण को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करना हैं। साथ ही पर्यावरण में सुधार लाकर जलवायु परिवर्तन के विपरीत प्रभावों को कम करना हैं।

सत्य के लिए संघर्ष में देश राहुल गांधी के साथ : कुलबीर

राजनांदगांव। राहुल गांधी के संघर्ष में साथ देने के उद्देश्य से शहर और जिला ग्रामीण कांग्रेस के द्वारा निकाली गई। समर्थन रैली में प्रमुख रूप से शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, महापौर हेमा देशमुख, श्रीकिशन खंडेलवाल, मन्ना यादव, हरिनारायण धकेता, पंकज बांधव, कमलजीत सिंह पिंटू, रमेश डाकलिया, मदन साहू, ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, घनश्याम देवांगन, विकास त्रिपाठी, राजू खान, नासिर जिंदरान, अमित चंद्रवंशी, फिरोज अंसारी, राजीव कुरियाकोश, हनी ग्रेवाल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, पार्षद पूर्णिमा नागदेवे, महेश साहू, मनीष साहू, सिद्धार्थ डोंगरे, झम्मन लाल देवांगन, हेमू सोनी, प्रतिमा बंजारे, रूबी गरचा, डा. आफताब आलम, रोशनी सिन्हा, मेहुल मारू, अशोक फड़णवीस, मोहिनी सिन्हा, संगीता साहू, बबलू कसार, शकील रिजवी, आफताब अहमद, गुरभेज सिंह मखीजा, आरबी मिश्रा, शरद खंडेलवाल, मुस्तफा जोया, नारायण सोनी, योगेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

कलेक्टर के निर्देश से चिकित्सा दल तैनात

कवर्धा/नवप्रदेश। पवित्र सावन माह का पदयात्रा 10 जुलाई से शुरू हो रहा है। कबीरधाम के पुरातत्व महत्व के प्राचीन मंदिर भोरमदेव बाबा में दूर-दराज से बड़े तदात में कावड़ियों का आगमन होता है। वही मध्यप्रदेश के अमरकंटक से भी जल लेकर यहां कावड़िया बड़ी संख्या में पदयात्री शामिल होते है। कावड़ियों की समुचित स्वास्थ्य सुविधा और उनके ठहरने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था भी बनाई जा रही है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं कवर्धा के विधायक श्री मोहम्मद अकबर के मंशानुरूप श्रावण मास में जलाभिषेक करने वाले कावड़ियों के लिये चिकित्सा स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, इसके लिए स्वाथ्य विभाग द्वारा जिले के अलग अलग स्थलों पर ड्यूटी लगाई गई है। कावड़ियों के पदयात्री मार्गो को विशेष ध्यान में रखते हुए जिले के अलग-अलग स्थानों पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। हनुमत खोल, डोंगरिया जालेश्वर महादेव, कवर्धा स्थित बुढामहादेव, भोरमदेव मंदिर समीप चिकित्सको की टीम तैनात रहेगी। इसके अतिरिक्त इस मार्ग में संचालित सभी स्वास्थ्य केंद्रों को स्वस्थ्य सुविधाओ के लिए अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर ने इस पूरे माह में मार्गो पर संचालित स्वस्थ्य केंद्रों में चिकित्सा टीम को तैनात रहने के निर्देश भी दिए है। साथ ही एसडीएम, जनपद पंचायत अधिकारियों को मार्ग में बने सामुदायिक भवनों में भी राहत शिविर के तौर पर व्यवस्था बनाने के लिए कहा है।

उल्लेखनीय है कि सावन माह में कांवड़िये बोल बम का जयघोष करते हुए अमरकंटक से जंगल अथवा पहाड़ियों के रास्ते हनुमंत खोल होते हुए ग्राम पोलमी से कुकदूर ग्राम पहुँचते है। पदयात्री कावड़ियों भक्तों के विश्राम के लिए कुकदूर विश्राम गृह परिसर के समीप विश्राम करने के लिए समुचित व्यस्था की गई है। वही पंडरिया खण्ड चिकित्सा अधिकारी श्री स्वप्निल तिवारी ने कावड़ियों के स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा सुविधा के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुकदुर के स्वास्थ्य कर्मचारियों की ड्यूटी हनुमत खोल में लगाई गई है।उन्होंने स्वास्थ्य भवनों का निरीक्षण भी किया है। कलेक्टर कब निर्देश पर श्रीमती मंजू वर्मा, ए.एन.एम., आर.एच.ओ. दिनेश मरावी, सतेंद्र कुमार और चंद्रपाल बर्मन की ड्यूटी हनुमत खोल में रहेगी। कुकदुर से डोंगरिया पहुंचने वाले कांवड़ियों के लिए चिकित्सा सुविधा जलेश्वर महादेव मंदिर ग्राम डोंगरिया में उपलब्ध रहेगा। यहां पर प्रातः 08 से दोपहर 02 बजे तक आरएचओ श्री संजीव कुमार साहू और दोपहर 02 से रात्रि 08 बजे तक आरएचओ श्री गंगाराम भारद्वाज उपलब्ध रहेंगे। कांवड़ियों को सुबह 08 से लेकर रात्रि 08 बजे तक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना के लिए आवेदन

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया हैं। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र अंतर्गत आटा चक्की, दाल मिल, मिनी राईस मिल, पोहा, सूजी, रवा, नमकीन मिठाई निर्माण, चिप्स, आचार, बड़ी, पापड़, मशाला उद्योग, गुड़ उद्योग, टूटी-फ्रूटी, जैम, जैली, मुरब्बा व दुग्ध आधारित उत्पाद इकाइयों की स्थापना करने के लिए पात्रतानुसार 35 प्रतिशत एवं अधिकतम 10 लाख रूपये तक का अनुदान उपलब्ध हैं। आवेदन हेतु आधार कार्ड, पेन कार्ड, अंकसूची, भूमि संबंधी दस्तावेज, बैंक पासबुक, बैंक स्टेटमेंट एवं फोटो सहित पीएमएफएमई के वेबसाइट में जाकर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता हैं।

पुलिस ने 19 पौवा देशी शराब किया बरामद

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। जिसके तहत 6 जुलाई को पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला क्षेत्र के ग्राम भिंभौरी दैहान के पास आमजगह में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया हैं। आरोपी मेघु पाटिल पिता परऊ पाटिल उम्र 40 साल साकिन भिंभौरी पुलिस चौकी कंडरका से कुल 19 पौवा देशी मसाला कीमती 2090 रूपये जब्त किया।

एनएसयूआई ने प्राचार्य से किया छात्रों की समस्याओं की शिकायत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी अंग्रेजी माध्यमिक स्कूल के अधीन संचालित हिंदी मीडियम स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं की लगातार मिल रही शिकायतों पर एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष अमन उजवने, ब्लॉक अध्यक्ष रमन साहू एवं उनकी टीम के द्वारा स्कूल के प्राचार्य से मुलाकात एवं स्कूल का निरीक्षण किया गया एवं प्राचार्य से विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। छात्र-छात्राओं को एडमिशन में हो रही परेशानी, क्लासों का नियमित लगना, कॉमर्स विषय में प्रवेश आरंभ करने आदि विषय पर बात की गई। प्राचार्य के द्वारा आश्वासन दिया गया कि सभी समस्याओं को तुरंत दूर किया जाएगा एवं किसी भी छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। जिसमें डाकेश्वर वर्मा, वैभव चौधरी, रूपेश मसीह, आकाश साहू, किशोर यादव, हिमांशु साहू, चंदन बांधे आदि उपस्थित रहे।

हलबा समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा विधानसभा के विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने हल्बा समाज उपगढ़ छिपली नगरी के सामाजिक भवन का भूमि पूजन किया प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल द्वारा सिहावा विधानसभा क्षेत्र में भेट मुलाकात के दौरान डॉ लक्ष्मी ध्रुव के नेतृत्व में सभी समाज जनों से मुलाकात किया तब समाज के लोगों द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष मांगे रखी जिसमें सामुदायिक भवन हेतु त्वरित 25 लाख की घोषणा किया गया डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने समाज जनों को संबोधित करते हुए कहा कि भूपेश बघेल की सरकार जब से आई है सभी समाज को विशेष महत्व दिया गया आज मेरे द्वारा यह भूमि पूजन किया गया इसके लिए मैं मुख्यमंत्री का आभारी हूं भूपेश बघेल किसान हितैषी सरकार है जब उन्होंने शपथ लिए उसके 2 घंटे के भीतर किसानों का कर्ज माफ किया गया धान खरीदी 2500 में शुरू किया गया अभी 2640 दिया जा रहा है।

आने वाले समय में 2800 में धान खरीदी किया जाएगा एवं 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदी किया जाएगा हमारे मुखिया छत्तीसगढ़ की संस्कृति को संजोकर रखे हैं हर त्यौहार को भव्यता से मनाया जा रहा है जो विलुप्त हो रहा था उसे नई गति प्रदान किया जा रहा है विधायक ने समाज को संदेश दिए हैं कि सेवा की भावना से काम करके ही सुखी रहा जा सकता है सामाजिक भवन निर्माण होने से समाज के युवक युवतियों को रोजगार हेतु प्रशिक्षण संबंधि व्यवस्था कराने की बात कही।

खनिज विभाग ने किया अवैध रेत परिवहन करती चार हाइवा जब्त

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा खनिज के अवैध खनन और परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा छुरा और राजिम विकासखंड में रेत के अवैध परिवहन पर संयुक्त कार्यवाही की गई। जिला खनिज अधिकारी फागुलाल नागेश ने बताया कि ठमकाडीह जिला धमतरी से रेत का अवैध परिवहन करते दो हाईवा और बिड़ौरा से रेत परिवहन कर रहे एक हाईवा को जप्त कर राजिम पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।इसी तरह कुटेना से खनिज रेत का अवैध परिवहन कर रहे एक हाईवा को जप्त कर पांडुका पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। इन पर छत्तीसगढ गौण खनिज नियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन करने वालो के खिलाफ आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी। श्री नागेश ने बताया कि इससे पूर्व सिंघोरी से पांच ट्रैक्टर, कुटेना से दो हाईवा, पितईबंद से तीन हाईवा, इस तरह 10 वाहनों पर जुर्माने की कार्यवाही की गई थी।

बोल बम के लिए रवाना हुए शिव भक्त कांवरियों का दल

भाटापारा/नवप्रदेश। सावन मास में बाबा बैजनाथ धाम के लिए शनिवार को नगर का एक और जत्था रवाना हुआ। इन कावरियों को ट्रेन में बैठाने काफी संख्या में भगवान शिव के शिष्य स्टेशन परिसर में उपस्थित थे।

शनिवार को शिव कावरिया संघ भाटापारा बलोदाबाजार से जुड़े 24 सदस्यों का एक जत्था बाबा धाम देवघर के लिए रवाना हुए ।इस यात्रा में शामिल प्रदीप अग्रवाल ने बताया की सभी कावरिया सुलतान गंज से गंगा जी का जल लेकर लगभग 120 किमी की दूरी तय कर बाबा बैजनाथ का जलाभिषेक करेंगे। उन्होंने बताया की करोना कॉल को छोड़कर उनके सदस्य गण प्रति वर्ष बाबा को जलाभिषेक करने जाते है।शनिवार को ट्रेन से रवाना हुए इस जत्थे में मुकेश अग्रवाल शिवाकांत मिश्रा ,दीपक केशरवानी धनजी भाई जोशी रविन्द्र जैन आदि कावरिया है।

दो आपदाग्रस्त परिवार को 8 लाख का चेक वितरण

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री एवं कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने आज शनिवार को कबीरधाम प्रवास के दौरान 02 विपत्तिग्रस्त परिवारों को 8 लाख रुपए का चेक वितरण किया। मंत्री श्री अकबर ने चेक वितरण करते हुए विपत्तिग्रस्त परिवारों के सदस्यों से कहा कि वह इस चेक को बैंक में जमा कर राशि प्राप्त कर सकते है। चेक वितरण करते समय मंत्री अकबर ने परिजनों से भेंट भी की और अपनी संवेदना प्रकट की। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को हर संभव सहायता के लिए आश्वस्त किया।

मंत्री अकबर ने बोड़ला विकासखंड के ग्राम पंचायत पंडरिया के तोलम सिंह मेरावी के परिजनों से भेट कर आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए का चेक वितरण किया। उन्होंने ग्राम हरीनछपरा में श्रीमती संगीता भारती पति स्व. भाव सिंह को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए का चेक वितरण किया। चेक वितरण के दौरान श्री होरी साहू सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि श्री मोहम्मद अकबर जब से विधायक और मंत्री बने है, तब से प्राकृतिक आपदा के सभी प्रकरणों पर तत्परात से कार्यवाही की जा रही और विपदाग्रस्त परिजनों, हितग्राहियों को आर्थिक सहायता राशि शीघ्रता से मिल रही है। जितने भी प्रकरण हुए है उनके विपत्तिग्रस्त परिवार के सदस्यों को कठनाईयों का सामना न करना पड़ें इसलिए वे खुद उनके घर पहुंचकर विपत्तिग्रस्त परिवार से भेंट मुलाकात कर उन्हे आर्थिक सहायता राशि की चेक प्रदान कर रहे है।

राजेंद्र तिवारी और देवेंद्र यादव ने बूथ कमेटी की ली बैठक

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा विधानसभा प्रभारी राजेंद्र तिवारी अध्यक्ष खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने बुथ चलो अभियान में कहा कि अगर लकड़ी का हत्था ना होता पेड़ न कटता कांग्रेश कभी हारती नहीं भाटापारा कांग्रेस का गढ़ है यहां कांग्रेस कभी हारती नही उसे कांग्रेस के विभीषण ही हराते है

शहर प्रभारी विधायक देवेंद्र यादव कहा आज अगर आपका विधायक होता तो आपको इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता इसलिए आपसी मतभेद भुलाकर केवल कांग्रेस को जिताने के लिए कार्य करें। प्रदेश प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने राजेन्द्र तिवारी एवं देवेंद्र यादव को प्रभारी बनाए जाने पर प्रदेह कांग्रेस कमेटी का आभार व्यक्त किया और सभी को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने की बात कही। विधान सभा प्रभारी राजेन्द्र तिवारी (अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग बोर्ड) द्वारा बुथ क्रमांक 144, 151, 152 एवं 190, 189, 188 में बैठक ली,वही शहर प्रभारी देवेंद्र यादव विधायक भिलाई* द्वारा बुथ क्रमांक 146, 150, 180, 181 में बैठक आयोजित की । इसके अलावा अन्य बूथों में भी बैठक का आयोजन किया गया और सरकार की योजनाओं को जनता तक ले जाने के निर्देश दिए गए राजेन्द्र तिवारी ने बुथ कमेटी के गठन और आवश्यकता के महत्व को बताया और लगातार बैठक आयोजित करने की बात कही। देवेंद्र यादव ने मतदाता सूची और अनुभाग में अच्छे से कार्य करने पर जोर दिया। सभी ने भूपेश बघेल सरकार की जनकल्याण कारी नीतियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने की बात कही। बैठक को मण्डी अध्यक्ष सुशील शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष अमित शर्मा, निगम सदस्य रोशन हबलानी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष इंद्र साव ने भी संबोधित किया।

नपं बेरला में चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान

बेमेतरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत बेरला की सफ़ाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 'विशेष स्वच्छता अभियान' लगातार चलाया जा रहा हैं। जिसके तारतम्य में आज सुबह 7 बजे से वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 में स्थित मुख्य मार्ग तथा नाली की सफ़ाई तथा प्लॉगिंग की गई। साथ ही वार्ड का भ्रमण भी किया गया। वार्ड भ्रमण के दौरान मार्ग में निर्माण एवं विध्वंश अपशिष्ट मलबा (सी एंड डी वेस्ट) दिखने पर नगर पंचायत अधिकारी के द्वारा नाराज़गी जाहिर की गई तथा इसे तत्काल हटाने निर्देशित किया गया। शनिवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी वनिष दुबे ने वार्ड में चल रहें कचरे का डोर टू डोर कलेक्शन का भी जायजा लिया गया। अंत मे मणिकंचन केंद्र कम्पोस्ट शेड तथा एफएसटीपी का निरीक्षण कर सम्बन्धितों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए। विशेष स्वच्छता अभियान को सप्ताह में 3 दिन आवश्यक रूप में कराए जाने कार्ययोजना तैयार किया गया हैं, जिस हेतु प्रत्येक क्षेत्र के लिए प्रभारी की नियुक्ति कर जिम्मेदारी दिया गया हैं। उक्त अभियान के माध्यम से नागरिकों को अभियान में जोड़कर शहर को स्वच्छ बनाने में अपनी भागीदारी निभाने अपील करने निर्देश दिया गया हैं। अभियान में नगर पंचायत बेरला के पार्षद प्रमोद, राजेश दुबे, श्रीमती लक्ष्मीलता वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधिगण, उप अभियंता मयंक राठौड़, ओमप्रकाश शाकार, विपुल चौबे ने भाग लिया।

सोमनी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला सोमनी में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्पहार एवं पूजा-अर्चना द्वारा हुआ। सभी नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। नवप्रवेशी बच्चों को शाला गणवेश, पुस्तकें तथा जन कल्याण सामाजिक संस्थान द्वारा कापी, पेंसिल, रबर, कटर और स्केल प्रदान की गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सोमनी की प्राचार्य श्रीमती विथिका साहू ने बच्चों और पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि हर बच्चा स्कूल में प्रवेश लें एवं उसकी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा हो। बच्चों को वे सभी सुविधाएं प्राप्त हो जिसका उसे अधिकार है, इसलिए मेरा सभी बच्चों से निवेदन है कि वह रोज स्कूल आए, अच्छा पढ़ें, पढ़कर अच्छा इंसान बने। सरपंच श्रीमती लता यादव ने प्रवेश उत्सव पर सभी बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दी। सेवानिवृत्त व्याख्याता टीएल चंद्राकर ने जोर देकर कहा कि कोई बच्चा प्रवेश से वंचित ना हो साथ ही ड्राप आउट ना हो। शाला प्रबंधन समिति के शिक्षाविद् सदस्य एवं जन कल्याण सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज का समय शिक्षा का है जो शिक्षित होगा वही आगे बढ़ेगा। इसलिए हमें इसका महत्व समझकर स्कूल प्रतिदिन आना है। शासन ने शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत सभी सुविधाएं प्रदान की है। शाला के प्रधान पाठक एवं संकुल समन्वयक नरेश दूरुगकर ने स्कूल की गतिविधियों के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की। साथ बताया कि मैं इसी उद्देश्य से यहां आया हूँ कि इस स्कूल को ऊँचे मुकाम तक पहुंचा सकूं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुधीर गजभिये ने किया। शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती मीनू सिंह ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोमनी की प्रधानपाठक श्रीमती खुमेश्वरी शर्मा, प्राथमिक शाला खुटेरी के प्रधानपाठक घनश्याम साहू मौजूद रहे।

भूपेश सरकार के जंगल राज को खत्म करेंगी महिलाएं : स्मिता बरुह

■ सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने किया भाजपा प्रवेश

दुर्ग/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर एवं महिला मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी की जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य स्मिता बरुह, लोकसभा सांसद विजय बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा की विशेष उपस्थिति में एवं भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष दिव्या कलिहारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मंचासीन अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उषा टावरी, चंद्रिका चंद्राकर, पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, जिला महामंत्री ललित चंद्राकर, मंत्री आशीष निमजे, महिला मोर्चा जिला महामंत्री गायत्री वर्मा, जयश्री राजपूत, थर्ड जेंडर समुदाय से कंचन शिंदे उपस्थित रहे। बैठक में समाज के विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं का सम्मान किया गया, जिसमें पत्रकार, महिला स्व सहायता चलाने वाली महिलाएं, डॉक्टर, वकील का सम्मान किया गया। बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी के नीति नीति से प्रभावित होकर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाजपा प्रवेश किया। बैठक में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य महिला मोर्चा स्मिता बरुह ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी क्रियाशील रहने वाली सशक्त पार्टी है और इस पार्टी के एक महत्वपूर्ण मोर्चा में से एक महिला मोर्चा है, जिसमें काम करने वाली समस्त मातृ शक्तियों को मैं नमन करती हूं। आज राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा मुझे दुर्ग जिले का प्रवास कार्य दिया गया और कल प्रथम दिवस पर बूथ और विधानसभा स्तर की बैठकें हुई। उन्होंने कहा कि इस बैठक में महिलाओं की विशाल उपस्थिति को देखकर लगता है कि भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति और केंद्र के नरेंद्र मोदी की सरकार के द्वारा किए गए कार्य से महिलाएं प्रसन्न है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में गंगाजल की कसम खाकर प्रदेश में शराबबंदी, महिला स्व सहायता समूह की बहनों का कर्ज माफी की बातें की थी लेकिन प्रदेश की महिलाओं को सिर्फ और सिर्फ धोखा मिला और तो और प्रदेश में चारों ओर अराजकता का माहौल है, महिलाएं और बच्चियां असुरक्षित हैं, लगातार हो रही घटनाओं से यह स्पष्ट है कि यहां पर कानून राज नहीं जंगलराज चल रहा है। महिलाओं को आगामी चुनाव को लेकर कमर कसकर तैयार रहना है और भाजपा की विजय पताका फहरानी है। दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक मतों का जीत का रिकॉर्ड हमारा दुर्ग लोकसभा का है और इसका श्रेय मातृशक्ति को जाता है, जिन्होंने अपना मत रूपी आशीष देकर मुझे दुर्ग लोकसभा का सांसद चुनकर दिल्ली भेजा। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि पुनः हम सभी एकजुट होकर फिर से इस आतताई भूपेश बघेल की सरकार को 2023 में होने वाले चुनाव में उखाड़ फेंके और 2024 के चुनाव में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री विश्व के सर्वमान्य नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार को पुनः लाएंगे। जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि जहाँ चाह, वहां राह है महिलाओं की शानदार उपस्थिति यह दर्शाती है कि इस प्रदेश सरकार की खैर नहीं। जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या कलिहारी के प्रयासों से महिलाओं का समूह भाजपा के पक्ष में मजबूती से खड़ा हुआ है।

आयुक्त ने किया पीएम आवास का निरीक्षण

■ दिया निर्देश, एजेंसी निर्माण पूर्ण कर शीघ्र निगम को सौंपे

भिलाई नगर/नवप्रदेश। नगर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश एजेंसी को दिए हैं। आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे आवासों का निरीक्षण कर जायजा लिया। आयुक्त ने खमरिया, सूर्या विहार के पीछे, कृष्णा इंजरिंग कॉलेज के पीछे आदि के आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि शीघ्र अति शीघ्र प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मोर मकान मोर आस, मोर मकान मोर चिन्हारी के सभी आवासों को ब्लॉक वाइज पूर्ण करें ताकि प्रतीक्षारत लोगों को आवास आबंटित करने की कार्रवाई की जा सके तथा लोगों को आवास का फायदा मिल सके। आयुक्त ने आवास निर्माण के कार्यों को लेकर गुणवत्ता बरकरार रखने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने बाहरी विद्युतीकरण के लिए विद्युत विभाग से समन्वय बनाकर विद्युतीकरण कराने के निर्देश दिए हैं। हालांकि भीतर में विद्युतीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है। गौरतलब है कि महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर आवास आवंटन की प्रक्रिया में शीघ्रता से कार्रवाई की जा रही है। लोगों को आवास का लाभ देने के लिए आवास से संबंधित कार्यों को त्वरित तौर पर किया जा रहा है। आयुक्त ने निरीक्षण में निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें, इससे संबंधित सभी कार्य समय पर पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता डीके वर्मा, उप अभियंता दीपक देवांगन, कार्यरत एजेंसी रवि शंकर त्रिपाठी एवं विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

बहादुर कलारिन सम्मान पुरस्कार

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली महिला को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से ''बहादुर कलारिन सम्मान'' देने का निर्णय लिया गया एवं छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) में अधिसूचना 18 अप्रैल 2023 को प्रकाशित किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री विपिन जैन के अनुसार यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ राज्य में महिलाओं को प्रोत्साहन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु छत्तीसगढ़ के निवासी एक ही महिला को प्रतिवर्ष राज्य शासन द्वारा नियुक्त निर्णायक मण्डल द्वारा चयन होने पर निर्णय के आधार पर पुरस्कार राशि 2 लाख रूपये नगद व चेक के रूप में, सम्मान तथा प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका प्रशस्ति के रूप में दिया जावेगा। पुरस्कार हेतु आयुसीमा का बंधन नहीं होगा। पुरस्कार के लिए निर्णायक मण्डल द्वारा ऐसी महिला का चयन किया जावेगा।

उपेक्षा से नाराज पूर्व पार्षद संजय सिंह ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

दुर्ग/नवप्रदेश। कसारीडीह वार्ड क्र.-42 के पूर्व पार्षद संजय सिंह ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इस्तीफे का कारण पार्टी में जमीनी व सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपेक्षा को बताया है। सन 1986 में छात्र राजनीति से कांग्रेस में आए संजय सिंह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दुर्ग जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस के अध्यक्षीय कार्यकाल में महामंत्री पद को सुशोभित कर चुके हैं। इसके अलावा वे खैरागढ़ विधायक स्व. देवव्रत सिंह के प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्षीय कार्यकाल में प्रदेश उपाध्यक्ष व कांग्रेस संगठन के अन्य पदों पर महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर चुके हैं। उनकी पत्नी भी कसारीडीह वार्ड की पार्षद रह चुकी है। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के ठीक 4 महीने पहले पूर्व पार्षद संजय सिंह के इस्तीफे को दुर्ग शहर कांग्रेस संगठन के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।पूर्व पार्षद श्री सिंह ने अपने इस्तीफे से दुर्ग कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गया पटेल को अवगत करा दिया है। सौंपे गए इस्तीफा पत्र में पूर्व पार्षद संजय सिंह द्वारा कहा गया है कि दुर्ग कांग्रेस संगठन लगातार मेरी उपेक्षा कर रही है। मेरे द्वारा जनहित को लेकर गरीबों को विधायक निधि से स्वेच्छानुदान राशि, इलाज के लिए सहायता राशि, वार्ड के बच्चों का स्कूल में प्रवेश, बेरोजगारों को गुमटी दिलाने, प्लेसमेंट में भर्ती के लिए स्थानीय नेताओं से आवेदन एवं निवेदन किया गया था।

सकारात्मक बदलाव में दुर्ग के दूत बने युवा

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला प्रशासन के सहयोग से यूनिसेफ द्वारा युवोदय दुर्ग के दूत कार्यक्रम का आयोजन लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में किया गया। युवोदय दुर्ग के दूत कार्यक्रम समुदाय के द्वारा समुदाय के लोगों के लिए शुरू की गई स्वयंसेवा की एक पहल है। यह स्वयंसेवकों को एएनसी चेकअप, सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य, किशोर किशोरियों का संपूर्ण स्वास्थ्य एवं विकास, पर्यावरण में युवाओं की भागीदारी एवं नेतृत्व और नशामुक्ति जैसे क्षेत्रों के प्रति लोगों को जागरूक करने और जिले में अपनी सेवा देने के अवसर प्रदान करेगा।

कलेक्टर श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा सहित सभी अधिकारी एवं युवोदय दुर्ग के दूत के युवा स्वयंसेवकों द्वारा दुर्ग जिले के सर्वांगीण विकास के लिए दुर्ग के दूत कार्यक्रम में अपना संपूर्ण योगदान देने की शपथ ली। कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन स्तर पर हर संभव मदद की जाएगी। आम लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता लाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर श्री रोहित व्यास, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवांगन, संयुक्त कलेक्टर श्री गोकुल राउटे, यूनिसेफ प्रमुख श्री जॉब जकारिया उपस्थित थे।

आने वाली पीढ़ी को युवा नेतृत्व के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे, हिंसा, नशे, एवं किसी भी मादक पदार्थ के सेवन को समाप्त किया जा सके। मानसिक विषय को चर्चा मे लाना एवं स्वयंसेवा की भावना को बढ़ावा देने से समाज स्वस्थ एवं सुरक्षित व्यवहारों को अपना सकता हैं।

'दुर्ग के दूत' कार्यक्रम क्या है?

जिला प्रशासन दुर्ग एवं यूनिसेफ के तत्वावधान में एवं जनभागीदारी के मूल मंत्र पर आधारित यह कार्यक्रम एएनसी चेकअप, सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य, किशोर किशोरियों का संपूर्ण स्वास्थ्य एवं विकास, पर्यावरण में युवाओं की भागीदारी एवं नेतृत्व, नशीली पदार्थों के रोकथाम हेतु, समाज एवं युवाओं का योगदान जैसे विषयों पर सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन करने जा रही है।

कौन बन सकता है 'दुर्ग के दूत'

किसी भी समाज, वर्ग, जाति, समुदाय, व्यवसाय से आने वाले 15 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति, जो अपनी योग्यता एवं रुचियों के आधार पर इन विषयों में लोगों एवं अपने समाज मे बदलाव लाने को इच्छुक है, वह सभी इस कार्यक्रम से जुड़ सकते हैं।

इसका कार्यक्षेत्र - गर्भवती महिलाओं को प्रसवपूर्व देखभाल (एएनसी) जांच को बढ़ावा देना, स्वयंसेवक द्वारा गर्भवती महिलाओं या नई माताओं को फॉलो अप कॉउंसेलिंग के लिए प्रेरित करना, किसी भी प्रकार के हिंसा को रोकना, विशेषकर महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ, समुदाय मे मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, किशोर- किशोरियों को पोषण, स्वास्थ्य और एनीमिया पर जागरूक करना, बाल विवाह को समाप्त करना एवं कम उम्र की शादी को रोकना, युवाओं के बीच प्रजनन और यौन स्वास्थ्य शिक्षा और जागरूकता को बढ़ाना, पर्यावरण मे युवा नेतृत्व, उनके बीच मिशन लाईफ के व्यवहारों को प्रेरित करना जन-भागीदारी हेतु यूनिवर्सिटी एवं कॉलेज मे ठमींअपवतंस ब्सनइ मेम्बर्स एवं इंटर्न्स को सम्मिलित करना, युवाओं के लिए विचार, नवाचार को रखने के लिए मंच निर्वाण करना, स्कूल और कॉलेज स्तर पर युवाओं के बीच नशे, एवं किसी भी मादक पदार्थ के सेवन को रोकना, व्यवहार परिवर्तन हेतु डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म और ऑफ़लाइन ब्रांडिंग का लाभ उठाना।

विधायक व महापौर ने 18 लड़कियों को किया सायकल वितरण

■ साइकिल पाकर छात्राओं के खिले चेहरे

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत सरस्वती साइकिल योजना के तहत इंदिरा मार्केट मोती कम्प्लेक्स स्थित महात्मा गांधी शासकीय महात्मा गांधी स्कूल में शनिवार को छत्तीसगढ़ सरकार की सरस्वती साइकिल योजना के तहत निशुल्क साइकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल ने शिक्षा विभाग के प्रभारी मनदीप सिंह भाटिया, एमआईसी भोला महोविया के साथ 18 छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरित की गई। बालिकाओं को साइकिल वितरण के दौरान छात्रों को साइकिल प्रदान करते हुए विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने बताया कि विद्या अध्ययन में बालिकाओं के लिए दूरी बाधक न हो इसलिए सरस्वती साइकिल योजना की शुरुआत की गई थी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सरस्वती साइकिल योजना के तहत प्रदेश की बालिकाओं को साइकिल वितरण कर घर से स्कूल की दूरी को कम कर दिया है। महापौर धीरज बाकलीवाल ने सभी बालिकाओं को नियमित रूप से समयानुसार विद्यालय आने और पढ़ाई कर अपने स्कूल और माता -पिता का नाम रौशन करने का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अब स्कूल आने जाने में परेशानी नहीं होगी।उन्होंने ये भी कहा कि हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बहुत काम कर रही है इसके साथ साथ बच्चों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।कार्यक्रम में अजय मिश्रा,राजकुमार पाली, स्कूल के प्रधान पाठक, व्याख्याता के अलावा अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

न्यायालय तहसीलदार देवकर, तहसील देवकर जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202307231900010
अ-21/ वर्ष 2022-23

1. मोरध्वज पिता जहावल जाति गोड़ निवासी ग्राम खुरूसबोड़
विरूद्ध
2. बृजेश शर्मा पिता ओमप्रकाश शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी खुर्सीपार भिलाई

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता एवं ग्रामवासी ग्राम खुरूसबोड़ प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. गाड़ाडीह तहसील देवकर जिला बेमेतरा छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोरध्वज पिता जहावल जाति गोड़ निवासी ग्राम गोडमर्रा तहसील देवकर जिला बेमेतरा छ.ग. के द्वारा स्वयं के नाम ग्राम खुरूसबोड़ प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. गाडाडीह तहसील देवकर जिला बेमेतरा स्थित भूमिस्वामी हक की कृषि भूमि ख.नं. 179/9, 181/1 रकबा क्रमशः 0.96, 0.36 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 1.32 हे. को गैर आदिवासी क्रेता बृजेश शर्मा पिता ओमप्रकाश शर्मा निवासी खुर्सीपार भिलाइ4 को विक्रय करने की अनुमति के लिए श्रीमती कलेक्टर महोदय जिला बेमेतरा के समक्ष आवेदन पत्र पेश किया गया है कि जो इस न्यायालय में जांच हेतु प्राप्त हुआ है।

अतएवं इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 20.07.2023 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में दावा/आपत्ति पत्र पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.07.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — **तहसीलदार, देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धमतरी (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202307231900003
अ-6/ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदकगण निर्मल चंद पौरिया आ. स्व. घनश्याम सिंह पौरिया व अन्य निवासी मैत्री विहार (राधिका नगर) सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने आवेदन किया है कि वसीयतकर्ती स्व. श्रीमती इंदिरा पौरिया के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम पौटियाडीह जिला धमतरी (छ.ग.) प.ह.नं. 48/20 में खसरा नं. 363, 2085 एवं 1630 में कुल 5 एकड़ 9 डिसमिल भूमि है जिसका वर्तमान खसरा नंबर 363/1 है। वसीयतकर्ती ने अपने दोनों पुत्रों के पक्ष में दिनांक 24.11.2020 को दो गवाहों की उपस्थिति में पब्लिक नौटरी दुर्ग के समक्ष एक वसीयतनामा निष्पादित की है। वसीयतकर्ती श्रीमती इंदिरा पौरिया का निधन दिनांक 05/01/2023 को हो गया है। अतः स्व. श्रीमती इंदिरा पौरिया का नाम विलोपित कर आवेदकगण निर्मलचंद पौरिया आ. स्व. घनश्याम सिंह पौरिया एवं दिनेश कुमार पौरिया आ. स्व. घनश्याम सिंह पौरिया दोनों निवासी मैत्री विहार (राधिका नगर) सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के नाम पर नामांतरण किए जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 25.07.2023 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में दावा/आपत्ति पत्र पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.07.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — **अतिरिक्त तहसीलदार, धमतरी**

न्यायालय तहसीलदार देवकर, तहसील देवकर जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202307231900011
अ-21/ वर्ष 2022-23

1. लीलाबाई ठाकुर पति भीषम गोड़ जाति गोड़ निवासी ग्राम खुरूसबोड़
विरूद्ध
2. बृजेश शर्मा पिता ओमप्रकाश शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी खुर्सीपार भिलाई

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता एवं ग्रामवासी ग्राम खुरूसबोड़ प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. गाड़ाडीह तहसील देवकर जिला बेमेतरा छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदिका लीलाबाई ठाकुर पति भीषम जाति गोड़ निवासी ग्राम गोडमर्रा तहसील देवकर जिला बेमेतरा छ.ग. के द्वारा स्वयं के नाम पर ग्राम खुरूसबोड़ प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. गाडाडीह तहसील देवकर जिला बेमेतरा मे लीलाबाई पति भीषम, ओमकार नाबालिक पिता भीषम के संयुक्त नाम पर भूमिस्वामी हक की कृषि भूमि ख.नं. क्रमशः 179/8, 181/2 रकबा क्रमशः 1.02, 0.07 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 1.09 हे. को गैर आदिवासी क्रेता बृजेश शर्मा पिता ओमप्रकाश शर्मा निवासी खुर्सीपार भिलाई को विक्रय करने की अनुमति के लिए श्रीमान कलेक्टर महोदय, जिला बेमेतरा के समक्ष आवेदन पत्र पेश किया गया है। जो इस न्यायालय को जांच हेतु प्राप्त हुआ है।

अतएवं इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 20.07.2023 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में दावा/आपत्ति पत्र पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.07.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — **तहसीलदार, देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

Name Change

It is informed to the general public that I Mohammed firoz Rathor, S/O Abdul Sattar Rathore Ward No-41, Subhash Nagar, Near New Masjid, Durg (C.G.)491001, my old name have changed Mohammed Firoz Rathor S/O Abdul Sattar Rathore so in future I should be recognized by my new name Mohammed Firoz Rathore S/O Abdul Sattar Rathore that is in all Government and other documents.

Mohammed Firoz Rathore S/O Abdul Sattar Rathore Ward No-41, Subhash Nagar, Near New Masjid, Durg (C.G.) 491001

न्यायालय तहसीलदार देवकर, तहसील देवकर जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202307231900013
अ-19(4)/ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता एवं ग्रामवासी ग्राम नौकेशा प.ह.न. 12 रा.नि.मं. देवकर तहसील देवकर जिला बेमेतरा छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गिरिजा बेवा रघुनंदन एवं अन्य 04 जाति गोड़ निवासी ग्राम नौकेशा तहसील देवकर जिला बेमेतरा के संयुक्त नाम पर ग्राम नौकेशा प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. देवकर तहसील देवकर स्थित भूमिस्वामी हक की कृषि भूमि ख.नं. 734 रकबा 0.93 हे. जो कि अधिकार अभिलेख में शासकीय पट्टेदार मद में दर्ज है। को विनोद कुंजाम पिता स्व. किसुनलाल जाति कण्डरा को विक्रय किए जाने की अनुमति के लिए श्रीमान कलेक्टर महोदय जिला बेमेतरा के समक्ष आवेदन पत्र पेश किया गया है। जो कि इस न्यायालय को जांच हेतु प्राप्त हुआ है।

अतएवं इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 24.07.2023 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में दावा/आपत्ति पत्र पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.07.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — **तहसीलदार, देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार देवकर, तहसील देवकर जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202307231900014
अ-21/ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता एवं ग्रामवासी ग्राम गौकेशा प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. देवकर तहसील देवकर जिला बेमेतरा छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनोद कुंजाम पिता स्व. किसुनलाल जाति कण्डरा निवासी ग्राम देवकर तहसील देवकर जिला बेमेतरा छ.ग. के द्वारा इस आशय का निवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम नौकेशा प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. देवकर तहसील देवकर जिला बेमेतरा में गिरिजा बेवा रघुनंदन एवं अन्य 04 के नाम स्थित भूमिस्वामी हक की कृषि भूमि ख.नं. 734 रकबा 0.93 हे. भूमि को क्रय कि जाने की अनुमति के लिए श्रीमान कलेक्टर महोदय, जिला बेमेतरा के समक्ष आवेदन पत्र पेश किया गया है। जो इस न्यायालय में जांच हेतु प्राप्त हुआ है।

अतएवं इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 24.07.2023 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में दावा/आपत्ति पत्र पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.07.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — **तहसीलदार, देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा सर्कल दुर्ग (छ.ग.)

// उद्घोषणा-पत्र //

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लोकेश कुमार बान्धे पिता केशवराम बान्धे उम्र-33 निवासी भाठा पारा शासकीय स्कूल के पास जामुल तह - भिलाई-03 जिला दुर्ग द्वारा ग्राम बिरेझर प.ह.न 26 स्थित भूमि ख.सखरा नंबर 1306/1, 1306/, 31492/3, 1683, 1719, 1721, 1731/1 रकबा 0.017, 0.11, 0.080, 0.090, 0.80, 0.090 हें जो आवेदकके नाम दर्ज था जिसमें से कुछ भूमि को बिक्री कर दिया है पश्चात् शेष बचत भूमि में आवेदक का नाम दर्ज ना होकर ऑनलाईन में त्रुटिपूर्ण ढंग से क्रेता का नाम दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर रिकार्ड अघतन किये जाने आवेदन प्रस्तुत श्रीमान अ.वि.अ. महोदय के समक्ष प्रस्तुत जो कि जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा /आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 18/07/2023 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/06/2023 को यह उद्धोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — **नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 3351 दिनांक 03.07.2023
वार्ड का नाम- 52- डा. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्राप्टी आई.डी. RPR446P00580 जो कि निगम अभिलेख में श्री ARVIND BANSAL पिता श्री PREMRAJ BANSAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री Ashok Kumar Yadav पिता Shri ramsharay Yadav ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री दिनेश कोसरिया, जोन कमिश्नर, जोन क्र.-10, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार कुण्डा ,जिला कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम गिरधारी कापा प.ह.न 16 को सूचित किया जाता है कि आवेदक गनपत आ श्री अहमन जाति सतनामी निवासी गिरधारी कापा तहसील पण्डरिया जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा . पिता अहमन आ सनतराम की जन्म /मृत्यु दिनांक 03/11/2008 में हो गई जिसका मृत्यु प्रमाण प्रदान किये जाने सबंधी आवेदन पत्र के साथ चालान की प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 19/07/23 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार के दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/07/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील — **तहसीलदार, कुण्डा, जिला - कबीरधाम**

कार्यालय तहसीलदार भिलाई-03 ,तह पाटन जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. आर.डी.202223430216500002
अ-6 वर्ष 2023-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सत्य देव खिचरिया पिता सेवेन्द्र राज सिंह निवासी- कातुलबोर्ड दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम पर्थरा प.ह.न 10 रा.नि.मं. कुम्हारी तह. भिलाई-03 जिला दुर्ग छ.ग.में स्थित में स्थित भूमि खसरा नंबर 8, 9, 12, 72, 80, 83, 95, 109 रकबा 0.070, 2.87, 0.620, 2.75, 0.68, 1.10, 1.17, 0.090 हें भूमिके भूमिस्वामी आवेदक के पिता सेवेन्द्र राज सिंह की मृत्यु दिनांक 23-03-2023 को हो जाने पश्चात् उक्त भूमि में फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने बाबत् मय आवेदन इस न्यायालय में आवेदन प्राप्त हुआ है।

अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा सस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.07.2023 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आक्षेप पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15/06/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील — **तहसीलदार, भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-रायपुर (छ.ग.)

ऑनलाईन प्रथमबार निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-398

क्रमांक 2185/निविदा/ ग्रा.यां. सेवा/2023-24 — रायपुर, दिनांक 05/07/2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) 'द' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र- 'अ' पर दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दिनांक 01.11.2021 एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लो.नि.वि. द्वारा जारी दिनांक 01.06.2020 तथा ग्रा.यां. सेवा में लागू दर अनुसूची (एस.ओ.आर.) दिनांक 09.09.2020 निविदा दर से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची पर निविदा दर प्राप्त करने ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 22/07/2023 तक आमंत्रित की जाती है।

कुल कार्य ग्रुप संख्या	अनुमानित लागत राशि (रु. लाख में)
28 (वि.खं. आरंग एवं तिल्दा अंतर्गत अति कक्ष निर्माण कार्य)	793.136

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 07/07/2023 से देखी जा सकती है।
टीप :- मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 25/07/2023 सायं 5.30 तक कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां. सेवा, संभाग रायपुर में पहुंचना अनिवार्य है।

जी-03098/2 — **कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-रायपुर (छ.ग.)**

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रु. (लाखों में)
1	2	3
68/135082	केनाल लिंक रोड कोटा हिरापुर रिंग रोड नं.-2 में ट्राफिक बोर्ड, रोड मार्किंग एवं अन्य रोड़ उपकरण का कार्य लंबाई. 1.50 कि.मी. (सी.एच. 1600 से 3000) पुलिया सहित कार्य। (पार्ट -ए)	रू. 36.21 लाख
107/138233	हेड क्वार्टर सेक्शन के अंतर्गत तिल्दा नेवरा में विभिन्न मार्गो में बी.टी. पेंच रिपेयर का कार्य ।	रू. 49.68 लाख
108/138234	तिल्दा नेवरा के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी. टी. पेंच रिपेयर का कार्य ।	रू. 49.00 लाख
109/138235	उपसंभाग क्र.-4 (आरंग) रायपुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर का कार्य। (1) भैंसा कोरासी चोरभट्ठी लं. 8.00 कि.मी. (एम.डी.आर.-297) (2) कनकी देवरतिल्दा परसवानी रोड लं. 8.00 कि.मी. (एम.डी.आर.-304) (3) खोरसी अछोली रोड लं.1.20 कि.मी. (व्ही.आर. 95) (4) कोसरंगी चकवे चोरभटठी रोड लं. 6.20 कि.मी. (एम.डी.आर.-159) (5) गुल्लू अकोली रोड (व्ही.आर. 75) लं. 4.20 कि.मी.।	रू. 49.93 लाख
110/138236	उपसंभाग क्र.-4 (आरंग) रायपुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर का कार्य (1) भैंसा कर्मा रोड लं. 1.80 कि.मी. (2) कोसरंगी फरहैद-खौली रोड़ लं. 11.40 कि.मी. (एम.डी.आर.-177) (3) कनकी देवरतिल्दा-पंडा-परसवानी रोड़ लं. 3.75 कि.मी. (एम.डी.आर. 304) (4) तुलसी रासोटा अमोदी रोड लं. 6.00 कि.मी. (एम.डी.आर. 298) (5) गुमा गोट (नव सिंग) रोड़ लं. 1.65 कि.मी. ।	रू. 49.99 लाख

निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 27.07.2023 समय सायं 5:30 बजे तक

सभी सक्षम एवं उपयुक्त निविदाकार उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी देखने एवं अपलोड करने हेतु ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल- https://eproc.cgstate.gov.in पर इंरोल कर निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

जी-03108/3 — **अधीक्षण अभियंता, लो.नि.वि., रायपुर संभाग क्र.-1 रायपुर (छ.ग.)**

झाल में आजतक नही बन पाई सड़क

■ **घुटनो भर कीचड़ में चलने को मजबूर ग्रामीण, बारिश से बढ़ी दिक्कत**

> बहुत पहले मेन रोड से नहर तक सड़क निर्माण किया गया था, वह खराब हो गया है। पानी निकासी की दिक्कत के वजह से सड़को में जलभराव की स्थिति होती है। सीसी रोड के लिए मांग की गई है।
> -तुलसी शंकर साहू
> सरपंच, ग्राम पंचायत झाल

नवागढ़/नवप्रदेश। तहसील मुख्यालय से महज 03 किमी दूर ग्राम पंचायत झाल के पराईन पारा निवासी ग्रामीणों को कीचड़ भरी रास्तो से निकलने को मजबूर होना पड़ रहा है। जिम्मेदारों द्वारा आजतक इस क्षेत्र में कोई पक्की सड़क निर्माण कार्य नहीं कराए जाने के कारण गांव के सैकड़ो लोगो के निस्तारी मार्ग की हालत बदतर हो गई है। जिस पर अब बारिश के कारण गांव में कीचड़ ही कीचड़ नजर आता है। कहीं-कहीं तो घुटनों-घुटनों पानी भरा और कीचड़ नजर आता है।

आवाजाही के लिए बेमेतरा-मुंगेली मुख्य मार्ग से करीब 500 मीटर तक रास्ता कीचड़ में तब्दील है। रास्ते में पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण यहां कीचड़ पसरा है। जिसके कारण लोगों को कीचड़ से निकलने में काफी परेशानी हो रही है। इसके बावजूद भी न ग्राम पंचायत और न ही प्रशासन द्वारा सड़क निर्माण नहीं कराया जा रहा है। इसी सड़क से होकर करीबन 200 घरों की बस्ती के ग्रामीणों को पर आना- जाना पड़ता है। अगर पंचायत इस ओर ध्यान देती तो यह स्थिति नहीं होती।

दुपहिया से गुजरना दूभर

ग्रामीण सुरेश साहू, कुमार साहू, मोहन साहू, प्रह्लाद साहू, हेमन्त साहू ने बताया कि इस सड़क से मोटरसाइकल सवारों का निकलना बंद हो गया है। कहीं-कहीं तो घुटने-घुटने तक कीचड़ और पानी भरा हुआ है और मिट्टी डालने के कारण कीचड़ ही कीचड़ हो गया है। सड़क में बने बड़े-बड़े गड्ढों में पानी जमाव के कारण पूरी सड़क पर दल-दल जैसी स्थिति पैदा हो गई है। वहीं मोटरसाइकिल चलने में फिसलती है पैदल चलने मैं भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कीचड़ ग्रामवासियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ।

शिकायत हुई निराकरण नहीं

स्थानीय लोगो ने बताया कि ग्रामीण कई बार ग्राम पंचायत को निर्माण संबंधी आवेदन दे चुके हैं। वहीं विधायक से लेकर कलेक्टर तक के दफ्तरों का चक्कर काट चुके हैं लेकिन आज तक किसी ने गांव की समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया है। अधिकारी व जनप्रतिनिधि एक बार आकर गांव में पैदल चलकर तो देखें सारे विकास कार्य नजर आ जाएंगे।

जन प्रतिनिधि बेफिक्र : मधु

भाजपा के जनसंपर्क अभियान के तहत गांव का दौरा करने पहुंची भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु राय से ग्रामीणों ने अपनी परेशानी दिखाई। जिसे देख मधु राय ने कहा कि यहां के विधायक से लिये दुर्भाग्य है कि विधानसभा मुख्यालय के इतने नजदीक गांव में इस तरह की स्थिति है। एकतरफ विधायक लक्जरी गाड़ियों के काफिले के साथ सायरन बजाते घूम रहे है,वहीं जनता को घुटने भर कीचड़ में गुजारा करना पड़ रहा है। राय ने कहा कि 03 माह बाद अच्छे दिन आने वाले है, हर गांव में बिजली, पानी, सड़क देना भाजपा को पहली प्राथमिकता है।

भाजपा महिला मोर्चा ने किया विभिन्न कार्यक्रम

कवर्धा/नवप्रदेश। इस वर्ष के अंत में होने जा रहे विधानसभा चुनाव 2023 की तैयारियों के मद्देनजर भाजपा में बड़े नेताओं के जिला प्रवास, बैठकों और मंथन का दौर जारी है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं केंद्रीय मंत्रियों का दौरा भी लगातार हो रहा है। इसी तारतम्य में भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सोनल बेन पटेल दो दिनों के प्रवास पर कवर्धा पहुंचीं। उन्होंने भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा महिला मोर्चा की बैठक ली। बैठक में जिले की महिला मोर्चा संगठन के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बूथ मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा की। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य ने चुनावी वर्ष को देखते हुए जिला महिला संगठन को रिचार्ज करने बूथ मजबूत करने के संबंध में टिप्स दिया और आने वाले चुनाव में भाजपा को मजबूत करने, केन्द्र सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के विषय पर चर्चा की। राष्ट्रीय महिला मोर्चा कार्यसमिति सदस्य सोनल बेन पटेल ने कहा कि वे खुद जिला महिला मोर्चा की पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ गांव गांव जाकर लोगों से मिलेंगी। केन्द्र सरकार की योजनाओं का लोगों को कितना लाभ मिल रहा है, इसकी भी जानकारी लेंगी। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों में जोश भरते हुए सोनल बेन ने कांग्रेस की भूपेश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हाथ में गंगाजल लेकर कसम खाने वाली सरकार जनता के वादे पर खरा नहीं उतरी। कांग्रेस का घोषणा पत्र महज आश्वासन बन कर रह गया है। भूपेश सरकार में जमकर भ्रष्टाचार व अवैध उगाही चल रही है। उन्होंने भूपेश सरकार पर शराब, कोयला, रेत सहित अन्य घोटालों के आरोप लगाए। जिला अध्यक्ष अनिल ठाकुर ,जिला प्रभारी लक्ष्मी साहू की उपस्थिति और महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सतविंदर पाहुजा के नेतृत्व में हुए इस कार्य कारिणी बैठक मैं जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला भट्ट , भाजपा उपाध्यक्ष देवकुमारी चंद्रवंशी , नीतेशअग्रवाल , संतोष पटेल , सुरेश दुबे , कार्यक्रम के प्रभारी मधु तिवारी , विजय लक्ष्मी तिवारी ,जिला महामंत्री महिला मोर्चा सविता ठाकुर , डॉ भारती गुप्ता,सुष्मा चन्दवंशी ,जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा ज्योति चंद्रकांर, पुष्पा पाण्डेय, चेतना सिंह, लता बेस, भगवातिन अहिरवार,जिला मंत्री निशा साहू,चंद्रलेखा, किरण चौबे, कशी बाई उएके, सावतरी साहू, कोषाध्यक्ष रंजीता बंजारे, सह कोषाध्यक्ष पूर्णिमा शर्मा, वर्षा कोरी, शिवानी तिवारी , मधु सेन, कुंवरिया चंद्रकांर, रितु देसाई, लता साहू, पुष्पा सोनी, गंगा ठाकुर, जमुना बाई, उत्तरा साहू, अध्यक्ष संतोसी जायसवाल, अंजू शर्मा, दसरी ठाकुर, द्रोपदी मानिकपुरी, उत्तरा साहू, सुमन गुप्ता, खुश्बू कश्यप, संगीता साहू और महामंत्री उपस्थित थे।

नाराज ससुर के खौफ में बहु के परिवार वालों ने खाया जहर

■ **चार की हालत गंभीर**

भाटापारा/नवप्रदेश। बहु का गर्भपात होने के बाद ससुर की नाराजगी से भयभीत होकर बेमेतरा जिला के नादघाट तहसील के अन्तर्गत आने वाले ग्राम चिचोली मे एक ही परिवार के चार लोगो ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया ।घटना की जानकारी परिजनों को लगने के बाद सभी नगर के डा आडील अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहा डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही,उनकी हालत अभी खतरे से बाहर नहीं है। घटना बीती रात तकरीबन 8 बजे के आसपास की बतायी जाती है नादघाट टी.आई.प्रमोद शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना सरपंच ने थाने मे दी थी।जहर सेवन करने वालो मे वीरेन्द्र यादव 43 साल,कुंती यादव 50 साल, दिलीप यादव 26 साल, फुलेश्वरी यादव 28 साल, टी.आई. शर्मा ने इस संबंध में बताया फुलेश्वरी यादव जिसकी शादी भाटापारा मे नंदलाल यादव के पुत्र के साथ हुई है और वह अपने मायके चिचोली डिलवरी के लिए आयी थी जहां उसका गर्भ खराब हो गया था इसी बात की जानकारी फुलेश्वरी के ससुर नंदलाल ने फोन पर लडकी के मामा वीरेन्द्र को अपनी बहू की डिलवरी के बारे मे पूछा तब उसे पता चला कि उसका गर्भ खराब हो चुका है जिससे फुलेश्वरी का ससुर ने नाराजगी जाहिर करते हुए इस बात की जानकारी मुझे पहले क्यो नही दिये कह कर की जिससे वीरेन्द्र भयभीत हो गया और और जहर खाने जैसा कडा कदम उठा लिया उसे देखकर लडकी और उसकी मां और भाई तीनो ने एक साथ जहर का सेवन कर लिया। घटना के बाद पूरे गांव मे हडकंप मच गया। वहीं दूसरी ओर भाटापारा के निजी अस्पताल मे उनका रात से उपचार किया जा रहा डा. विकास आडिल और डा. विक्रम आडिल ने बताया कि चारो को गंभीर अवस्था मे अस्पताल लाया गया जहां कि उनका उपचार तत्काल प्रारंभ किया गया।

18 पौवा देशी शराब जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा मानोज तिर्की के मार्गदर्शन में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं।

लमती स्कूल में प्रवेशोत्सव मनाया गया

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक विद्यालय लमती में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। नवीन विद्यार्थियों का गुलाल टीका लगाकर अभिनंदन किया गया। खीर, पुड़ी खिलाकर प्रवेशोत्सव की औपचारिकता पूरी की गई। राज्य शासन के योजनान्तर्गत प्रवेश लेने वाले सभी नव-निहाल एवं दर्ज सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश और पाठ्यपुस्तक वितरण किया गया। सभी बच्चो को प्रतिदिन विद्यालय आने की समझाइस दी गई। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति और मध्यान्ह भोजन संचालन करने वाली महिला स्व सहायता समूह के सभी सदस्य, पालक, अविभावकों के मध्य शत-प्रतिशत नामांकन की अपील की गई। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अनुसार कोई भी बच्चा अपनी प्राथमिक शिक्षा से वंचित नहीं होना चाहिए।

खदान कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कर्म शिरोमणि पुरस्कार दिया गया

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा कर्मचारियों को उनके कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं असाधारण कार्य करने पर पुरस्कृत करने प्रति माह ÷कर्म शिरोमणि पुरस्कार देने की घोषणा की है। जिसमें लौह अयस्क समूह दल्लीराजहरा में अप्रैल माह में भीम राव मेश्राम मास्ट आपरेटर (ई. एम. गैरेज), राजहरा खदान एवं कचरू राम वरिष्ठ. केयरटेकर (गेस्ट हाउस), नगर प्रशासन को उनके उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 'कर्म शिरोमणि' पुरस्कार से अलंकृत किया। कार्मिक विभाग, लौह अयस्क समूह, राजहरा ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश गहरवार, मुख्य महाप्रबंधक (खदान-लौह अयस्क समूह) , बिपिन कुमार महाप्रबंधक एम. एंड.एस., अमित सिन्हा उप महाप्रबंधक राजहरा खदान, जोल कुमार (कार्मिक-लौह अयस्क समूह), डा. जे. एस. बघेल. सहा प्रबंधक (कार्मिक-लौह अयस्क समूह). आदर्श श्रीवास्तव वरिष्ठ. प्रबंधक, उपस्थित थे। इसी क्रम में कर्मचारियों की पत्नियों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। इस कार्यक्रम का संचालन संध्या रानी वर्मा, श्रम कल्याण अधिकारी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. जे. एस. बघेल. सहा प्रबंधक (कार्मिक -लौह अयस्क समूह ने किया एवं सभी अधिकारियों ने संबोधित करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने पर बधाईयां दी ।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा-प्र-क्र-/39/अ-20(1)/वर्ष 2022-23
ई-कोर्ट नंबर 202306103800025

आवेदक शोभा सतपथी पिता / पति नवीनचंद सतपथी निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई जिलो द्वारा द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित भूमि खसरा नंबर 1/2,2/1 का टु भूखण्ड नंबर एम-आई- जी -1/898 क्षेत्रफल 150.00 वर्गमीटर भूमि आवेदक के पिता / पति नवीनचंद सतपथी को भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई द्वारा आबंटित है। आबंटिती की मृत्यु दिनांक 25-08-1999 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा मृतक आबंटिती का नाम विलोपित करने तथा उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हुए नवीन पट्टा निष्पादन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो,तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.07.2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जाये। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक06.07.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील

नजूल जांच अधिकारी,
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04

मामले की श्रेणी- राजस्व

संदर्भ -जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00006 भटगांव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- आर-डी - 202223430101100010

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00006 के अंतर्गत ग्राम भटगांव के वर्तमान भूमिस्वामी तुलारामपिता / पति -इंदरमन पता -भटगांव मनटोराबाई पिता/पति फगुवापता -भटगांव सरस्वतीदेशलरे पिता/पति इंदरमनपता -भटगांव धमरदासपिता/पति फगुवा पता -भटगांव पूजादेशलरे पिता/पति इंररमनपता भटगांव के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 589 (0.5200),133 (0.9700) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता पूजा देशलहरे पिता/पति इंदरमपता भटगांव धमरदास पिता/पति फगुवापता भटगांव तुलाराम पिता/पति इंदरमनपता -भटगांव सरस्वती देशलहरे पिता इंदरमल पता भटगांव तहसील व जिला-दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28/07/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/07/2023 को जारी किया जाता है।

सील

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

प्रथम पृष्ठ का शेष...

खेतों में पहुंचे राहुल...

पहुंचे तो किसानों के बीच जाने का प्रोग्राम बना लिया और सोनीपत के ग्रामीण इलाके का रुख कर लिया। राहुल गांधी एनएच 48 से मुरथल होते हुए कुराड़ रोड से बाइपास के रास्ते गोहाना की तरफ रवाना हुए। इसके बाद वे अपने रूट से हट कर करीब 50 किलोमीटर दूर बरोदा विधानसभा क्षेत्र के गांव मदीना में सुबह करीब 6:40 बजे पहुंचे गए। वे भैंसवान-मदीना रोड पर संजय के खेत में जा पहुंचे। मदीना गांव में करीब 2 घंटे बाद राहुल गांधी 8.40 बजे पर रवाना हो गए। लौटते समय उन्होंने गोहाना पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में ड्रेस चेंज की। फिर सोनीपत से आगे रवाना हो गए।

जिन पर भ्रष्टाचार के ...

केंद्र विपक्षी दलों के लिए ईडी और आइटी का दुरुपयोग कर रही है। दरअसल, सीएम बघेल अंबिकापुर रवाना होने के लिए रायपुर एयरपोर्ट गए थे, लेकिन खराब मौसम की वजह से मुख्यमंत्री का अंबिकापुर दौरा रद हो गया। एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने यह बयान दिया है। बता दें कि पीएम मोदी ने रायपुर के साइंस कालेज मैदान में कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर जमकर बरसे। विजय संकल्प रैली में उन्होंने कहा, छग में चार साल में फिर सिद्ध हुआ कि कांग्रेस के कोर-कोर में करप्शन है। करप्शन के बिना कांग्रेस सांस भी नहीं ले सकती। कांग्रेस की विचारधारा ही करप्शन है। जब मैं यह कहता हूं तो लोग मुझे भला बुरा कहते हैं। यह बात का प्रमाण है कि हमारी सरकार सही दिशा में आगे बढ़ रही है।

कांग्रेस का मतलब लूट ...

कांग्रेस के नेता ही कर सकते हैं। दीया बुझने से पहले लपलपाता है। मोदी ने कहा- कांग्रेस का एक ही मतलब है। लूट की दुकान। झूठ का बाजार। कांग्रेस की झूठ की राजनीति का शिकार सबसे ज्यादा राजस्थान का किसान हुआ है। पिछले चुनावों में किसानों का कर्जा माफ करने का वादा किया था। इनके नेता ने 10 दिन में कर्जा माफ करने की कसम खाई थी। 10 दिन, 10 महीने और आज 4 साल में भी कर्जा माफ हुआ क्या? यहां हर कोई एक-दूसरे की टांग खींच रहा है। अपने-अपने झूठ को मजबूत बनाने के लिए खुलेआम सौदेबाजी हो रही है। एक गुट के विधायकों को लूट की खुली छूट मिली हुई है।

24300 करोड़ के कार्यो का लोकार्पण-शिलान्यास : इससे पहले पीएम मोदी ने अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस हाईवे की देश को सौगात दी। मोदी ने इसके साथ ही 24300 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। मोदी के पहुंचने से पहले वहां बारिश शुरू हो गई थी। मोदी के साथ केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भी आए थे। इस हाईवे से अमृतसर (पंजाब) से जामनगर (गुजरात) के बीच अब 26 घंटे की बजाय 13 घंटे का समय लगेगा। इसके अलावा अमृतसर से जामनगर के बीच की दूरी भी 1430 किलोमीटर से घटकर 1316 किलोमीटर रह जाएगी।

ट्रेनों के एसी चेयर ...

मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधकों को एसी सीट वाली ट्रेन के किराये में रियायत देने की शक्तियां प्रदान करने का फैसला किया है। रेलवे बोर्ड के आदेश में कहा गया है, ''अनुभूति और विस्टाडोम बोगियों समेत एसी सीट वाली सभी ट्रेन की एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव श्रेणी में कटौती की यह योजना लागू होगी।'' रेलवे बोर्ड के आदेश में कहा गया है कि मूल किराये पर मिलने वाली रियायत अधिकतम 25 प्रतिशत तक हो सकती है। आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट सरचार्ज, जीएसटी जैसे अन्य शुल्क अलग से लिए जा सकते हैं। यात्रियों की संख्या के आधार पर किसी भी श्रेणी या सभी श्रेणियों में रियायत दी जा सकती है।

आदित्य ठाकरे का ...

में कुछ बदलाव हो सकते हैं।' शिंदे गुट और बीजेपी के बीच अनबन के दावों पर डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने खंडन किया है और अपने बयान में कहा कि 'बीजेपी अन्य पार्टियों में फूट नहीं डालती है लेकिन उन लोगों को नहीं रोकती है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास करते हैं और साथ आना चाहते हैं।' शिंदे का भी आया जबाव महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने भी एनसीपी नेता अजित पवार के सरकार में शामिल होने के बाद किसी भी तरह का विद्रोह होने के दावों को साफ तौर पर इंकार किया है। शिंदे का कहना है कि उनकी स्थिति को कोई खतरा नहीं है।

केजरीवाल ने व्यक्तिगत...

बाद अदालत के अंदर एवं भ्रष्टाचारियों के साथ सरोकार में भी उनका किरदार दिखा। उन्होंने कहा, भारतीय राजनीति के स्वयंभू 'कट्टर ईमानदार' (अरविंद केजरीवाल) आए दिन अपने नए रंग दिखा रहे हैं। शराब घोटाले से लेकर बिजली घोटाले तक, 'आप' के भ्रष्ट आचरण की सूची लंबी है। अब उनका एक नए प्रकार का किरदार दिख रहा है। जिसमें अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सरकारी तनख्वाह पर नियुक्त करना और उनसे सरकारी पद पर रहते हुए पार्टी का काम करवाना। ऐसे कई लोगों के नाम सामने आए हैं, जो तनख्वाह सरकार से पा रहे हैं, लेकिन काम अरविंद केजरीवाल के लिए कर रहे हैं। ये वो पार्टी है जिसने शपथ पत्र पर लिखा था कि हम मकान, वाहन और सुरक्षा नहीं लेंगे। आज वो सरकारी खजाने का लगातार दुरुपयोग कर रहे हैं। श्री सचदेवा ने कहा, दिल्ली के उपराज्यपाल ने लगभग 437 नियुक्तियां रद्द कीं हैं। उन्होंने कहा कि जो पहली सूची सार्वजनिक रूप से सामने आई, तो वह 116 लोगों की थी। उन 116 लोगों की जब हमने जानकारी इकट्ठा करनी शुरू की, तो आधी रात तक सबके सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट हो गए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों' का यह कृत्य कि वे सरकार से वेतन तो लेते हैं लेकिन किसी राजनीतिक दल के लिए काम करते हैं, बिल्कुल असंवैधानिक है। उन्होंने सवाल किया कि क्या इन 437 उम्मीदवारों की नियुक्ति से पहले श्री केजरीवाल ने कोई संवैधानिक मंजूरी ली थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार में किसी भी उपयुक्त प्राधिकारी की अनुमति के बिना कोई नियुक्ति नहीं हो सकती। लेकिन श्री केजरीवाल ने अपने पसंदीदा लोगों को उपकृत किया, उन्हें अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए नियुक्त किया और अपना खजाना भरने के साथ-साथ उनका खजाना भी भरा।

एशियाई खेलों में महिला ...

लेने के संबंध में नीति तैयार करेगा। शाह ने कहा कि बोर्ड ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के आगामी सीज़न में इम्पैक्ट प्लेयर नियम को जारी रखने का फैसला लिया है। शाह ने कहा, टीमों को टॉस से पहले अपनी एकादश और चार स्थानापन्न खिलाड़ी चुनने होंगे। टीमें मैच के किसी भी समय इम्पैक्ट प्लेयर का इस्तेमाल कर सकती हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के पिछले सीजन में एक टीम इम्पैक्ट प्लेयर को पारी के 14वें ओवर से पहले ही इस्तेमाल कर सकती थी। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के आगामी सीजन में एक ओवर में दो बाउंसर फेंकी जा सकेंगी। बोर्ड ने बैठक के दौरान दो चरणों में देशभर के स्टेडियमों के नवीनीकरण का निर्णय भी लिया। शाह ने कहा, पहला चरण आईसीसी पुरुष विश्व कप 2023 के आयोजन स्थलों के नवीनीकरण पर केंद्रित होगा। इससे जुड़ा काम विश्व कप से पहले पूरा जायेगा। दूसरा चरण अन्य आयोजन स्थलों के नवीनीकरण पर काम करेगा।

बंगाल पंचायत चुनाव ...

कांग्रेस-भाजपा और आईएसएफ के एक-एक कार्यकर्ता और एक निर्दलीय उम्मीदवार का पोलिंग एजेंट शामिल है। 9 जून से अब तक हिंसक घटनाओं में मरने वालों की संख्या 28 से ज्यादा हो चुकी है। हिंसा की घटनाओं को लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सुकान्त मजूमदार से भी बात की और कार्यकर्ताओं के बारे में जानकारी ली। वहीं, नंदीग्राम से भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि बंगाल जल रहा है। केंद्र को यहां राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए।

अमेरिका में भारतीय ...

लेकिन सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा था। इसके बाद खालिस्तानी समर्थकों और सिख फॉर जस्टिस ने पोस्टर भी जारी किए थे। पोस्टरों पर भारतीय हाई कमिशनर समेत अन्य विदेश मंत्रालय के अधिकारियों की फोटो लगाकर उन्हें हत्या के लिए दोषी करार दिया था। खालिस्तानी समर्थकों ने ऐसे पोस्टर 3 देशों अमेरिका, कनाडा और इंग्लैंड में जारी किए थे। यह भी लिखा था कि निज्जर की हत्या के विरोध में 8 जुलाई को कनाडा के मॉल्टन में फ्रीडम रैली निकाली जाएगी।

न्यायालय नायब तहसीलदार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/06 वर्ष 2022-23

पक्षकार रामूलाल पिता दुकलहाराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम धौराभाठा प.ह.नं. 47 रा.नि.मं. रोहांसी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक रामूलाल पिता दुकलहाराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम धौराभाठा प.ह.नं. 47 रा.नि.मं. रोहांसी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम धौराभाठा प.ह.नं. 47 स्थित भूमि ख.नं. 48/3, 233/1, 233/4, 303/1, 303/3, 303/3 का रकबा क्रमशः 0.194, 0.304, 0.132, 0.283, 0.049 का कुल ख.नं. 06 का कुल रकबा 1.093 हे. भूमि एवं अन्य ख.नं. 127/16 का टु. 2.5 डिसमिल राजस्व अभिलेख में दुकलहाराम पिता सुखराम जाति तेली के द्वारा आवेदक/ वसीयतग्रहिता रामूलाल पिता दुकलहाराम जाति तेली के नाम पर पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 14.12.2012 को आवेदक के पक्ष में निष्पादित किया है। उक्त वादभूमि में वसीयतकर्ता की मृत्यु दिनांक 21..10.2018 को हो गई है। अतः उक्त वादभूमि में वसीयतनामा के आधार पर वसीयतकर्ता का नाम विलोपित कर वसीयतग्रहिता के नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदक के द्वारा छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत आवेदन पत्र मय बी-1, खसरा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, पंजीकृत वसीयतनामा की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी दिनांक 19/07/23 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत पेशी दिनांक के पश्चात कोई दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 6/7/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा पदमुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील

नायब तहसीलदार
पलारी

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा-पत्र

रा.क्र.क्र.अ/6 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका काजी अब्दुल वाहिद पिता स्व डॉ काजी अब्दुल वाहिद निवासी ग्राम सुभाष नगर दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 642/1000/30-31 रकबा 0.011 हें भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार डॉ काजी अब्दुल वाहिद की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख मे दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा सस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12/07/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम स इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदक पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23/06/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

शपथ पत्र

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं निधि सिखवाल पिता श्री मनोज सिखवाल निवासी गोहाटी, जिला डिसपुर असम, हाल मुकाम संजय वार्ड भाटापारा, तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) पिन कोड 493118 यह शपथ करती हूं कि मैंने अपने पुराना नाम का त्याग कर नया नाम कैत्री सिखवाल पिता श्री मनोज सिखवाल रख ली हूं। अतः आज से मेरे समस्त शासकीय/ अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम कैत्री सिखवाल पिता श्री मनोज सिखवाल से ही जाना पहचाना जावे।

दिनांक- 16 जून 2023

कैत्री सिखवाल पिता श्री मनोज सिखवाल निवासी संजय वार्ड भाटापारा, तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

कार्यालय नगर पंचायत थानखम्हरिया, जिला- बेमेतरा (छ.ग.)

क्र./लो.नि.वि./न.पं. ख./2022-23/113 थानखम्हरिया, दिनांक 07/07/2023

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेंडर नं.	कार्य का नाम	लागत राशि (रु. लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की प्रारंभ तिथि एवं अंतिम तिथि
141102	वार्ड क्र. 02,05,06, 07 में पुराना बस स्टैण्ड से नदी तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य (29.02 लाख) एवं वार्ड क्र. 01 मुक्तिधाम में अहाता निर्माण कार्य (23.81 लाख) (तृतीय निविदा)	52.83	प्रारंभ तिथि 07.07.2023 अंतिम तिथि 17.07.2023
141109	भारत माता चौक निर्माण कार्य। (प्रथम निविदा)	23.26	प्रारंभ तिथि 07.07.2023 अंतिम तिथि 28.07.2023

नोट :- उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जल ही जीवन है, जल है तो कल है। समस्त बकाया करों का भुगतान समय पर करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत थानखम्हरिया
जिला- बेमेतरा (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

संयुक्त मोर्चा का धरना प्रदर्शन, रैली भी निकाली गई

- **पांच सूत्रीय मांगों के लिए किया जोरदार प्रदर्शन**
- **चारों विकासखंड में लगभग 10 हजार कर्मचारी हुए शामिल**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छग कर्मचारी-अधिकारी संयुक्त मोर्चा राजनांदगांव अपने प्रांतीय संयुक्त मोर्चा के प्रमुख कमल वर्मा, संयोजक, छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, अनिल शुक्ला संयोजक, छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी महासंघ एवं महेन्द्र सिंह राजपूत छत्तीसगढ़ मंत्रालयीन कर्मचारी संघ के आह्वान पर छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी संयुक्त मोर्चा राजनांदगांव के जिला संयोजक, डॉ. केएल टांडेकर, जिला महासचिव सतीश ब्यौहरे, छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी के नेतृत्व में राजनांदगॉव जिले में शासकीय सेवकगण अपनी डीए और गृहभाड़ा भत्ते सहित पांच सूत्रीय लंबित मांगों के समर्थन में एक दिवसीय प्रान्तव्यापी हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन के माध्यम से आंदोलनरत् हुए। तहसील-ब्लॉक-जिले के शासकीय सेवकगण अपने अपने मुख्यालय में इकट्ठा होकर धरना प्रदर्शन करते दिखाई दिए। इसी तारतम्य में विकासखंड राजनांदगांव में भी एकजुट होकर आंदोलन किए, उसके पश्चात रैली निकालकर अपने जायज मांगों के लिए हाथों में तख्ती लिए नारेबाजी करते हुए शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए जिला कार्यालय पहुंचे, जहां पर मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। खासकर महिला कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन एवं रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। डीए एवं गृह भाड़ा भत्ता सहित पांच सूत्रीय लंबित मांगों के समर्थन में शासकीय सेवकों का जन सैलाब दिखाई दिया। कलम बंद-काम बंद के नारे के साथ अपनी मांगों को लेकर यह आंदोलन 7 जुलाई की प्रातः लगभग 10 बजे से शाम 4 बजे तक धरनास्थल जिला कार्यालय के सामने फ्लाई ओव्हर के नीचे संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकगण एकत्रित होकर अपनी लंबित मांगों के लिये जोर-शोर से एकजुट होकर नारेबाजी करते एवं राज्य शासन के कर्मचारियों को केन्द्र शासन के समान देय तिथि अनुसार 42 प्रतिशत डीए एवं बकाया एरियर्स राशि सहित सांतवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता सहित पांच सूत्रीय मांग करते हुए वृहद स्तर पर हड़ताल, धरना प्रदर्शन एवं रैली निकालकर प्रदर्शन करते दिखाई दिये। आंदोलन के विषय छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक डॉ. केएलटाण्डेकर, महासचिव सतीश ब्यौहरे, छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुरेश जैन ने बताया कि पूर्व में भी कर्मचारी संगठनों द्वारा शांतिपूर्ण चरणबद्ध आंदोलन के माध्यम से राज्य शासन को समय-समय पर अपनी जायज मांगों के निराकरण हेतु अनुरोध किया जाता रहा है, किन्तु राज्य शासन द्वारा शासकीय सेवकों के हित में समाधानकारक निर्णय नहीं लेने के कारण प्रदेश के कर्मचारीगण-अधिकारीगण-पेंशनर्स प्रताड़ित हो रहे है। शासन द्वारा राज्य सेवा के कर्मचारियों के वेतन में लगातार कटौती की जा रही है, और उनके मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है जिसके कारण शासकीय सेवकों में निराशा और आक्रोश व्याप्त है और वे अपने हक की लड़ाई के लिये लामबद्ध हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के सैंकड़ो कर्मचारीगण-अधिकारीगण सामूहिक रूप से अवकाश लेकर 7 जुलाई को जिले के सभी विकासखंड-तहसील के शासकीय सेवकगण अपने-अपने ब्लॉक एवं तहसील मुख्यालय में धरना प्रदर्शन एवं रैली का आयोजन किए। विकासखंड राजनांदगांव में जिला कार्यालय के सामने, फ्लाईओवर के नीचे जीई रोड पर एक दिवसीय प्रांतव्यापी कलम बंद-काम बंद हड़ताल, धरना प्रदर्शन एवं रैली के माध्यम से शासन तक अपनी बात पहुंचाने का प्रयास किया है और इसमे काफी हद तक सफल भी रहे है, जिसके चलते आज ब्लाक, तहसील एवं जिला स्तर के शासकीय कार्यालयों एवं विभागों में दिनभर कामकाज ठप्प रहा है। जिले के कई अधिकारीगण भी कार्यालयों में अपनी सीट पर अनुपस्थित रहकर आज के इस आंदोलन एवं रैली को मौन समर्थन देते दिखे।

विधायक शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी का किया स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में आयोजित विजय संकल्प महारैली में शामिल हुए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, विधायक शिवरतन शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया।

रायपुर दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साइंस कॉलेज मैदान पर जनसभा के भाषण की शुरुआत छत्तीसगढ़ी में की। प्रदेश के देवी-देवताओं एवं महापुरुषों को याद करते हुए उन्होंने जय जोहार से लोगों का अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने सभा में आ रहे तीन कार्यकर्ताओं की सड़क हादसे में मौत पर श्रद्धांजलि दी। अपने 30 मिनट के संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ में एक ही चर्चा है कि बदलबो-बदलबो ए दारी सरकार बदलबो। यह राज्य भाजपा ने बनाया है और यहां के लोगों को भाजपा ही समझती है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर शराब घोटाले को लेकर जमकर हमला बोला।

साथ ही पीएम ने छत्तीसगढ़ को हज़ारों करोड़ रुपये की सौगात देते हुए कहा कि भारत सरकार के इन प्रोजेक्ट्स से यहां रोजगार के अनेकों नए अवसर भी बनेंगे. यहां के धान किसानों, खनिज संपदा से जुड़े उद्यमियों और टूरिज्म को भी इन प्रोजेक्ट्स से बहुत लाभ मिलेगा।

बूथ व वार्ड कार्यकर्ता ही हैं हमारी नींव : अविनाश चौबे

साजा/नवप्रदेश। कांग्रेस बूथ कमेटी व वार्ड कमेटी की आवश्यक बैठक नगर के अम्बेटकर भवन में हुआ। जिसमें मुख्य रूप से युवा प्रेरणाश्रोत अविनाश चौबे की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुवात हुई। नगर पांचयत अध्यक्ष शालिनी मनोज जायसवाल ने कृषि मंत्री रविंद्र चौबे द्वारा किये जा रहें विकास कार्यों को बताया व आम जनता के लिए अन्य विकास कार्य जो आगामी होने हैं उनकी जानकारी दी। उनके पश्चात अविनाश चौबे ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता हमारी ताकत हैं व प्रत्येक बूथ व वार्ड कमेटी का कार्यकर्ता हमारी नीव हैं। अविनाश चौबे ने सभी को सम्बोधित करते हुए आगे कहा कि साजा की देवतुल्य जनता हमें हमेशा से अपार प्रेम दिया हैं और हमारा पूरा जीवन इसका आभारी रहेगा। साथ ही आगामी चुनाव में यह प्रेम और बढ़कर मिलेगा, यह हमें पूर्ण

विश्वास हैं। उसके पश्चात सभी बूथ व वार्ड कमेटी से मुलाकात कर आगामी चुनाव की तैयारीयों की जानकारी ली और सभी को घर घर जाकर कृषि मंत्री के संदेश व छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं को पहुंचाने की बात कही। उक्त कार्यक्रम में संतोष वर्मा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, योगेश्वर सोनी नपं उपाध्यक्ष, राजेश ठाकुर, पुष्पा सिन्हा, अवधेश गोयल, नरेन्द्र यादव, बाजीगर यादव, खेमेश्वरी साहू पार्षदगण, रोहित वर्मा, शांता निर्मलकर, जितेन्द्र जैन, पूर्व उपाध्यक्ष बिजेंद्र वर्मा, जनार्दन ठाकुर, मनीष राजपूत, ईश्वरी निर्मलकर, विप्लव गौरहा, सुशील निर्मलकर, टूकेश देशमुख, भुजल किशोर मिश्रा, थानेश्वर साहू, मोंटी निर्मलकर, शरीफ खान, तुलसी साहू, प्रकाश यादव, कृपा साहू, रामाधार गोयल, योगेश बागरेचा, दिनेश वर्मा, उषा राठी, रवि सेन, पूर्व पार्षदगण, कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्तागण, युवा कांग्रेस राजीव मितान के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

गौठान से ग्रामीण लाभान्वित, पशुधन को मिल रही सुविधाएं

- **छाया, पानी, चारा जैसे स्थाई सुविधाओं के साथ वर्मी खाद का हो रहा निर्माण**

कवर्धा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत कवर्धा के ग्राम पंचायत बरबसपुर में सुराजी गांव योजना के नरवा गरवा घुरवा एवं बाड़ी अंतर्गत बनाए गए गौठान में छाया पानी चारा की सुविधा नही होने एवं वर्मी कंपोस्ट नहीं बनाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने सूचना को संज्ञान में लिया और बरबसपुर गोठान की गतिविधिया, गोबर खरीदी, मवेशियों की उपस्थिति, जैविक खाद का निर्माण सहित गोठान समिति के कार्यो की पूरी जानकारी ली। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल को जांच करने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम संदीप कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन पर जनपद पंचायत कवर्धा की टीम द्वारा गौठान पहुंच कर जाँच की गई। पशुधन के लिए छाया पानी चारा उपलब्ध कराए जाने के संबंध में जानकारी देते हुए सीईओ जनपद पंचायत ने बताया कि बरबसपुर गौठान में 2 बोर पूर्व से स्थापित है जिसमें एक बोर से कोटना में प्रतिदिन पानी भरा जाता है। पशुधन पर बताया गया कि 319 गौवंशी एवं 34 भैंसवंशी गांव में है जिसे प्रतिदिन ग्रामीण गौठान में लाकर छोड़ते हैं क्योंकि गौठान में पशुधन के लिए शासन द्वारा सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही यह भी शिकायत प्राप्त हुई थी की गौठान में पशुधन को बैठने के लिए शेड का निर्माण नहीं किया गया है। जबकि निरीक्षण के लिए पहुंचे दल ने पाया कि पशुधन को बैठने के लिए दो शेड का निर्माण किया गया है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रताड़ित करने वाली सुपरवाईजर निलंबित

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को प्रताड़ित करने वाली सुपरवाईजर श्रीमती लक्ष्मी श्रीवास जो कि एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय पलारी में पदस्थ थी। उस पर सख्त कार्रवाई करते हुए कलेक्टर चंदन कुमार ने निलंबित कर दिया है। लक्ष्मी श्रीवास के संबंध में सेक्टर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा दिनांक 19 जून 2023 को शिकायत किया गया था। शिकायत के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी पलारी द्वारा बयान एवं जांच किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए झाड़ू लगवाना, टायलेट साफ करवाना इत्यादि सही पाया गया। साथ ही नोटिस का उचित जवाब नहीं पाया गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उक्त कार्यवाही छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 14 के तहत विभागीय जांच संस्थित करने के लिए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के प्रावधान के अनुसार की गई है। निलंबन के अवधि में मुख्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय लवन रहेगा। एवं निलंबन के अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी।

कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा द्वारा शुक्रवार को छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारी अधिकारियों के 5 सूत्रीया मांगों के निराकरण के लिए मुख्य सचिव के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भाटापारा को ज्ञापन सौपा गया! इस एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में जनपद कार्यालय के समक्ष समस्त कर्मचारी अधिकारी एकत्रित हुए और अपनी मांगों को वकतव्य के माध्यम से रखे! मांगे पूर्ण नहीं होने की स्थिति में 1 अगस्त 2023 सेअनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने की घोषणा की गई! धरना प्रदर्शन में उपस्थित ब्लॉक संयोजक रमेश वर्मा ब्लॉक प्रभारी प्रकाश तिवारी ओम प्रकाश वैष्णव अजय तिवारी ईश्वर देवदास, के के यदु, एस एल पंसारी, दिलीप बिसेन, रामप्रताप साहू संतोष साहू कोदूराम देवांगन आलोक शुक्ला ओंकार साहू दुर्गा साहू बसंत सोनी प्रफुल्ल रजक तेज नाथ साहू मूलचंद कोसले जितेंद्र शर्मा सुषमा भास्कर शैल कुमार नेताम हेमलाल वर्मा लेख राम साहू पीएन हिरवानी, संत कुमार काट ले शत्रुघ्न लाल ध्रुव हेमलाल वर्मा भागवत टंडन प्रेम रतन शर्मा शैलेंद्र नामदेव शरद चंद्र देउ लकर गिरीश कुमार वर्मा देविका वर्मा अमित तिवारी द्रोण गोवर्धन साहू पूनम राम साहू श्रवण सिंगरौल नंद कुमार वर्मा रामकुमार यादव पवित्र कुमार अनूप दास मानिकपुरी लोचन नेताम लोकेश्वरी नेताम देवेंद्र कुमार वर्मा तीज रामपाल संतोष दास मानिकपुरी सुरेंद्र साहू सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में सश्रम कारावास

- **अपर सत्र न्यायालय ने अंतिम फैसला सुनाया**

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद के अपर सत्र न्यायालय ने अलग-अलग धाराओं में आरोपी के खिलाफ आरोप सिद्ध होने पर अपना अंतिम फैसला देते हुए सजा सुनाया है। आरोपी को अपहरण के मामले में 5 वर्ष और आत्महत्या करने के लिए उकसाने के मामले में 7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। मिली जानकारी के मुताबिक थाना फिंगेश्वर के अपराध में आरोपी सेवन कुमार साहू पिता गोपाल साहू निवासी ग्राम बेलर थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद को अपर सत्र न्यायाधीश तजेश्वरी देवी देवांगन द्वारा 01जुलाई को आरोपित संहिता में 5 वर्ष का सश्रम कारावास 1000/ रुपए का अर्थदंड एवं धारा 306 भादं संहिता में 7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000/ रुपए से दंडित किया गया है। अतिरिक्त लोक अभियोजन जनक राम साहू ने बताया कि पीड़िता के पिता ने 13/मार्च/2022 को थाना फिंगेश्वर में सूचना दिया था कि उनकी पुत्री 16 वर्ष 5 माह जो कि कक्षा 11वीं में पढ़ रही थी 12/मार्च/2022 को रात्रि में किसी को बिना बताए कही चली गई है। जिसे गांव में आसपास पता तलाश किए पता तलाश के दौरान ग्राम पतोरा के नेवार जंगल में सागौन के पेड़ में फांसी लगा लिया है, पीड़िता के पिता की रिपोर्ट पर पुलिस थाना फिंगेश्वर द्वारा मर्ग दर्ज कर जांच में लिया गया। जांच के दौरान पीड़िता/मृतका के पढ़ाई के दौरान आरोपी द्वारा बारङ्बार प्रेम संबंध का झांसा देकर कि तुमसे शादी करूंगा नहीं करोगी तो मैं मर जाऊंगा कहकर परेशान एवं प्रताड़ित करते रहता था। मृतिका के पिता द्वारा आरोपी को समझाइश देने के बाद भी आरोपी नहीं माना और पीड़िता/मृतिका को बहला फुसलाकर 12/03/2022 को भगाकर रायपुर ले गया वहां भी आरोपी शादी करने का दबाव बनाकर मरने की बात करने से मृतिका आरोपी के द्वारा बारङ्बार प्रताड़ित करने के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या करना पाए जाने पर आरोपी सेवन कुमार साहू के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए जाकर सम्पूर्ण विवेचना पश्चात न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। अपर सत्र न्यायाधीश तजेश्वरी देवी देवांगन के न्यायालय में प्रकरण की कार्यवाही प्रारंभ हुई, अभियोजन द्वारा कुल 17 साक्षियों का परीक्षण कराया गया। अपर सत्र न्यायाधीश तजेश्वरी देवी देवांगन द्वारा आरोपी के विरुद्ध अपराध अंतर्गत धारा 363 एवं धारा 306 भा.दं. संहिता के तहत दोषसिद्ध पाए जाने पर धारा 363 भा.दं. संहिता के अपराध में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000/ रुपए का अर्थदंड एवं धारा 306 भा.दं. संहिता के अपराध में 7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000/ रुपए के अर्थदंड से आरोपी को दंडित किया गया है। अर्थदंड की राशि की अदायगी में व्यक्तिक्रम होने पर 1-1 वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास पृथक से भुगताए जाने का निर्णय पारित किया गया है। शासन की ओर से पैरवी जनक राम साहू अतिरिक्त लोक अभियोजक ने की है।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुरुभेज की दंबगई, एफआईआर

- **कांग्रेसियों में सत्ता की गर्मी का असर**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लंबे समय के बाद मिली सत्ता की गर्मी युवा नेताओं को भी बर्दाश्त नहीं हो रही है। कांग्रेस पार्टी की छबि को इस कदर खराब करने में युवा नेता आमादा हो गए कि अब दादागिरी मारपीट पर उतर आए। सबसे बड़ी बात यह है कि युवा शक्ति की ऊर्जा सकारात्मक कामों में लगे और युवाओं की ताकत उस ऊर्जा मे तब्दील हो जिससे सकारात्मक परिणाम देखने और सुनने को मिले और संगठन का सीना गौरवान्वित हो, वही युवा वर्ग स्वच्छ राजनीति की मिशाल बन कर कांग्रेस पार्टी को और मजबूती देने की दिशा में अपना योगदान दे सके, पर इन सब के उलट संस्कारधानी में भी अब युवा नेता दबगई पर आमादा हो गए और बाकायदा मारपीट की घटना को अंजाम देने लगे है। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष के खिलाफ पुलिस को एफआईआर दर्ज करना पड़ा और मामले में अपराध दर्ज कर लिया गया है। लखोली जनता कॉलोनी में रहने वाले अमन गुप्ता, हर्ष तिवारी तथा लाला पाण्डे ने पुलिस को एफआईआर में बताया कि वो जनता कालोनी लखोली मे रहते हैं। 3 जुलाई 2023 के रात्रि 11 बजे अपने घर से खाना खाकर लखोली स्कूल ग्राऊंड में टहलने-घूमने के लिए गए थे, वहां लखोली स्कूल ग्राऊंड में पहले से अमन गुप्ता, हर्ष तिवारी तथा लाला पाण्डे बैठे हुए थे, उसी समय गुरभेज सिंग माखिजा, सन्नी माखिजा, पवन खाती, रोशन सोनकर और अन्य लोग दुपहिया एवं सफेद रंग की होण्डा सीटी कार में बैठकर हमारे पास आकर कहने लगे की रेवाडीह शराब भट्टी के पास शक्ति ढाबा में तुम लोग बहुत होशियार बन रहे थे, अब बताओ क्या करोगो, कहकर मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देकर जान से मारने की धमकी देकर गुरभेज सिंग माखिजा के द्वारा हाथ में रखे लकड़ी का डंडा से मुझे तथा अमन गुप्ता को मारने पर मुझे दाहिने हाथ के अगूठा तथा ईट पत्थर से मारने पर दाहिने पैर के एढी में चोट लगने से खून निकलने लगा। अमन गुप्ता को ईट से मारने पर उसके सिर में चोट लगने से खून निकलने लगा तथा हर्ष तिवारी द्वारा बीच-बचाव करने पर उसे भी मारपीट करने लगे, जिससे उसे भी चोट खरोच आया है। घटना को होते हुए चस्मदीद लाला पाण्डे ने देखा और सूना है।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने किया धरना प्रदर्शन

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। 07 जुलाई को प्रांतीय आह्वन पर पलारी में कर्मचारी अधिकारी ने लंबित मंहगाई भत्ता, HAR , पींगुआ कमेटी के रिपोर्ट को सर्वाजनिक करने समस्त विभाग के कर्मचरियो के वेतन विसंगति, प्रथम नियुक्ति तिथि से पेंशन आदि मांगो को लेकर पलारी शिक्षक सदन में धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार पलारी को मुख्यमन्त्री के नाम ज्ञापन सौंपा ब्लाक संयोजक देवेन्द्र साहू ने कहा कि यदि 31 जुलाई तक समस्त मांगों को सरकार पूरी नही करती तो 1 अगस्त से समस्त 146 विभाग के कर्मचारी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जायेंगे।

मूलभूत समस्याओं को लेकर खदान और प्रबंधन से चर्चा

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। लौह अयस्क खदान समूह के कर्मचारियों की कुछ मूलभूत समस्याएं जैसे टाउनशिप सिविल मेंटेनेंस संबंधी कार्य समय पर न होना, माइंस हॉस्पिटल में चिकित्सा सुविधाओं में निरंतर कमी, स्कूली शिक्षा के स्तर में गिरावट, खदान के विभिन्न विभागों में कर्मचारियों की कमी आदि समस्याओं का ठोस समाधान करने की मांग को लेकर मुख्य महाप्रबंधक आर.बी.गहरवार से संयुक्त खदान मजदूर संघ के सचिव कमलजीत सिंह मान के नेतृत्व में विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य महाप्रबंधक से चर्चा में सचिव कमलजीत सिंह मान ने कहा कि वेतन समझौता हो जाने के बाद उसके एरियर्स की राशि का अभी तक भुगतान नहीं होने के कारण कर्मचारियों में आक्रोश है, जिसका यदि त्वरित भुगतान नहीं किया गया, तो प्रबंधन के विरोध के तौर पर कभी भी उत्पादन को ठप्प किया जा सकता है, इसलिए प्रबंधन इसे गंभीरता से ले और कर्मचारियों को जल्द से जल्द एरियर्स की राशि मिले इसके लिए आप उच्च अधिकारियों से चर्चा कीजिए। आगे कहा गया कि ठेका कर्मचारियों को दी गई मेडिकल सुविधा का लाभ मिलने में जो रुकावटें आ रही है उसका समाधान कर समस्त ठेका कर्मचारियों को मेडिकल सुविधा का लाभ जल्द से जल्द मिल सके उसके लिए तत्काल प्रयास किया जावे।

समान नागरिक संहिता कानून संविधान विरूद्ध : कांग्रेस

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस सचिव आफताब आलम ने कहा कि देश की ज्वलंत समस्या महंगाई व बेरोजगारी जैसे बुनियादी मुद्दों से देशवासियों को भटकाने के लिए समान नागरिक संहिता कानून को षड्यंत्रपूर्वक लाया जा रहा है। ज्ञात हो कि भारतवर्ष में विभिन्न धर्मों एवं सम्प्रदाय से जुड़े लोग रहते हैं। इन सम्प्रदाय के नियम-कायदे और सामाजिक मान्यताएं व रीति-रिवाजों को रोक पाना संभव नहीं है। ऐसे में पिछले 9 वर्षों से लगातार अजा-अजजा व अल्पसंख्यक समुदाय को भाजपा द्वारा किसी न किसी रूप से प्रताड़ित कर उन्हें देश में दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने का कुत्सित प्रयास कर रही है। सालों के लंबे संघर्ष और त्याग के बाद दलित, आदिवासी, पिछड़ो और अल्पसंख्यक को डॉ. भीमराव

अम्बेडकर द्वारा कठिन संघर्ष और जीवनमरण के बाद संवैधानिक रूप से देश में समानता का अधिकार दिलाया तथा अपने धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को पूर्ण करने का अधिकार दिलाया। भाजपा समान नागरिक संहिता के बहाने आदिवासी प्रथागत कानूनों, कास्तकारी और संथाल परगना कास्तकारी अधिनियम, विल्किंसन नियम, पेसा कानून, 5वीं अनुसूची क्षेत्र के नियमों, आदिवासियों के विवाह और तलाक कानूनों को खत्म करने की साजिश कर रही है।

आलम ने कहा कि भाजपा पूर्ण रूप से आरक्षण विरोधी है। इसका सबसे पुख्ता उदाहरण यह है कि बेइंतहा निजीकरण बढ़ावा देना है। ज्ञात हो कि आरक्षण समाप्त करने के इरादे से सरकारी उपक्रमों का विलय निजी क्षेत्रों में कर रही है। गौरतलब है कि निजी क्षेत्रों पर आरक्षण की बाध्यता नहीं होती है। ऐसे में आरक्षण का मसला की खत्म हो जाएगा। इससे आरक्षित वर्गो की स्थिति पूर्व की तरह हो जाएगी, जहां तक धारा 370 हटाने का भाजपा श्रेय ले रही है। अभी तक उसकी सुनवाई कोर्ट में प्रारंभ नहीं हुई है तथा संसद में तीन तलाक कानून पास होने का श्रेय भाजपा लेने का प्रयास कर रही है। उल्लेखनीय है कि संसद में कानून पास होने से तीन माह पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को अवैध घोषित कर दिया था।

इंस्टाग्राम, फोन, मैसेज से परेशान करने वाला आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। सोशल मीडिया इंस्टाग्राम एवं फोन मैसेज के माध्यम से प्रार्थिया की गंदी गंदी फोटो विडियों अपलोड करने एवं धमकी देने के मामले में शहर पुलिस ने एक आरोपी को गोलकोन्डा जिला हैदराबाद तेलांगाना से गिरफ्तार कर उसके पास से एक नग ओप्पो कंपनी का टच स्क्रीन एनड्रायड मोबाईल फोन जप्त कर आरोपी को ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेज दिया है।

पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा दिए गए निर्देश,अति0 पुलिस अधीक्षक हरिश कुमार यादव एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक अरूण साहू के नेतृत्व में थाना भाटापारा शहर के अपराध क्रमांक 173 /2023 धारा 292 (2)(A), 507,509 भादवि 67(A) आई टी एक्ट भादवि के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी अरुण साहू ने बताया की प्रकरण में प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि साईद उद्दीन साकिन गोलकोन्डा हाजी गली हैदराबाद के द्वारा सोशल मीडिया इंस्टाग्राम एवं फोन मैसेज के माध्यम से प्रार्थिया की गंदी गंदी फोटो विडियों अपलोड करने एवं धमकी देने की रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

संयुक्त मोर्चा का कामबंद प्रांतव्यापी धरना प्रदर्शन

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा छत्तीसगढ़ कर्मचारी -अधिकारी संयुक्त मोर्चा अपनी पांच सत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय प्रांतव्यापी आह्वान कामबन्द ,कलमबन्द हड़ताल किया गया। जिसमें अपनी पाँच सत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन राजीव गांधी पार्क में किया तथा नगर के प्रमुख मार्ग पर विशाल जुलुस निकालकर अपनी जायज माँगपत्र कलेक्टर कार्यालय में शासन के नाम को सौपा गया ।छत्तीसगढ शासन द्वारा पांच प्रतिसत डी ए घोसित किया गया है जो कि नाकाफ़ी है शासन द्वारा एच आर(हाऊस रेंट) एवं अन्य मांगो पर किसी प्रकार की चर्चा नहीं की गई है जो कि कर्मचारियो के साथ अन्याय है इस एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में प्रदेश के

लगभग 145 संगठनो के कर्मचारी सम्मलित हुए हैं उक्त अवसर पर प्रताप चन्द्रवंशी, प्रमोद शुक्ला, रमेश चन्द्रवंशी ,भवेन्द्र शर्मा, सी डी भट्ट, सन्तोष साहू, शिवेन्द्र चन्द्रवंशी, दिलीप चन्द्रवंशी, आसकरन धुर्वे ,प्रेमनारायण शर्मा, परसराम चन्द्राकरअश्वनी पांडेय, नंदकुमार शर्मा, चन्द्रशेखर शर्मा, छत्रपालपूरी गोस्वामी, चंद्रप्रकाश जांगडे ,कमलदास मर्चुले,के साथ साथ बड़ी संख्या में कर्मचारी आधिकारी उपस्थित थे ।

कॉलोनी के लिए मिलेगी जमीन, जल्द निपटेगा भवन का भी मसला

जगदलपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से निवास कार्यालय रायपुर में बस्तर जिला पत्रकार संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मुलाकात कर बस्तर के पत्रकारों के हित में दो महत्वपूर्ण विषयों को लेकर चर्चा की। बस्तर के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने बस्तर जिला पत्रकार संघ के पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री से समय लेकर इन दो मांगों को पूर्ण करने के लिए पहल की। नयापारा स्थित पत्रकार भवन के विधिवत आबंटन पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने भूमि की दर कम करने का आश्वासन देते कैबिनेट में जल्द प्रकरण को लाने की बात कह कर अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने ग्राम गरावंडकला में आवासीय कॉलोनी के लिए आबंटित होने जा रहे भूमि का रकबा बढ़ाने की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने लगभग पौने 3 एकड़ भूमि बढ़ाये जाने की मांग पर सहमति दी।

बस्तर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुरेश रावल और सचिव धर्मेन्द्र महापात्र ने बताया कि नयापारा पत्रकार भवन का विधिवत आबंटन पत्रकारों के लिये राहत की खबर हैं। वहीं पत्रकार आवसीय कॉलोनी के लिये काफी कम जगह उपलब्ध करवाई जा रही थी जो सदस्यों की संख्या को देखते हुए काफी काम था। आवासीय कॉलोनी में पार्क, सामुदायिक भवन, पार्किंग आदि बनाया जाना है जिसके लिये भूमि का रकबा कम था। प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि पत्रकार संघ के समस्त कार्यों को वे खुद देखेगें तथा जल्द से जल्द काम पूरा हो इस दिशा में लगातार अधिकारियों से संपर्क करते रहेगें।

डिप्टी सीएम ने कहा शीघ्र आएंगे बस्तर

बस्तर जिला पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने 6 जुलाई को स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव से उनके निवास में भेंटकर उन्हें उप मुख्यमंत्री बनाए जाने पर गुलदस्ता भेंटकर नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बस्तर के पत्रकारों का शासन को हमेशा सहयोग मिलता है। पिछले प्रवास में पत्रकार भवन आकर मैंने आप लोगों से विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की थी। आने वाले दिनों में बस्तर प्रवास में आप लोगों से पुनः योजनाओं के साथ आगामी चुनाव पर भी चर्चा होगी। इस अवसर पर बस्तर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुरेश रावल, सचिव धर्मेंद्र महापात्र, कोषाध्यक्ष संतोष वर्मा, उपाध्यक्ष नवीन गुप्ता,सह सचिव रितेश पांडेय,सह सचिव अशोक नायडू, वरिष्ठ सदस्य संजीव पचौरी, केशव सल्होत्रा, श्रीनिवास रथ, बादशाह खान शामिल थे।

बस्तर में पहली बार रबर का पौधरोपण

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले में रबर के पौधे लगाकर परियोजना का शुभारंभ किया गया। बास्तानार विकासखण्ड के कोड़ेनार-2 ग्राम पंचायत में 36 एकड़ में रबर के पौधे लगाए गए। यहां पंडरु के 10 एकड़ जमीन और पंडरु व मंगड़ू के संयुक्त खाते के 26 एकड़ भूमि में रबर के पौधे लगाए गए। कलेक्टर विजय दयाराम के ने सबसे पहले यहां रबर का पौधा लगाया। इसके साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मीणा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाष सर्वे, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता आरएस नेताम, अनुविभागीय दण्डाधिकारी ऋतुराज बिसेन, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुब्रत प्रधान सहित अधिकारियों ने यहां पौधरोपण किया। इस अवसर पर हितग्राहियों ने बताया कि यहां कॉफी की खेती भी की जाएगी, जिसके लिए छांव की जरुरत होती है। कुछ दिनों पूर्व बस्तर में रबर की खेती को बढ़ावा देने के लिए परियोजना की शुरुआत की गई।

कॉफी के पौधों के विकास के लिए जरुरी छांव हेतु यहां रबर के पौधे लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही यहां आम, सिल्वर ओक और नारियल के पौधे भी लगाए जाएंगे। शासन द्वारा यहां पौध रोपण के लिए गड्ढे बनाने के साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए फेंसिंग करने के साथ ही तीन नलकूपों का खनन भी किया गया है। इसके साथ ही तीन वर्ष तक प्रतिवर्ष प्रति एकड़ पर 10 हजार रुपए भी प्रदान किए जाएंगे। बस्तर जिले में शुरु किए गए रबर परियोजना से सबसे पहले जोड़ने के लिए हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ ही बस्तर जिला प्रशासन का भी आभार व्यक्त किया।

संविदा कर्मियों को कांग्रेस सरकार ने ठगा : राहुल

■ **जन घोषणा पत्र बनाने वाले सिंहदेव तो नियमित हो गये पर संविदा कर्मियों को नियमित कब करेंगे : राहुल असरानी**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कर्मचारियों के लिये फैसला लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश की सत्ता में काबिज कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाली भूपेश सरकार ने 5त्न महंगाई भत्ता बढ़ाने एवं पेंशन की पात्रता को 33 वर्ष से घटाकर 30 वर्ष करने का निर्णय लिया है जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दंतेवाड़ा राहुल असरानी ने कहा की छत्तीसगढ़ अधिकारी व कर्मचारी अपने संघ के माध्यम से राज्य सरकार को जनघोषणा पत्र का वायदा याद दिलाने समय समय पर आंदोलन करते रहे पर इस सरकार को कुम्भकरण की निद्रा से जागने में साढ़े चार वर्ष से ज्यादा समय लग गया। श्री असरानी ने कहा की सरकार बनने के 10 दिन के अंदर जनघोषणा पत्र के वायदे पूरे करने की बात करने वाले कांग्रेस पार्टी के नेता चुनाव में जब अब कुछ ही महीने शेष रह गये है तो कर्मचारियों की नाराजगी दूर करने मात्र 5% महंगाई भत्ता में वृद्धि और पेंशन की पात्रता में 03 वर्ष की कटौती कर उन्हें झुनझुना पकड़ा कर फिर से छलना चाहते है। श्री असरानी ने कहा की कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र

अनुसार कर्मचारियों को सातवे वेतनमान के आधार पर ग्रह भाड़ा भत्ता, केंद्र के सामान देय तिथि से महंगाई भत्ता, अनियमित, संविदा व दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को नियमित करने, पुरानी पेंशन का लाभ ,पेंशन पात्रता को 33 वर्ष से 25 वर्ष करने कहा गया था पर भूपेश सरकार ने महंगाई भत्ता में अपने वायदे से मुकरते हुए घोषणापत्र की अपेक्षा 4% कटौती की एवं पेंशन पात्रता में भी 25 वर्ष के जगह 30 वर्ष ही किया एवं इन सभी मांगो को लेकर कर्मचारी सरकार से नाराज है। श्री असरानी ने कहा की कांग्रेस पार्टी के जन घोषणा पत्र बनाने की बात करने वाले एवं जन घोषणा पत्र को ही सरकार बनने का कारण बताने वाले टी एस सिंहदेव तो डिप्टी सी एम बन नियमित हो गये पर प्रदेश के अनियमित ,संविदा व दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी आज तक नियमित नहीं हो पाये न ही सरकार ने नियमितीकरण की दिशा में कोई कदम उठाया जबकि कांग्रेस पार्टी ने जनघोषणा पत्र में नियमितीकरण का वायदा किया था, संविदा कर्मी अपनी मांगो को लेकर आंदोलनरत है वे राजधानी पैदल कूच भी कर चुके साथ ही संविदा कर्मियों ने ही सरकार का कोरोनाकाल में व्यवस्था बनाये रखने में कंधे से कंधे मिलकर साथ दिया परन्तु आज कर्मचारी अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे है अब कांग्रेस पार्टी के विदायी की तिथि तय हो चुकी है जब चुनाव प्रचार में कांग्रेसी जनता के बीच जायेंगे तो माताये व बहने शराबबंदी के बारे में पूछेंगी, कर्मचारी अपनी मांगो को याद दिलवाएंगे , युवा बेरोजगारी भत्ता का क्या हुआ पूछेंगे ,बेरोजगार रोजगार की बात पूछेंगे और किसान कर्ज माफ़ी व बोनस की बात करेंगे , ऐसा कोई वर्ग बचा नहीं जिसे भूपेश सरकार ने ठगा नहीं इसलिए जनघोषणा पत्र की प्रति छत्तीसगढ़ के जन जन के दिल और दिमाग में चस्पा हो चुकी है और प्रदेश की जनता इस सरकार की वायदाखिलाफी और भ्रस्टाचार के विरुद्ध जब मतदान करेगी तो छत्तीसगढ़ से कांग्रेस पार्टी का सूपड़ा साफ़होना तय है।

गागड़ा अपने कार्यकाल में झांके : माँझी

■ **आदिवासियों और सरपंचों का अपमान करने वाले महेश गागड़ा माफी माँगे : माँझी**

बीजापुर/नवप्रदेश। विधायक प्रतिनिधि, ज़िला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष और सरपंच संघ के ज़िला अध्यक्ष जगबंधु माँझी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा और महेश गागड़ा के पास कोई भी मुद्दा नहीं है इसलिए महेश गागड़ा बिना किसी तथ्यों और बिना किसी आधार के रायपुर में रहकर बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी पर कुछ भी बेतुके आरोप लगा देते है जिससे की वे मीडिया में बने रहे महेश गागड़ा के आरोपों का सच्चाई से कोई वास्ता नहीं होता है। आदिवासियों और सरपंचों को लेकर बार बार झूठा प्रचार करने वाले महेश गागड़ा को माफ़ी माँगते हुए उन्हें अपने कार्यकाल को याद करना चाहिए कि किस तरह से जिले के सरपंचों सहित जिले के आम नागरिक फ़ाइलों को लेकर रायपुर तक घुमा करते थे और लोगों को इसके लिए आर्थिक, मानसिक और शारीरिक नुक़सान का ख़ामियाज़ा होता था इसमें आदिवासी वर्ग के लोग ही सबसे अधिक पीड़ित होते थे लेकिन काम कुछ भी नहीं होता था। महेश गागड़ा के सत्ता में रहने

के दौरान सबसे अधिक आदिवासी वर्ग ही पीड़ित था। जगबंधु माँझी ने अपने विज्ञप्ति में कहा कि महेश गागड़ा के सत्ता में रहने के दौरान ही स्कूल, अस्पताल, राशन दुकान, पीने का पानी, सड़क, बिजली जैसे मूलभूत सुविधाओं से आदिवासियों को वंचित रखा गया था और जिले में 300 से अधिक स्कूल बंद हुए थे। इसके लिए महेश गागड़ा को आदिवासियों माफ़ी माँगनी चाहिए।

माँझी ने अपने विज्ञप्ति में आगे कहा कि जब से प्रदेश में मुखम्मत्री भूपेश बघेल जी के नेतृत्व कांग्रेस की सरकार बनी है तब से आदिवासी क्षेत्रों में स्कूल, अस्पताल, राशन दुकान, पीने का पानी, सड़क, बिजली जैसे मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हुआ है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि हर ग्राम पंचायत में ग्रामीणों की माँग के अनुरूप माता गुडी और देव गुड़ियों का निर्माण हो रहा है। जिले में लगातार हो रहे विकास कार्यों से परेशान और हताश होकर महेश गागड़ा सरकार और बीजापुर के लोकप्रिय विधायक विक्रम मंडावी को बदनाम करने में लगे हुए है लेकिन महेश गागड़ा और भाजपा को असफलता ही हाथ लगेगी। आने वाले विधान सभा चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस पार्टी बीजापुर में जीत का परचम लहराएगी।

बड़े झाड़ के जंगल मद की जमीन विक्री करने पर ग्रामीणों में नाराजगी

नारायणपुर/नवप्रदेश। बड़े झाड़ के जंगल मद की भूमि का अवैध क्रय-विक्रय किए जाने की सूचना मिलने पर ग्राम तेलसी के ग्रामीणों ने रोक लगाई। उन्होंने बताया कि खसरा नंबर 10/02 में से रकबा 0.961 हेक्टयर भूमि का विक्रय विक्रय करने की शिकायत पाई गई थी। उक्त भूमि का मद अधिकार अभिलेख वर्ष 1989-90 में बड़े झाड़ का जंगल था। भूमि को विक्रेता द्वारा अवैध रूप से विक्रय किया गया था, उक्त भूमि पर वन संरक्षण अधिनियम 1980 की धारा-02 के प्रावधान लागू होते है एवं केंद्र सरकार की अनुमति के बिना भूमि आवंटित नहीं किया जा सकता। इन प्रावधानों के कारण उक्त भूमि का विक्रय एवं नामांतरण को अवैध एवं शून्य घोषित किया गया। उक्त भूमि को शासन के पक्ष में निहित करने का आदेश 30 जून 2023 को पारित किया गया है।

रीपा योजना के तहत सभी उत्पादों और सब्जी का करें विक्रय : कलेक्टर

■ **कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया सी–मार्ट के जीर्णोद्धार कार्य का अवलोकन**

जगदलपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने सी-मार्ट में जिले के किसानों से सब्ज़ी खरीदी कर और रीपा में बने सभी उत्पादों को आउटलेट के माध्यम से बिक्री करने के निर्देश दिए। कलेक्टर विजय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मीणा शुक्रवार को जिला स्तरीय सी-मार्ट के जीर्णोद्धार कार्य का अवलोकन कर रहे थे। इस अवसर पर कलेक्टर ने सी मार्ट में दूध डेयरी के उत्पाद को विक्रय हेतु रखने के साथ ही साथ सी मार्ट परिसर में खाली जगहों पर अधिक से अधिक उत्पाद का डिस्प्ले करने कहा। साथ ही शासकीय विभागों में आवश्यक उपयोग होने वाले सामानों को सी मार्ट के माध्यम से सप्लाई करने हेतु ज़ोर दिया। सी मार्ट के उत्पादों का व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए मुख्य चौक चौराहों पर होडिंग्स व घरों में पॉम्पलेट के वितरण करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रकाश सर्वे, आरईएस के अधिकारी श्री देवांगन सहित सी मार्ट से सम्बंधित अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में पालक शिक्षक बैठक आयोजित

भोपालपटनम/नवप्रदेश। विकासखंड भोपालपटनम में संचालित डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल उल्लूर भोपालपटनम में पालकों की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में शैक्षिक, सह शैक्षिक, भौतिक संसाधनों के संबंध में चर्चा की गई। स्कूल के प्राचार्य पात्रा सर के द्वारा उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तृत रूप से पालकों को बताया गया। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में डीएव्ही स्कूल में एल के जी एवं यू के जी कक्षाओं को प्रारंभ किया गया है। इस शैक्षणिक सत्र में विषय वार वेल क्वालीफाइड प्रशिक्षित शिक्षकों की भर्ती की गई है। संस्था को कलेक्टर महोदय जिला बीजापुर द्वारा 09 स्मार्ट बोर्ड प्रदाय किया गया। जिससे बच्चों को सभी कक्षाओं में स्मार्ट क्लास के माध्यम शिक्षण की व्यवस्था की गई। प्राचार्य ने बताया कि यह सांस्था छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा समस्त सुविधाएं उचित में दी जाती हैं किन्तु कक्षा 9 वीं की छात्राओं

को शासन की महत्वपूर्ण योजना सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत निःशुल्क सायकल प्रदाय नही किया जा रहा है, इस योजना का लाभ दिलाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी जिला बीजापुर को आवेदन दिया गया है। जल्द ही इस योजना का लाभ मिलेगा। शाला में लगभग 850 बच्चे अध्ययनरत हैं। शाला में सभी सुविधाएं हैं, किन्तु बॉउंड्री वॉल नही है। शाला एन एच 163 के किनारे होने के चलते बॉउंड्री वॉल नही होने के कारण बच्चों को किसी बड़े दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। शाला में शुद्ध पेयजल का भी अभाव है।

राहुल गांधी पर कोर्ट का फैसला, नाराज कांग्रेसियों ने फूंका पुतला

■ **सच बोलकर लड़ने की मिल रही सजा : कांग्रेस**

कांकेर/नवप्रदेश। राहुल गांधी के मोदी सरनेम मामले में पूर्व याचिका के संबंध में आये निर्णय के बाद कांग्रेसजनों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए इस फैसले का उच्चतम न्यायालय में विधिवत अपील की जाएगी। वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक के कोलार में भाषण देते हुए राहुल गांधी ने भगोड़े बिजनेसमैन नीरव मोदी और ललित मोदी का जिक्र करते हुए कहा- सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों है का प्रश्न पूछा था जिस पर पुर्नयाचिका के दौरान उच्च न्यायालय ने निम्न न्यायालय के फैसले को यथावत रखा है। कांग्रेसजनों ने केन्द्र में बैठी भाजपा की मोदी सरकार भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही है वह किसी से छुपी नहीं है चाहे नीरव मोदी, ललित मोदी हो या फिर सभी भ्रष्टाचारी नेताओं जो कि भाजपा में शामिल हो रहे है जिन्हें मोदी

संरक्षण दे रहे है। राहुल गांधी ने सच के लिए लड़ा जिसकी उन्हें सजा मिल रही है। राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा को देश भर में मिले जनसमर्थन से मोदी सरकार घबरा गयी है और उन्हें इस प्रकार कानूनी दाव पेच में फंसाकर रखना चाहती है लेकिन हम कांग्रेसजन मोदी सरकार के इन हरकतों का विरोध करते हुए आज पूतला दहन कर अपना विरोध केन्द्र सरकार के प्रति जता रहे है। राहुल गांधी के फैसले को लेकर सुबह से ही कांग्रेसजन सोशल मीडिया टीवी समाचार चैनल में सक्रिय रहे कांग्रेस न्याय पालिका के इस आदेश का प्रावधान के अनुसार न्यायालय में अग्रिम कार्यवाही करेगी।

मोदी सरकार के तानाशाही रवैये के खिलाफ शुक्रवार शाम को पुराना बस स्टैण्ड में कांग्रेसजन एकत्र होकर मोदी का पूतला फूंका तथा जमकर नारेबाजी की। इस दौरान प्रमुख रूप से याशीन कराणी, सुनील गोस्वामी, मनोज जैन, मतीन खान गोमती सलाम, कमला गुप्ता, राजेश भास्कर, हीनरेश बिछिया, अजय रेणु, शदाब खान, इशहाक अहमद, दया बघेल, हेमलता मरकाम, खोमेन्द्र उइके, शिवांकित श्रीवास्तव, चन्द्रलोक ठाकुर, अमन गायकवाड़, लोमेन्द्र यादव, शेष गजबीए, महेश यादव, सोमेश सोनी, बंटी सोनकर, दिलीप नाग, अमित साहू, सुरेश नाग, सुमीत राय, गणेश तिवारी अभिषेक ध्रुव, प्रतीक राजपूत शैलेन्द्र दीपक, तबरेज खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए।

हाईस्कूल कुम्हानखार में मनाया गया प्रवेशोत्सव

■ **शाला प्रवेशोत्सव में बच्चो का फूल बरसाकर किया स्वागत**

कांकेर/नवप्रदेश। शासकीय हाई स्कूल कुम्हानखार में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें शिशुपाल शोरी संसदीय सचिव एवं विधायक विधानसभा क्षेत्र कांकेर मूख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभांरभ के पश्चात प्राथमिक शाला भवन का शिलान्यास अतिरिक्त कक्ष का उद्घाटन किया गया। ग्राम पंचायत कुम्हानखार के सरपंच, पंच, संकुल लेंडारा के सभी शिक्षकों ने फूल माला गुलदस्ता से उनका स्वागत किया। इस दौरान नव प्रवेशीत बच्चों को गणवेश एवं पुस्तक वितरण किया गया। प्रयास एवं एकलव्य में चयन हुए कक्षा छठवीं एवं कक्षा 9वी के बच्चों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनका मुंह मीठा किया गया एवं बच्चों को शिक्षा से संबंधित संदेश दिए। कार्यक्रम में सरपंच ग्राम पंचायत कुम्हानखार सोहेंद्र कुंजाम, तिलक राम पटेल, राजेश शर्मा, शलील श्रीवास्तव, प्रफुल्ल शोरी संकुल समन्वयक, महावीर छाटा, गंगाराम नाग, बेलादास सागर, संकुल के समस्त शिक्षक, गणमान्य नागरिक व बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश शर्मा ने किया। आभार प्रदर्शन रोहित शोरी ग्राम पटेल ग्राम पंचायत कुम्हानखार ने किया।

पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार कृत संकल्पित : बघेल

■ **'पौधा तुंहर द्वार' योजना से वृक्षारोपण में गति आएगी : जैन**

जगदलपुर/नवप्रदेश। 'पौधा तुंहर द्वार' योजना के तहत निःशुल्क पौधा वितरण रथ को बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने हरी झंडी दिखाकर शनिवार को रवाना किया।

इस अवसर पर विधायक बस्तर एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल एवं विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन सहित जनप्रतिनिधियों एवं

अधिकारियों ने पौधा रोपण किया।

विधायक बस्तर एवं बस्तर आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जो की खुद भूमि पुत्र हैं उनके निर्देश पर वन विभाग के द्वारा निः शुल्क पौधा वितरण किया जा रहा है जिससे की प्रर्यावरण संरक्षण हो सकेगा तथा घटते वन रकबे को बढ़ाने में सहयोग मिलेगा।

विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि वन विभाग की यह योजना सराहनीय है जिससे की पौधों को मांग अनुरूप उनके घर तक पहुंचा कर दिया जा रहा है। प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर की मंशा अनुरूप प्रर्यावरण संरक्षण के लिए जो कार्य किए जा रहे हैं वह सराहनीय है अब कोई भी व्यक्ति अपने जमीर पर पौधा लगाना चाहता है तो उसे पौधा उनके घर पहुंच कर प्रदान की जा रही है।

इस अवसर पर विधायक बस्तर एवं बस्तर आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल, विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन, नगर निगम की सभापति कविता साहू, वरिष्ठ पार्षद यशवर्धन राव, राजेश राय, पार्षद सूर्या पानी, शहर जिला महामंत्री गौरनाथ नाग, केंद्रीय जेल संदर्शक दिनेश यदु, डीपी साहू डीएफओ, एसडीओ आशीष कोटरिवार, रेंजर देवेंद्र यादव, मानिकपुरी सहित गणमान्य नागरिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

चलती बाइक में नहाने का स्टंट, मिली सजा और हिदायत

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। बाइक सवार युवकों को न्यूसेंस फैलाते हुए बाइक चलाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर दोनों युवकों की पहचान कर थाना तलब कर कार्यवाही किया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। जांच पड़ताल में पता चला कि वीडियो दन्तेवाड़ा नगर के बस स्टैण्ड के पास स्थित अमित कलैक्शन के सामने का है। जहां पर दो युवा देवदास कर्मा पिता जगदीश कर्मा और अंकुश कर्मा पिता पाण्डुराम कर्मा दोनो निवासी ग्राम फरसपाल बाइक में अपनी शर्ट उतार कर साबुन लगाते हुये सड़क पर घूम कर नहाने का

स्टंट करते हुये न्यूसेंस क्रिएट कर आने जाने वाले आम नागरिकों का भी जीवन खतरे में डाल रहे थे। दंतेवाड़ा पुलिस को मामला संज्ञान में आने आर थाना फरसपाल द्वारा युवकों पर एमवी एक्ट धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया। दोनो युवकों द्वारा अपने कृत्य के लिए माफी भी मांग गया।

वरुण धवन की बवाल का टीजर जारी, 21 जुलाई को रिलीज होगी फिल्म

वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की फिल्म बवाल का टीजर बुधवार को रिलीज कर दिया गया है. इसे नितेश तिवारी ने डायरेक्ट किया है और साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है. यह वरुण और जाह्नवी की साथ में पहली फिल्म है. यह एक रोमांटिक-ड्रामा फिल्म है.

वरुण, जाह्नवी की इस फिल्म का टीजर इमोशन, ड्रामा और प्यार से भरपूर है. टीजर के बैजग्राउंड में सैड सॉन्ग भी सुनाई दे रहा है. टीजर के साथ फिल्म की रिलीज डेट की भी अनाउंसमेंट कर दी गई है. फिल्म 21 जुलाई को प्राइम पर रिलीज की जाएगी. वरुण और जाह्नवी ने अपने-अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का एक सीन शेयर करते हुए बताया था कि फिल्म का टीजर बुधवार को 12 बजे रिलीज किया जाएगा. इस सीन में जाह्नवी प्रिंटेड रेड ड्रेस और वरुण शर्ट-पैंट्स में नजर आ रहे हैं. यह एक रोमांटिक तस्वीर है. दोनों ने ही इस तस्वीर के साथ कैप्शन लिखा- तुम प्यार करने देते तो कितना प्यार करते. नितेश तिवारी और साजिद नेशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्म छिछोरे के बाद एक बार फिर इस फिल्म के लिए साथ आए हैं. पहले यह फिल्म अक्टूबर में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह फिल्म 21 जुलाई को ओटीटी पर रिलीज की जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, नितेश तिवारी ने इस फिल्म के लिए कहा- फिल्म की शूटिंग भारत के तीन लोकेशन और यूरोप के पांच देशों में की गई है. इसकी कहानी बहुत आकर्षक हैं और विजुअल्स ड्रेमेटिक हैं. फिल्म में वरुण और जाह्नवी की जबरदस्त कैमेस्ट्री देखने को मिलेगी. प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने से यह देश-विदेश के ऑडियंस तक पहुंच पाएगी. हमने इस फिल्म के लिए बहुत पैशन और कमिटमेंट से काम की है. हम ऑडियंस का रिएक्शन देखने के लिए बेकरार हैं साजिद नाडियावाला की टीम ने उनका एक बयान शेयर किया था, जिसमें लिखा था- बवाल मेरे लिए बहुत ही स्पेशल फिल्म है. नीतेश तिवारी के साथ फिर से काम कर के बहुत मजा आया. वरुण और जाह्नवी ने फिल्म में अपना बेस्ट दिया है।

सोनम बाजवा की फिल्म कैरी ऑन जट्टा 3 धूम मचा रही है

एक्ट्रेस सोनम बाजवा की फिल्म कैरी ऑन जट्टा 3 धूम मचा रही है. फिल्म ने 6 दिन में ही 24.30 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. वहीं वर्ल्डवाइड फिल्म 50 करोड़ का आकड़ा पार करके ब्लॉकबस्टर हिट हो गई है।

सोनम बाजवा पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री का पॉपुलर नाम बन गई हैं. हालांकि, उनके लिए ये सब आसान नहीं रहा है. एक्ट्रेस ने हिंदी फिल्मों के लिए भी ऑडिशन दिए थे, लेकिन इसमें उन्हें सक्सेस हाथ नहीं लगी थी. सोनम ने बताया था कि शूटिंग शुरू होने से 6 दिन पहले उन्हें एक हिंदी प्रोजेक्ट से हटा दिया गया था. जब उनसे पूछा गया कि क्या वो बॉलीवुड के लिए अभी भी ऑडिशन देती हैं और हिंदी फिल्म में काम करने की इच्छा रखती हैं। इस पर उन्होंने कहा, अगर मैं अब ऑडिशन दूं और ऑडिशन में सफल नहीं हो पाती हूं तो इससे मैं अपसेट नहीं होती हूं. लेकिन पहले छह-सात साल पहले की अपनी जर्नी को देखूं तो इससे मुझे बहुत तकलीफ होती थी. जैसे, मैं यहां फिल्म क्यों नहीं कर रही हूं. या किसी ने फिल्म की शूटिंग से छह दिन पहले मुझे क्यों निकाल दिया सोनम ने आगे कहा, मैंने एक बहुत बड़े प्रोडक्शन हाउस के साथ तीन फिल्मों की डील साइन की. इसके लिए मैंने प्रॉपर वर्कशॉप की. मैंने फिल्म के लिए कुछ स्किल्स भी सीखे. लेकिन छह दिन पहले उन्होंने कहा कि डायरेक्टर बेहद नर्वस हैं, क्योंकि ये उनकी पहली फिल्म है और आप बहुत शांत हैं. लेकिन अब जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो मुझे लगता है,वाह, भगवान ने सचमुच मुझे बचा लिया. उन्होंने कहा था, मैंने कुछ हिंदी फिल्में साइन की. लेकिन किसी न किसी कारण से बात नहीं बन पाई थी. उस वक्त मेरा दिल टूट गया था. मैंने सभी को बता दिया था. मेरे पेरेंट्स को पता था कि मैंने 3 फिल्मों की डील साइन की है। मैं डेब्यू करने जा रही हूं. लेकिन उस वक्त ये छिपा हुआ आशीर्वाद था. वहीं बता दें कि सोनम अपने स्किन कलर को लेकर भी बुली हुई हैं। उन्होंने बताया था कि मैं बचपन से ही स्किन कलर को लेकर बुली हुई हूं. मैं पंजाबी फैमिली से आती हूं और बहुत गोरी-चिट्टी नहीं हुआ करती थी। कुछ रिश्तेदार मुझे घर ही नहीं बुलाते थे।

निकिता रावल ने बिखेरा हुस्न का जलवा

एक्ट्रेस निकिता रावल एक सोशल मीडिया सेंसेशन हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। वहीं, निकिता रावल ने लेटेस्ट ग्लैमरस आउटफिट के साथ अपनी बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, जो फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। एक्ट्रेस निकिता रावल का ये अंदाज फैंस का काफी लुभा रहा है। हॉटनेस और ग्लैमरस अंदाज की मालकिन निकिता रावल फैंस पर कहर बरपाने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। एक्ट्रेस निकिता रावल ने रेड कलर की लेटेस्ट आउटफिट में कई बोल्ड पोज दिए। उनकी ये तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। लेटेस्ट हॉट लुक में एक्ट्रेस निकिता रावल अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। निकिता रावल की तस्वीरों में इतनी कामुकता है कि फैंस उनकी तस्वीरों को देखकर आहें भर रहे हैं। निकिता रावल की तस्वीरें देखकर फैंस बेताब हो रहे हैं। एक्ट्रेस निकिता रावल इस आउटफिट में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। खूबसूरत दीवा निकिता रावल हिट कॉमेडी फिल्म गरम मसाला में भी नजर आ चुकी हैं। तस्वीरों को देखकर लोग कमेंट्स कर रहे हैं। साथ ही एक्ट्रेस का ये बोल्ड अंदाज देखकर हर कोई मदहोश है। एक्ट्रेस अपनी कातिलाना अदाओं से भरपूर तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं।

फिल्म सालार का टीजर रिलीज, प्रभास के धांसू अवतार ने उड़ाए होश

'केजीएफ' फेम डायरेक्टर प्रशांत नील की अपकमिंग फिल्म 'सालार' का टीजर जारी कर दिया गया है. प्रभास स्टारर मोस्ट अवेटेड फिल्म की टीजर जारी होते ही ये छा गया है. फैंस को ट्रीट देते हुए एक्शन-थ्रिलर फिल्म का टीजर 6 जुलाई, गुरुवार को सुबह 5 बजकर 12 मिनट पर जारी किया गया है. 'सालार' का टीजर काफी धांसू लग रहा है. रिलीज होने के कुछ ही घंटे में ये वायरल हो गया है. टीजर के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है. टीजर शुरू होते ही स्क्रीन पर एक टीनू आनंद गाड़ी पर बैठा हुआ नजर आते है. बंदूकों से लैस कई लोग उन्हें टारगेट बनाते हुए नजर आते हैं. इसके बाद गाड़ी पर बैठे हुए टीनू आनंद कहते है नो कंफ्यूजन आई एम चीता, टाइगर, एलिफेंट...वेरी डेंजरस, बट नॉट इन जुरासिक पार्क, क्योंकि उस पार्क में... ये कहकर वे चुप हो जाते हैं. इसके बाद प्रभास की दमदार एंट्री होती है जो हाथ में चाकू और राइफल लिए दुश्मनों पर कहकर बनकर टूटते हैं. प्रभास का ये खूंखार रूप देखकर रौंगटे खड़े हो जाते हैं. टीजर में पृथ्वीराज सुकुमारन की झलक से ऐसा लग रहा है कि वे फिल्म में विलेन की भूमिका निभा रहे हैं. सालार के टीजर ने केजीएफ की याद ताजा कर दी हैं. ओवरऑल टीजर में मिले एक्शन की झलक ने लोगों के होश उड़ा दिए हैं. रिलीज होने के आधे घंटे के भीतर इसे ढाई लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके थे. वहीं टीजर से ये अंदाजा तो हो गया है कि 'सालार' फुल ऑन जबरदस्त एक्शन वाली फिल्म होगी. वहीं फिल्म में तेलुगु सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक, प्रभास के अलावा श्रुति हासन, पृथ्वीराज सुकुमारन, जगपति बाबू, ईश्वरी राव और श्रिया रेड्डी भी अहम रोल प्ले कर रहे हैं।

पीएम के कहने पर संन्यास से लौटे बांग्लादेशी कप्तान

बांग्लादेश के वनडे कप्तान तमीम इकबाल ने एक ही दिन में अपने संन्यास के फैसले को वापस ले लिया है। इकबाल ने रिटायरमेंट वापसी का फैसला बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के कहने पर लिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, तमीम ने शुक्रवार दोपहर को पत्नी के साथ बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात थी। उनके साथ बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजुमल हसन और टीम के पूर्व कप्तान मशरफे मुर्तजा भी थे। वर्तमान में अफगानिस्तान की टीम बांग्लादेश के दौरे पर है। टीम को तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद इकबाल की कप्तानी की आलोचना की जा रही थी। जिसके बाद तमीम इकबाल ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में वनडे इंटरनेशनल से रिटायरमेंट की घोषणा कर दी।

13वें पैन अरब गेम्स अल्जीरिया में

पैन अरब गेम्स का 13वां संस्करण शुरू होगा और 15 जुलाई तक चलेगा, जिसमें अरब लीग के सभी 22 सदस्य देश 20 अलग-अलग खेल विधाओं में भाग लेंगे। खेलों की मेजबानी अल्जीरिया के पांच शहरों अल्जीयर्स, ओरान, कॉन्स्टेंटाइन, अन्नाबा और टिपाज़ा में की जाएगी। राजधानी अल्जीयर्स एक केंद्रीय भूमिका निभाएगा क्योंकि यह 5 जुलाई को स्टेडियम में भव्य उद्घाटन और समापन समारोह की मेजबानी करेगा। पैन अरब गेम्स अरब एथलीटों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने और क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता के उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच के रूप में काम करते हैं। एथलीट एथलेटिक्स, फुटबॉल, बास्केटबॉल, तैराकी और टेनिस जैसी स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

भाग लेने वाले देशों के बीच मैत्रीपूर्ण प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के अलावा, खेलों का उद्देश्य खेलों के चार्ट में निहित मूल्यों के अनुसार सांस्कृतिक आदान-प्रदान और एकता को बढ़ावा देना भी है। अल्जीरिया में स्वतंत्रता और युवा दिवस खेलों की शुरुआत के साथ मेल खाता है, क्योंकि अधिकारियों का लक्ष्य मेहमानों के साथ इस राष्ट्रीय कार्यक्रम को मनाना है।

गांगुली ने बीसीसीआई को दी ये खास सलाह

नई दिल्ली । भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने वनडे विश्व कप के लिए बीसीसीआई और टीम मैनेजमेंट से अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल पर नजर रखने की सलाह दी है। चहल पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया का हिस्सा थे, लेकिन उन्होंने एक भी मैच खेलने को नहीं मिला था। भारतीय टीम सेमीफाइनल में इंग्लैंड से हारकर बाहर हो गई थी। गांगुली को लगता है कि भारत के पास कुलदीप यादव और रवि बिश्नोई जैसे कुछ और अच्छे रिस्ट (कलाई) स्पिनर्स हैं, लेकिन चहल वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं। गांगुली ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा- बिश्नोई और कुलदीप अच्छे स्पिनर्स हैं, लेकिन चहल किसी बड़े टूर्नामेंट में खेलने से चूक जाते हैं। वह क्रिकेट के छोटे प्रारूपों में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते रहे हैं, चाहे वह 20 ओवर का हो या 50 ओवर का। उन पर नजर रखना महत्वपूर्ण है। गांगुली ने यह भी कहा कि साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के लिए रिस्ट स्पिनर्स को खेलना मुश्किल लगता है। खासतौर जब मैच भारतीय कंडीशन में हो तो उनके लिए और मुश्किल खड़ी हो जाती है। इसी के साथ गांगुली ने कहा- जब आप ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलने उतरेंगे, तो एक रिस्ट स्पिनर इन परिस्थितियों में अंतर पैदा कर सकता है। 2011 वनडे विश्व कप में पीयूष चावला थे। उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की थी। पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष ने इस बात पर भी जोर दिया कि जब-जब स्पिनर्स ने वर्ल्ड कप में विकेट निकाल कर दिए हैं, तब-तब भारत ने टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, जब हम 2007 में टी20 विश्व कप खेलने दक्षिण अफ्रीका गए थे, तो वहां भी हमारे कलाई के स्पिनरों ने तेज गेंदबाजों के साथ मिलकर अच्छी गेंदबाजी की थी। हरभजन सिंह उस टीम में थे। मुझे लगता है कि भारतीय परिस्थितियों में एक रिस्ट स्पिनर को रखना बेहद महत्वपूर्ण होगा। भारत अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत आठ अक्तूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा। वहीं, भारत-पाकिस्तान के बीच महामुकाबला 15 अक्तूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

अब ऑनलाइन गेमिंग खेलने पर लगेंगे पैसे

नई दिल्ली। जल्द ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो, हॉर्स रेसिंग खेलना महंगा पड़ सकता है। जीएसटी कॉउंसिल जल्द इसपर 28प्रतिशत जीएसटी का ठप्पा लग सकता है। जानकारी के मुताबिक 11 जुलाई को होने वाली जीएसटी कॉउंसिल की बैठक में इसपर मुहर लग सकती है। हालांकि, गोवा इस टैक्स दर को कम करने की मांग कर रहा है और 28 प्रतिशत जीएसटी से सहमत नहीं है। त्नश्वरू तीनों गेमों पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने को मंजूरी दे चुका है। बता दें, 11 जुलाई को जीएसटी की बैठक में अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होगी। कसीनो, रेसकोर्स और ऑनलाइन गेमिंग पर टैक्स से जुड़े मुद्दों की जांच के लिए मंत्रियों के ग्रुप त्नह्ररू 28त्न जीएसटी पर सहमत हुआ है। त्नश्वरू इन तीनों गेमों पर 28त्न जीएसटी लगाना चाहता है। 11 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली परिषद ये भी डिसाइड कर सकती हैं कि ये तीनों सट्टेबाजी और जुए के दायरे में आएंगे या नहीं।

एशियन गेम्स में जाएगी मेंस-विमेंस टीम

BCCI ने शुक्रवार को हुई एपेक्स मीटिंग में दो बड़े फैसले लिए है। इसमें पहला फैसला एशियन गेम्स को लेकर लिया गया। इस साल 28 सितंबर से चीन के हांगझू शहर में होने वाले एशियन गेम्स में भारत पहली बाद मेंस और विमेंस क्रिकेट टीम भेजेगा।वहीं, दूसरी ओर डोमेस्टिक टी-20 टूर्नामेंट सय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी में IPL की तर्ज पर इम्पैक्ट प्लेयर रूल पूरी तरह लागू किया जाएगा।

2010 ग्वांगझू, चीन और 2014 इंचियोन, साउथ कोरिया में हुए एशियाड में भी मेंस और विमेंस क्रिकेट के इवेंट हुए थे। 2010 में बांग्लादेश ने मेंस और पाकिस्तान ने विमेंस कैटेगरी में गोल्ड जीता था। वहीं, 2014 में श्रीलंका की पुरुष और पाकिस्तान की महिला टीम चैम्पियन बनी थी। 2010 एशियाड में बांग्लादेश, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, श्रीलंका, चीन, हॉन्गकॉन्ग, मलेशिया, नेपाल और मालदीव की मेंस टीमें शामिल हुई थीं। जबकि पाकिस्तान, बांग्लादेश, जापान, चीन, नेपाल, थाईलैंड, हॉन्गकॉन्ग और मलेशिया की टीमों ने महिला इवेंट में हिस्सा लिया था। BCCI मेंस टीम के साथ विमेंस क्रिकेट टीम को भी एशियन गेम्स में उतारेगी। भारतीय विमेंस टीम दूसरी बार मल्टीस्पोर्ट्स इवेंट में हिस्सा लेगी। इससे पहले विमेंस टीम 2022 के बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा ले चुकी है, जो ICC या ACC का इवेंट नहीं था। एशियन गेम्स हर 4 साल में होते हैं, 2018 के दौरान इसमें क्रिकेट को शामिल नहीं किया गया। 2022 में कोरोना महामारी के कारण एशियन गेम्स पोस्टपोन किए गए, अब 2023 में गेम्स होंगे, इसमें फिर से क्रिकेट को शामिल किया गया है।

आखिरी सुपर-6 मैच में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराया

श्रीलंका ने CWC क्वालिफायर में अपना विजयी अभियान जारी रखा है। श्रीलंकाई टीम ने आखिरी सुपर-6 मुकाबले में दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराया।इस टूर्नामेंट में यह श्रीलंकाई टीम की 7वीं टीम है। टीम ने एक भी मुकाबला नहीं गंवाया है। फाइनल में दासुन शनाका की कप्तानी वाली श्रीलंकाई टीम का सामना 9 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में नीदरलैंड से होगा।इसी मैदान पर शुक्रवार को श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। कैरेबियाई टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 48.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 243 रन बनाए। 244 रन का टारगेट श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने 44.2 ओवर में दो विकेट पर हासिल कर लिया। ऑफ स्पिनर महीश तीक्षणा प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने अपने कोटे के दस ओवर की गेंदबाजी में 34 विकेट लेकर 4 विकेट हासिल किए। टॉस हारकर खेलने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 36 के टीम स्कोर पर पहला विकेट गंवाया। यहां ओपनर ब्रैंडन किंग (10 रन) को महीश तीक्षणा ने बोल्ड कर दिया। उसके बाद शरमार्ह ब्रूक्स 2 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उन्हें भी तीक्षणा ने ही आउट किया। 2 रन के स्कोर पर ही तीक्षणा ने कप्तान शाई होप को भी आउट किया। ऐसे में टीम का टॉप और मिडिल ऑर्डर दवाब में आ गया। टीम ने 81 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे।ऐसे में कीसी कार्टी ने 87 रन की पारी खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। निचले क्रम में रोमारियो शेफार्ड ने 26 और केविन सिंक्लेयर ने 25 रन का योगदान देकर टीम का स्कोर 243 रन तक पहुंचाया। श्रीलंकाई टीम की ओर से ऑफ स्पिनर महीश तीक्षणा ने 34 रन देकर चार विकेट चटकाए। दासुन हेमंता को दो सफलताएं मिली। एक-एक विकेट दिलशान मदुशंका, दासुन शनाका, मथीशा पथिराना और सहान अरच्चिगे को मिला।

साल बीज खरीद में घपला, उच्चाधिकारियों को बचाने का प्रयास

रवि राज पटनायक

जगदलपुर/नवप्रदेश। वनोपज खरीदी की आड़ में लाखों रूपयों की घपलेबाजी के मामले में दो जिम्मेदार अधिकारियों को बचाने के लिए वन विभाग में बड़ा खेल हुआ है। अकेले बनियागांव वनोपज समिति के प्रबंधक को इस मामले में कसूरवार ठहराते हुए उसे बर्खास्त कर दिया गया है, मगर जिन अधिकारियों ने इस बड़ी गड़बड़ी को अंजाम देने में अहम भूमिका निभाई है, उन पर आंच तक नहीं आने दी। जगदलपुर वन वृत्त के भानपुरी रेंज अंतर्गत बनिया गांव वनोपज समिति में वर्ष 2021 के दौरान साल बीज की खरीदी ही नहीं की गई और विभागीय दस्तावेजों में खरीदी दर्शाकर 50 लाख की अफरा तफरी कर दी गई। इस रकम की बंदरबांट पोषक अधिकारी, जिला वनोपज सहकारी यूनियन के प्रबंध संचालक तथा अन्य अधिकारियों ने कर ली। मामला उजागर हो गया तब अधिकारियों ने रिकवरी से बचने और अपनी खाल बचाने के लिए एक व्यापारी द्वारा कोल्ड स्टोरेज में 2021 में रखवाए गए साल बीज को अधिकारियों ने वर्ष 2022-23 में समिति के माध्यम से क्रय कर भंडारित किया जाना दर्शा दिया। इसी लाट से साल बीज की कुछ मात्रा को बेचकर उसके एवज में प्राप्त रकम को प्रबंधक से वसूली गई रकम बताकर राजधानी के वरिष्ठ अफसरों की नजर में खुद को पाक साफ साबित करने का खेल खेला है। इस मामले में कोल्ड स्टोरेज के प्रबंधक का भी अहम रोल है।

रिपोर्ट के लिए पत्र लिखा, पेपर नहीं दिए

जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित बस्तर के डिप्टी एमडी ने बताया कि समिति प्रबंधक द्वारा शासकी राशि के गबन के मामले में एफआईआर दर्ज करने के लिए भानपुरी के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी को आवेदन दिया गया है। और मामले से जुड़े सभी दस्तावेज पुलिस को उपलब्ध करा दिए गए हैं। वहीं एसडीओपी का कहना है कि वन विभाग की ओर से आवेदन तो प्राप्त हुआ है, लेकिन विभाग द्वारा जांच से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण प्रबंधक के खिलाफ आगे की कार्रवाई नहीं की जा सकी है।

वन संरक्षक के आदेश की अवहेलना

जगदलपुर वनवृत्त के वन संरक्षक द्वारा भानपुरी रेंज के दो पोषक अधिकारियों (डिप्टी रेंजर) के खिलाफ विभाग के एसडीओ को कार्रवाई करने की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया गया था। वन संरक्षक के आदेश पर अब तक अमल नहीं किया गया है। एसडीओ के माध्यम से कार्रवाई की फाइल डीएफओ के हस्ताक्षर से मुख्य वन संरक्षक तक भेजी जानी थी। अब तक फाइल एक इंच भी आगे नहीं बढ़ पाई है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि उच्चाधिकारी के आदेशों का कितना पालन होता है? दोनों पोषक अधिकारियों की भूमिका की जांच हुई तो कई और बड़े चेहरे किया जा रहा है।

दो अफसरों पर विभाग मेहरबान

बनियागांव वनोपज समिति के प्रबंधक के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई 4 माह पहले ही की जा चुकी है, लेकिन इस घालमेल में बराबर की भूमिका निभाने वाले दो पोषक अधिकारियों पर विभाग मेहरबान बना हुआ है। जगदलपुर वनवृत्त के अधिकारी मामले की जांच कर रहे अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश 2 माह पूर्व ही दे चुके हैं। फिर भी पोषक अधिकारियों पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। इससे जाहिर होता है कि पोषक अधिकारियों पर बड़े अफसर पूरी तरह से मेहरबान है।

कोल्ड स्टोरेज प्रबंधक की भूमिका संदिग्ध

इस मामले में कोल्ड स्टोरेज प्रबंधक की भूमिका भी संदिग्ध है, जिसने साल बीज के 2022 से भंडारित रहने की झूठी जानकारी वन विभाग को दी है। बनियागांव समिति द्वारा काजू एवं सालबीज खरीदी में अनियमितता का मामला मुख्यमंत्री तक भी पहुंच चुका है। वहीं विभाग के अधिकारी जांच व कार्रवाई के संबंध में गोलमोल जवाब देते हुए प्रबंध संचालक बस्तर जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित को बचाने में जुटे हैं। चर्चा है कि प्रबंध संचालक के इशारे पर ही सारा खेल खेला गया है और ठीकरा अकेले वनोपज समिति प्रबंधक पर फोड़ दिया गया है।

कांग्रेस का एक दिवसीय मौन सत्याग्रह 12 जुलाई को

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस द्वारा कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के साथ एकजुटता में और उनकी निडर और समझौताहीन लड़ाई के समर्थन में बुधवार 12 जुलाई को राजधानी रायपुर के ऐतिहासिक गांधी मैदान में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक गांधी प्रतिमा के सामने राज्यस्तरीय एक दिवसीय विशाल मौन-सत्याग्रह (मौन-विरोध) कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि पूरी दुनिया ने देखा है कि कैसे राहुल गांधी जी विभिन्न मंचों पर लगातार मोदी और अडानी के संबंधों पर सवाल उठाते रहे है और उन्हें उजागर करते रहे हैं। उनके साहसी प्रयास ने प्रधानमंत्री और भाजपा को कुटिल कदम उठाने के लिये मजबूर कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें दोषी ठहराया गया और लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया। इन सभी कठिनाइयों के बावजूद राहुल गांधी मोदी द्वारा सत्ता के दुरूपयोग के खिलाफ अपनी अजेय लड़ाई और सच्चाई के लिए लड़ने और देश के लोगों से संबंधित मुद्दों को उठाने में लगातार लगे हुए हैं। उन्होंने निडर होकर कहा-''मैं अपने देश की आवाज के लिए लड़ रहा हूं। मैं कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हूं।'' न केवल कांग्रेस पार्टी बल्कि पूरे देश ने इस गलत सजा और अयोग्यता की निंदा की है और इस नेक लड़ाई में राहुल के साथ खड़े होने का संकल्प लिया है। मरकाम ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में अब समय आ गया है कि हम एक साथ खड़े हों और दोहराएं कि राहुल गांधी अकेले नहीं है और लाखों कांग्रेसी और करोड़ों लोग अपनी राजनीति संबंद्धता के बावजूद सच्चाई और न्याय की इस लड़ाई में उनके साथ है। कार्यक्रम में जिला एवं ब्लॉक स्तर के स्थानीय प्रदेश पदाधिकारियों, सांसद, पूर्व सांसद प्रत्याशी, विधायक, पूर्व प्रत्याशी, पूर्व विधायकों, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी माजूद रहे।

शिकार करने जंगल गए युवक को लगी गोली, मौत

कोंडागांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में सुअर का शिकार करने जंगल गए एक युवक को दूसरे शिकारी की बंदूक की गोली लग गई। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि, युवक सुअर पर गोली चला रहा था। लेकिन, निशाना गलत होने की वजह से सामने की तरफ सुअर को मारने बैठे दूसरे युवक के सिर पर गोली लग गई। इस मामले के बाद आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से हथियार भी बरामद कर लिया गया है।

मामला जिले के केशकाल थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, एक दिन पहले गिरगोली के रहने वाले धानसाय पद्दा, विजय पद्दा, अजय पद्दा, अर्जुन पद्दा, संतु पद्दा, दशरथ मरकाम, रामदेव मरापी, रतन गावड़े और वीरेंद्र मंडावी ये सारे युवक जंगली सुअर का शिकार करने के लिए जंगल गए हुए थे। इनमें से रामदेव मरापी और रतन गावड़े ये दोनों युवक अपने पास भरमार बंदूक रखे हुए थे। अन्य युवकों के पास कुल्हाड़ी समेत अन्य औजार थे। शिकार के लिए बटराली गांव के जंगल पहुंचे। सुअर का शिकार करने के लिए इन्होंने एक घेरा बनाया था। निशाना चुका और हो गई अनहोनी...सभी एक दूसरे से करीब 30 से 35 मीटर की दूरी पर थे। इसी बीच झरना की तरफसे सुअर को आता देख रतन गावड़े ने अपने पास रखी बंदूक से सुअर पर गोली चलाई। लेकिन, उसका निशाना चुका और गोली दूसरी तरफ मौजूद रामदेव मरापी के सिर और पीठ पर लगी। जिसे मौके पर ही रामदेव मरापी की मौत हो गई। वहां मौजूद सभी लोग मृतक के शव को गांव लेकर आए। इसके बाद इस मामले की जानकारी पुलिस को दी गई पुलिस ने आरोपी रतन गावडे को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से भरमार बंदूक भी बरामद की गई। पुलिस अफसरों ने बताया कि रतन को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

5 स्कूल बसों पर 31 हजार की चालानी कार्रवाई

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा लगातार स्कूल, यात्री बसों का परमिट क्षमता से अधिक बैठने और फिटनेस संबंधी जांच लगतार किया जा रहा है। 5 जुलाई को जिला परिवहन अधिकारी मोहन लाल साहू, आरसी कुंजाम परिवहन निरीक्षक और टीम द्वारा स्कूल बसों का औचक निरीक्षण किया गया। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया की निरीक्षण के दौरान 5 स्कूल बस पर 31 हजार 300 रुपए की क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने, प्राइवेट वाहन को चलाने और नियमों का पालन नहीं करते पाए जाने पर मोटरयान अधिनियम के तहत चलानी कार्यवाही किया गया।

शिवनाथ नदी उफान पर, महमरा ऐनीकट के खोले गए 15 गेट

दुर्ग/नवप्रदेश। आसपास के क्षेत्रों में दो दिन से लगातार बारिश होने से जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। महमरा एनीकेट से 3 फीट पानी उपर चल रहा है। कई वर्षो के बाद एनीकेट के कुल 30 गेट में से 15 गेट खोल दिए गए है। शिवनाथ नदी के उफान देखने के लिए पहुंचे विधायक वोरा ने जिला प्रशासन व सिंचाई विभाग को गुरूद्वारा के पास व नदी मुक्ति धाम के पास 24 घंटे एसडीआरएफ की टीम को तट पर रहने व सिंचाई विभाग से सुरक्षा के लिए लगाए गए जाली व गैट की रिपेयरिंग के लिए कहा व निगम को प्रकाश व्यवस्था एवं शासन से एक करोड़ पचास लाख रूपये की राशि सीसी कैमरा हेतु स्वीकृत करायी गयी है।

सीसी कैमरा जल्द लगाएं व पुलिस अधीक्षक से लगातार पुलिस मानीटरिंग का निर्देश दिया। कुछ ही दिन पूर्व दो छात्रों की मौत हुई थी व आज दो नहाने आये युवकों को बचाने का कार्य स्थानीय गोताखोरों ने किया विधायक अरूण वोरा ने आम जन से अपील की है नदी तट पर जाने से बचे । दुर्ग भिलाई की 10 लाख आबादी को शुद्ध जल प्रदाय हेतु तीन साल से चल रहे पुलगांव नाला का तीन करोड़ पचास लाख रूपये नदी डायवर्शन स्थल से कार्य में विलंब को देखते हुए आयुक्त नगर निगम दुर्ग से निरीक्षण के दौरान चर्चा की शहर विधायक वोरा को बताया गया कि पंप व ट्रांसफार्मर का की काम शेष है जिसे दो माह में पूर्ण कर लिया जावेगा। वर्तमान में डायवर्शन पाइप लाईन का कार्य चल रहा है।

फर्जी पटकथा पर मनगढ़ंत आरोप लगा रहे रविशंकर : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद के द्वारा छत्तीसगढ़ मे ईडी की कार्यवाही के आधार पर राज्य सरकार पर लगाए गए आरोपों को कांग्रेस ने भाजपा का षड्यंत्र बताया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ने कहा कि ईडी केंद्र सरकार के इशारे पर दुर्भावना पूर्वक गलत कार्यवाही करती है और भाजपा नेता उसी आधार पर आरोप लगा कर कांग्रेस सरकार को बदनाम करने की कुचेष्टा करते है प्रदेश की जनता भाजपा के इस चाल को समझ रही है।

भाजपा नेता ईडी की पटकथा के आधार पर आरोप लगा रहे कि छग में बिना एक्साइज ड्यूटी पटाए शराब बिक्री करने से 2168 करोड़ का घोटाला हुआ है। यदि ईडी के आरोप सही है तो ईडी ने शराब निर्माण के विक्रय के डिस्लरों के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं की। ईडी की कार्यवाही कही सुनी बातों के आधार पर बिना तथ्य के है।

बिना परमिशन हड़ताल पर गए कर्मचारियों की कटेगी सैलरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों के सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल करने पर राज्य सरकार ने सख्ती दिखाई है। इस तरह से हड़ताल करना कर्मचारियों को भरी पड़ सकता है। इससे दफ्तरों में सन्नाटा फैल जाता है। कई काम ठप पड़ जाते हैं। इसे देखते हुए सामान्य प्रशासन विभाग की अपर सचिव अंशिका ऋषि पाण्डेय ने सभी विभागाध्यक्षों, संभाग आयुक्तों, कलेक्टर्स को पत्र लिखकर कार्रवाई करने की निर्देश जारी किया है। इतना ही नहीं सैलरी से कटौती करने का भी आदेश जारी किया है।

बता दें कि पूरे प्रदेश के सरकारी कर्मचारी सामूहिक छुट्टी लेकर बीते दिन शुक्रवार को अपनी कई मांगों पर एक दिवसीय हड़ताल कर रहे थे। इससे प्रदेश के सभी सरकारी दफ्तरों में सन्नाटा फैला रहा। इतना ही नहीं छत्तीसगढ़ में ये पहली बार हुआ है कि 145 संगठन एक साथ मिलकर अपनी मांगों के लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदेश के सभी शासकीय कर्मचारी की लंबे समय से मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि महंगाई भत्ता और सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता केंद्र के बराबर दिया जाए। पांच प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाया गया जिसमें केंद्र सरकार की तुलना करने पर राज्य सरकार अभी भी 4 प्रतिशत पीछे हैं। सरकारी कर्मचारियों ने 1 अगस्त से बेमियादी हड़ताल की चेतावनी दी है।

शासकीय कर्मचारियों की 5 सूत्रीय मांग

1. कांग्रेस के जन घोषणा पत्र के अनुसार, कर्मचारियों का वेतन वृद्धि 8, 16, 24 और 30 साल क 4. ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ दिलाने के लिए पहली नियुक्ति तिथि से कुल सेवा को जोड़ा जाए। 5. छठा वेतनमान के आधार पर मिलने वाले गृह भत्ते को सातवें वेतनमान के आधार पर केंद्रीय दर पर दिया जाए।

दल से बिछड़े हाथी ने युवक को कुचला

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में हाथियों के उत्पात मचाने की खबरें आए दिन सामने आती रहती है। राज्य के कई इलाकों में हाथियों ने आतंक मचा रखा है। ताजा मामला कांकेर के पखांजूर इलाके से सामने आया है। यहां जंगल में जंगली हाथी ने एक युवक को कुचलकर मार डाला है।

बतादे कि पखांजूर इलाके में पिछले दो दिनों से जंगली हाथी अपने झुंड से भटक गया। अब यह हाथी कई गांव में उत्पात मचा रहा है। दरअसल, कांकेर के परलकोट इलाके में बीते तीन दिनों से दंतैल हाथी अपने झुंड से बिछड़ गया। अब यह दंतैल हाथी आसपास के रिहायशी इलाकों में घूम-घूमकर उत्पात मचा रहा है। इतना ही नहीं यह हाथी किसानों के फसलों को भी बर्बाद कर रहा है। इस दौरान इस हाथी ने कई ग्रामीणों के घरों को भी तोड़ दिया। हाथी के आतंक से इलाके के ग्रामीण दहशत में हैं। इसी दौरान परलकोट इलाके के पीवी 22 नंबर गांव का रहने वाला एक 22 वर्षीय युवक इस दंतैल हाथी के आतंक का शिकार हो गया। हाथी ने युवक को कुचलकर मारा डाला। स्वजनों को युवक की मौत का पता उस वक्त चला जब काफी देर बाद घर नहीं पहुंचा। स्वजन जब युवक को ढूंढने परलकोट के जंगली इलाके में गए तो वहां युवक की लाश देख होश उड़ गए। युवक की लाश क्षत-विक्षत स्थिति में थी।